खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 38°C
न्यूनतम : 22°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 25 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 127 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 | 7 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार को गिराने की साजिश रच रहे राहुल: पात्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अरा. जकता के जरिए मोदी सरकार को गिराने की साजशि रचने का आरोप लगाया है। दरअसल गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ता आर्थिक असंतोष होगा। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। श्री पात्रा ने गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि गांधी ने कांग्रेस पार्टी की अल्पसंख्यक सलाहकार बैठक में कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। यह बयान साफ तौर पर दर्शाता है कि गांधी अराजकता के जरिए सरकार को गिराने की साजशि रच रहे हैं, लेकिन देश की जनता उनकी इस साजशि को कभी कामयाब नहीं होने देगी।

### पर्यटकों को जमकर पीटा, एक की मौत

**वाराणसी।** धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी काशी में घूमने आए एक पर्यटक की प्राइवेट सिक्योरिटी गार्डों की पिटाई से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। सोनभद्र से आए पांच युवक रविवार सुबह नमो घाट घूमने पहुंचे थे। गेट नंबर दो के पास प्राइवेट सिक्योरिटी गार्डों और बाउंसरों ने उन्हें रोक लिया। किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते-देखते मारपीट में बदल गया। गार्डों और बाउंसरों की पिटाई से तीन युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां राजेंद्र उर्फ चिटू को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली विजय कुमार सिंह ने बताया कि नमो घाट पर सुबह पांच युवक घूमने आए थे।

### भीषण गर्मी के बीच कटौती को लेकर सीएम का रुख सख्त

# बिजली आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कहा: ट्रांसफार्मर खराब होने, फीडर बाधित होने या शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी**

**■ मुख्यमंत्री ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना रुकावट बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के आला अफसरों को जारी किए निर्देश**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में ऊर्जा विभाग, पावर कॉरपोरेशन एवं सभी बिजली वितरण कंपनियों के अधिकारियों के साथ प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना रुकावट बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए सभी उत्पादन इकाइयां पूरी क्षमता से चलाई जाएं और इनके कामों की लगातार निगरानी हो। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के पारेषण तंत्र को और अधिक मजबूत, आधुनिक और भरोसेमंद बनाने पर जोर दिया। उन्होंने फीडर स्तर पर निगरानी और जवाबदेही तय करने को कहा। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने, फीडर बाधित होने या शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को बिजली आपूर्ति से जुड़ी सही और समयबद्ध जानक. ारी उपलब्ध कराई जाए। संवाद और पारदर्शिता से उपभोक्ताओं का विश्वास मजबूत होगा और शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने उपभोक्ता सेवाओं को अधिक पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने पर बल दिया। उन्होंने ऊर्जा मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत निस्तारण व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिल सके। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 13,388 मेगावाट हो गई है।

### मांग को देखते हुए दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति पर विशेष बल दिया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने भविष्य की मांग को देखते हुए दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति पर विशेष बल दिया। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2015 से 2026 के बीच प्रदेश ने कुल 32,305 मेगावाट की विद्युत क्षमता के लिए टाई-अप किए हैं, जिनमें पिछले तीन वर्षों में लगभग 62 प्रतिशत क्षमता जोड़ी गई है। वर्ष 2029 तक मांग को पूरा करने के लिए 10,719 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसमें विंड, बैटरी एनर्जी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो और हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने उपभोक्ता सेवाओं को और अधिक तकनीक आधारित तथा पारदर्शी बनाने पर जोर दिया।

# यूपी में पांचवीं बार बसपा सरकार बनाने का लक्ष्य

### धुरंधर विरोधियों की हर चाल का मुकाबला 2007 की तरह ही डटकर करना है: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ यूपी विधानसभा व आमचुनाव की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की कार्यकर्ताओं को हिदायत**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने रविवार को लखनऊ में बसपा उत्तर प्रदेश इकाई की बड़ी बैठक में पार्टी संगठन की समीक्षा की। लखनऊ में 12 माल एवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई इस विशेष बैठक में पोलिग बूथ स्तर तक संगठन की जमीनी मजबूती, विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों और जनाधार बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई।

मायावती ने पिछली बैठक के निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट पर संतोष जताया। साथ ही कहा कि देश में चुनाव जिस तरह नई-नई चुनौतियों के बीच हो रहे हैं, उसे देखते हुए पार्टी की तैयारियों को हर स्तर पर और अधिक चुस्त-दुरुस्त व मुस्तैद बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पक्ष में बढ़ते जन रुझान के चलते यूपी में पांचवीं बार सर्वजन हितैषी सरकार बनाने का मिशन. री लक्ष्य सुनिश्चित करना है। बैठक में विधानसभा, जिला एवं स्टेट कमेटी के पदाधिकारियों और पोलिग बूथ स्तर के प्रमुख प्रभारियों ने भाग लिया। मायावती ने यूपी विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि धुरंधर विरो. धियों की हर चाल का मुकाबला सन 2007 की तरह ही पूरी तरह से डट कर करना है। प्रत्याशियों के चयन में बरती जा रही सावधानी को उन्होंने देश और जनहित में उचित बताया। मायावती ने कहा कि कुल मिलाकर 'हाथी पर बटन दबाना है, सत्ता में वापस आना है' के मिशन को पूरा करना है। 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की बीएसपी सरकार एक बार फिर सुनिश्चित करने के लिए पूरे जी-जान से वोट की सुरक्षा करनी है।

अपनी इज्जत-आबरू, जान-माल की तरह वोट की हिफाजत करनी है। मायावती ने देश के वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक हालात को दुखद व कड़वा बताया। उन्होंने कहा कि बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठ-समर्थक नीति के चलते सबका अहित हो रहा है। सभी सरकारें कल्याणकारी होने का संवैधानिक दायित्व निभाएं, तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि सरकारें खासकर रोजी-रोटी, शांति-सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था जैसे जनहित की जिम्मेदारी पर ध्यान केंद्रित करें। यूपी के लोगों को पूरी तरह से आजमाई हुई पार्टी बीएसपी व उसके नेतृत्व पर फिर से भरोसा करना होगा।

# उत्तर प्रदेश भाजपा में बड़े फेरबदल की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ महत्वपूर्ण बैठकों का दौर चलने की संभावना, टीम पंकज में शामिल हो सकते हैं कई नए चेहरे**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भाजपा में संगठनात्मक बदलाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी इस समय दिल्ली में हैं, जहां संगठन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बैठकों का दौर चलने की संभावना है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि नई टीम में कई नए चेहरों के साथ ही कुछ वरिष्ठ नेताओं के पुत्रों को भी जगह दी जा सकती है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली पहुंचे पंकज चौधरी भाजपा महासचिव विनोद तावड़े के साथ संगठन विस्तार और नई टीम के गठन पर विस्तार से चर्चा करेंगे। इसके साथ ही संघ मुख्यालय में भी उनकी कुछ अहम मुलाकातें प्रस्तावित हैं। नए पदाधिकारियों के नामों पर संघ की राय भी ली जाएगी। इन बैठकों को प्रदेश भाजपा के नए स्वरूप से जोड़ा जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि 'टीम पंकज' में कई मौजूदा पदाधिका. रियों की छुट्टी हो सकती है। बदलाव के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र पंकज सिंह की जगह उनके बड़े पुत्र नीरज सिंह को संगठन में अहम जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। संगठन में लंबे समय से सक्रिय संजय राय को भी हटाया जा सकता है। वहीं, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बेटे अभिनव सिन्हा को संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। दरअसल, भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले बूथ से प्रदेश स्तर तक संगठन को और मजबूत करने में जुटी है।

# यूपी में विद्युत संकट से मचा हाहाकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



**■ सभी 75 जिलों में बिजली कटौती से विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है: श्रीनेत**

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में विद्युत कटौती से हाहाकार मचा हुआ है और जनता घोर संकट का सामना कर रही है। कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग की चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत ने एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में बिजली कटौती से विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है। जनता तकलीफें झेलने को मजबूर है।

उन्होंने कहा कि देश के 50 सबसे गर्म शहरों में से 26 शहर उत्तर प्रदेश के हैं, लेकिन भीषण गर्मी के बीच लोगों को 24 घंटे में केवल सात-आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरठ से लेकर बलिया तक लोग बिजली संकट से परेशान हैं और कई जगहों पर लोग रात में घरों से निकलकर सड़कों पर सोने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ तक में घंटों बिजली गुल रहने से अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

एक्स-रे और स्कैन जैसी सुविधाएं ठप पड़ गई हैं। कानपुर देहात के मेडिकल कॉलेज के छात्रों को देर रात तक बिजली नहीं मिलने के कारण धरने पर बैठना पड़ा। कांग्रेस नेता ने कहा कि बिजली संकट का असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है, क्योंकि मोबाइल फोन तक चार्ज नहीं हो पा रहे हैं और ऑनलाइन पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और किसान सभी इस समस्या से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब लोग बिजली की मांग को लेकर सड़क पर उतर रहे हैं, तो प्रशासन उनकी समस्याएं सुनने के बजाय पुलिस कार्रवाई कर रहा है।

उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों द्वारा प्रदर्शन कर रहे लोगों को मुकदमे की धमकी दी जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि रामराज्य लाने की बात बाद में कीजिए, पहले लोगों को इस भीषण गर्मी और बिजली संकट से राहत दिलाइए। कांग्रेस ने राज्य सरकार से बिजली व्यवस्था तुरंत सुधारने और '24 घंटे बिजली' के दावों के लिए जिम्मेदार मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75183.36
निफ्टी 23654.70

सोना 159900 प्रति 10 ग्राम
चांदी 271974 प्रति किलो

# वैश्विक कारकों पर निर्भर करेगी बाजार की चाल

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों और उद्योग के आंकड़ों पर रहेगी। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता को लेकर हर दिन अलग-अलग बयान आ रहे हैं। इससे बाजारों में भी उठा.पटक जारी है।

एक दिन शेयर बाजार चढ़ता है, अगले दिन फिसल जाता है और फिर अगले दिन चढ़ जाता है। घरेलू स्तर पर अप्रैल माह के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी सप्ताह के दौरान जारी होने हैं। इससे भी निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है। दिग्गज कंपनियों में ओएनजीसी और इंडिगो के 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी होने हैं। पिछले सप्ताह बीएसई के संसेक्स में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को तेजी रही जबकि मंगलवार और गुरुवार गिरावट रही। संसेक्स 177.36 अंक (0.24 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में बंद हुआ। सप्ताह के दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 75.80 अंक यानी 0.32 प्रतिशत ऊपर 23,719.30 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.19 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 0.41 प्रतिशत चढ़ा। आलोच्य सप्ताह में सेंसेक्स की 30 में स 15 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 15 के लाल निशान में रहे। इंफोसिस में सबसे अधिक 5.01 प्रतिशत की तेजी देखी गई। ट्रेंट का शेयर 4.74 फीसदी, टेक महिंद्रा का 3.76, एक्सिस बैंक का 3. 25, इंडिगो का 2.93, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2. 74, टीसीएस का 2.36 और बजाज फिनसर्व का 2. 20 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.62 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.37 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 1.28 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी और इटरनल के शेयर भी ऊपर रहे। पावर ग्रिड का शेयर 3. 76 प्रतिशत, टाटा स्टील का 3.51, हिंदुस्तान यूनीलि. वर का 3.04, आईटीसी का 2.50 और टाइटन का 2. 10 प्रतिशत गिर गया।

### रिजर्व बैंक ने खरीदा 180 किलोग्राम सोना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 180 किलोग्राम सोना खरीदा, जिसका बाजार में वर्तमान मूल्य लगभग 261 करोड़ रुपये है। केंद्रीय बैंक के मई 2026 के बुलेटिन में बताया गया है कि उसके पास 24 अप्रैल को 880. 52 टन सोना था, जो एक महीने पहले जारी रिपोर्ट के 880.34 टन से 180 किग्रा अधिक है। यह बढ़ोतरी तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में दर्ज की गई थी। देश में इस समय सोना 1.45 लाख रुपये प्रति दस ग्राम या 1.45 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम के करीब है। इस प्रकार रिजर्व बैंक द्वारा खरीदे गए 180 किलोग्राम सोने की कीमत तकरीबन 261 करोड़ रुपये होती है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति के बाद स्वर्ण भंडार दूसरा सबसे बड़ा घटक है।

# चावल, गेहूं, चीनी, तेल साप्ताहिक बढ़त में

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं, चीनी, खाद्य तेलों और ज्यादातर दालों में भी तेजी रही। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 20 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,849 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 22 रुपये महंगा हुआ और 2,795 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव भी 15 रुपये बढ़कर 3,272 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 43 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल 39 रुपये और चना दाल 26 रुपये महंगी हो गई। मूंग दाल 10 रुपये मजबूत हुई।

वहीं मसूर दाल पांच रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 190 रुपये और पाम ऑयल 161 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 107 रुपये और वनस्पति की 105 रुपये बढ़ी। सोया तेल 87 रुपये और सूरजमुखी तेल 26 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक बढ़त में रहा। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 15 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। चीनी भी 19 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7694. 25 रुपये, मसूर काली 8075.43 रुपये, मूंग दाल 10196.18 रुपये, उड़द दाल 10883.52 रुपये, तुअर दाल 11243.28 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2794.74 रुपये और चावल 3849.45 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3272.18 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4346.12 रुपये और गुड़ 5083.38 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# राहुल का बयान देश को अस्थिर करने वाली मानसिकता: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी सरकार को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को देश को अस्थिर करने के खतरनाक मंसूबों वाली मानसिकता का सरेआम प्रदर्शन करार दिया है।

गौरतलब है कि गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहक. ार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ती आर्थिक असंतोष होगी। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए त्रिवेदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि श्री गांधी का बयान महज राजनीतिक हताशा की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह भारत को अस्थिर करने के खतरनाक मंसूबों वाली मानसिकता का सरेआम प्रदर्शन है। जब भी देश ने वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत की है, भारत की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंची है और दुनिया ने भारत के नेतृत्व को सराहा है, तब-तब भारत-विरोधी अंतर्राष्ट्रीय ताकतों ने देश को बदनाम करने के अभियान चलाए हैं और कांग्रेस ने हमेशा उन्हें समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक चुनावों में गांधी की लगातार हार की वजह हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान नाममात्र की रैलियां करना, उसी समय आराम से विदेश यात्राओं पर निकल जाना और बिना किसी मेहनत के चुनाव जीतने के सपने देखना है। भाजपा नेता ने कहा कि अब, कांग्रेस 'अराजकता की राजनीति' पर उतर आई है। विदेशी धरती से भारत की संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करना, राष्ट्र-विरा. धी बातों को हवा देना और भारत में अस्थिरता की भविष्यवाणी करना ये महज संयोग नहीं हैं, बल्कि एक सोची-समझी 'टूलकिट पॉलिटिक्स' का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि देश के 1.4 अरब लोग प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एकजुट होकर खड़े हैं। भारत की राष्ट्रवादी जनता कांग्रेस और 'टूलकिट गैंग' की हर साजशि का लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देती रहेगी और 'इंडिया गठबंधन' की भारत को आग में झोंकने की किसी भी साजशि को कभी कामयाब नहीं होने देगी।

# ईरान के पास कोई भी परमाणु हथियार नहीं: डा. इलाही

वाराणसी, वार्ता

**■ सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई के प्रतिनिधि बोले: भारत के लोग न्याय और इंसाफ का सम्मान करने वाले**

ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई के प्रतिनिधि डा. अब्दुल मजीद हकीम इलाही शनिवार रात दरगाहे फातमान में खामेनेई की याद में आयोजित ताजियती जलसा व मजलिसे तहरीम (शोक सभा) में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डा. इलाही ने कहा कि भारत के लोग न्याय और इंसाफ का सम्मान करने वाले हैं। वे हर मुश्किल घड़ी में सच के साथ खड़े रहते हैं।

भारत और ईरान का रिश्ता बहुत पुराना है। बनारस की मिसाल किसी नगीने से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि तीस वर्ष पहले ही हम साफ कर चुके थे कि हमारे पास कोई न्यूक्लियर हथियार नहीं है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि हमें यह हथियार नहीं चाहिए। ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई ने फतवा भी दिया था, जिसमें उन्होंने न्यूक्लियर हथियार रखना हराम बताया है। हमारे पास कोई न्यूक्लियर बम नहीं है और भविष्य में इसे रखने का कोई विचार भी नहीं है। जब हमारे सर्वोच्च नेता ने फतवा दे दिया है, तो न्यूक्लियर हथियार बनाने का सवाल ही नहीं उठता।ष्डा. इलाही काशी के इमानिया अरबी कॉलेज और दरगाह फातमान में आयोजित ताजियती जलसे में पहुंचे थे। उन्होंने ईरान का समर्थन देने के लिए भारतीयों को धन्यवाद दिया। आगे उन्होंने कहा कि ईरान की स्थिति अब पहले से बेहतर हो रही है। ईरान के लोग हालात से लड़ते हुए भी खुश हैं। उन्होंने जिस जज्बे और हिम्मत का प्रदर्शन किया है, उसे पूरी दुनिया ने देखा है। ईरान के लोग आश्वस्त हैं कि शांति एक दिन जरूर स्थापित होगी, क्योंकि हर नागरिक अपने देश के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। डा. इलाही ने हॉर्मुज स्ट्रेट को लेकर कहा कि 28 फरवरी 2026 के पहले तक हॉर्मुज स्ट्रेट हजारों वर्षों से खुला था। दुनिया के सभी देश इसका लाभ उठा रहे थे और किसी देश की कोई शिकायत नहीं थी। 28 फरवरी के बाद जो तनाव पैदा हुआ, उसके बारे में सभी को पता करना चाहिए कि यह संकट किसने और क्यों पैदा किया। ईरान ने कोई परेशानी नहीं पैदा की। ईरान सभी की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज मध्य पूर्व के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण जलडमरू है। उन्होंने कहा कि ईरान के लोग आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करते हुए मानसिक रूप से पहले से तैयार हैं और आने वाले दस वर्षों के लिए अपनी मानसिक स्थिति को और मजबूत कर चुके हैं। काशी के बारे में डा. इलाही ने कहा कि काशी सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता, एकता और दर्शन का केंद्र है। हमारे यहां से भी बच्चे काशी हिदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में पढ़ने आते रहे हैं। भारत और ईरान का संबंध कोई नया नहीं, बल्कि हजारों वर्ष पुराना है।ष उन्होंने आगे कहा कि ईरान के लोग बहुत जल्द शांतिपूर्ण स्थिति की उम्मीद कर रहे हैं। वे अपनी स्वतंत्रता, अपनी भूमि और अपने देश के लिए खुद को बलिदान करने के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं।

### 20 करोड़ से अधिक का हाइड्रोपोनिक गांजा पकड़ा गया, दो तस्कर गिरफ्तार

**वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को राजस्व खुफिया निद. ेशालय (डीआरआई) और कस्टम विभाग की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके पास से करीब 20 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के उज्जैन निवासी शहनाज और यूसुफ के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स -215 से बैंकॉक से शाम करीब 5 बजे वाराणसी पहुंचे इन दोनों यात्रियों के सामान की जांच के दौरान संदिग्ध गति. विधियां दिखाई दीं। यात्रियों के चेहरे पर बेचैनी देखी गई।

CMYK

अधिकतम :38°C
न्यूनतम : 22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 25 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 127 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 7 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिजली आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: योगी पेज 2



एमआई को हरा शान से प्ले ऑफ में पहुंची आरआर खेल टाइम्स



मीडिया: हमको आईना दिखाना है, दिखा देते हैं सम्पादकीय



ईरान का अमेरिका को यूरेनियम सौंपने से इन्कार पेज 12

# विदेश मंत्री जयशंकर की डोनाल्ड ट्रम्प को दो टूक

## कहा: अमेरिका अपने हितों से प्रेरित, तो भारत भी अपने राष्ट्रीय हितों से बंधा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को बेहद मजबूत तथा राष्ट्रीय हितों से प्रेरित बताते हुए कहा है कि दोनों देश आतंकवाद जैसी समान चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के इजरायल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भी अच्छे और मजबूत संबंध हैं तथा इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में वह संतुलन बनाते हुए सभी के साथ संबंधों को महत्व देता है। श्री जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि ऊर्जा आपूर्ति के मामले में भारत सस्ते और भरोसेमंद ऊर्जा स्रोतों को प्राथमिकता देता है। भारत यात्रा पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ रविवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच राजनीतिक समझ के संदर्भ में एक रणनीतिक साझेदारी है, जो कई क्षेत्रों में राष्ट्रीय हितों की समानता पर आधारित है। लेकिन ट्रम्प प्रशासन ने अपनी विदेश नीति के दृष्टिकोण को 'अमेरिका फर्स्ट' के रूप में बहुत स्पष्टता से सामने रखा है। वहीं जहां तक भारत का संबंध है, हमारा दृष्टिकोण 'इंडिया फर्स्ट' का है। इसलिए हम दोनों स्पष्ट रूप से अपने-अपने राष्ट्रीय हितों से प्रेरित हैं।



- दोनों देश आतंकवाद जैसी समान चुनौतियों का सामना कर रहे : एस. जयशंकर
- भारत के इजरायल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भी अच्छे और मजबूत संबंध

### अमेरिका से 47 हजार अरब से अधिक का सामान खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भारत यात्रा को दुनिया की राजनीति में एक बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है। दक्षिण एशिया मामलों के जानकार माइकल कुगेलमैन ने इस दौरे को बेहद खास बताया है। उन्होंने कहा कि रुबियो का क्वाड बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आना यह साफ दिखाता है कि ट्रम्प सरकार इस संगठन को लेकर गंभीर है और इसे आगे बढ़ाना चाहती है। कुगेलमैन ने बातचीत में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्तों के लिए यह एक बड़ा मौका है। बहुत दिनों के बाद मार्को रुबियो जैसा कोई बड़ा अमेरिकी अधिकारी भारत आया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस दौरे के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प खुद इस साल के अंत में होने वाली बड़ी बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आ सकते हैं। कुगेलमैन के मुताबिक, मार्को रुबियो ने भारत को इस पूरे समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा और अमेरिका के साथ दोस्ती का सबसे मजबूत स्तंभ बताया है। अब देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में अमेरिकी सरकार भारत को और ज्यादा मजबूत करने के लिए क्या नए कदम उठाती है। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अपनी टीम की तारीफ की।

### भारत के नए 'टॉप गन' तैयार, 48 हफ्ते का प्रशिक्षण पूरा

**बेंगलुरु।** रक्षा विमानन जगत की किसी रोमांचक कहानी जैसे माहौल के बीच भारत ने चुपचाप अपने अगली पीढ़ी के विशिष्ट परीक्षण पायलटों और फ्लाइट टेस्ट इंजीनियरों को तैयार कर लिया है। यही वे अधिकारी हैं जो भविष्य के लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और एयरोस्पेस प्रणालियों के वास्तविक प्रदर्शन का आकलन करेंगे। बेंगलुरु स्थित एयर फोर्स टेस्ट पायलट स्कूल में भारतीय वायुसेना, थल सेना और नौसेना के 17 अधिकारियों ने 48 सप्ताह का अत्यंत कठिन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध संबंधों के शक में युवक ने की पिता और पत्नी की हत्या

**बुलन्दशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जनपद में अवैध संबंधों के शक में एक युवक द्वारा अपने पिता और पत्नी को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारे पुत्र को हिरासत में ले लेकर दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार अपराह्न साढ़े बारह बजे खुर्जा नगर क्षेत्र के गांव कलंदरगढ़ी निवासी मुबीन नामक व्यक्ति ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से अपनी पत्नी सना और पिता रियाजुद्दीन को गोली मार दी। पिता रियाजुद्दीन की दो गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी सना को पुलिस ने खुर्जा स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

### चिलचिलाती धूप में पीआरडी जवान की मौत

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में आसमान से बरसती आग और भीषण हीटवेव ने अब जान लेना शुरू कर दिया है। मुरादाबाद में रविवार को चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों के बीच ड्यूटी पर तैनात एक प्रांतीय रक्षा दल (पीआरडी) जवान की मौत हो गई। मुरादाबाद ब्लॉक निवासी 45 वर्षीय पीआरडी जवान किशन स्वरूप सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मधुबनी चौराहे पर सुबह 6 बजे से यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। दोपहर के समय प्रचंड गर्मी के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां ईएमओ डा. जुनैद खान के नेतृत्व में चिकित्सकों ने सीपीआर देकर उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन जवान को बचाया नहीं जा सका।

### नोएडा में एक परिवार पर हमला महिला की मौत

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के फेस-वन थाना क्षेत्र के सेक्टर-5 में शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां छत पर सो रहे एक परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। हमले में परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें उपचार के दौरान एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान संजू देवी की मौत हो गई, जबकि सुरेंद्र शर्मा और उनकी दोनों बेटियों का इलाज जारी है। डाक्टरों के मुताबिक तीनों की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है।

### आतंकी ठिकाने को किया नेस्तनाबूद, विस्फोटक बरामद

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने कश्मीर में बारामूला जिले में एक आतंकवादी ठिकाने को नष्ट कर वहां से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं। सूत्रों ने बताया कि बारामूला पुलिस ने शनिवार को शहर के चंदूसा के निलसार कंडी इलाके में संयुक्त आतंकवाद-विरोधी अभियान में इस ठिकाने को नेस्तनाबूद कर दिया।

# अमेरिका में 15 हजार भारतीयों की छंटनी, नई जॉब नहीं मिलेगी

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका में** 15 हजार भारतीय टेक कर्मियों की नौकरी जाने के बाद उनके सामने संकट खड़ा हो गया है। अब उनपर डिपोर्टेशन का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, ये सभी एच-1बी वीजा पर अमेरिका गए थे, लेकिन छंटनी के बाद इनके पास नई नौकरी ढूंढ़ने व वीजा स्टेटस बचाने के लिए सीमित समय बचा है।

नियमों के तहत नौकरी जाने के बाद इन्हें 60 दिनों में नई नौकरी खोजनी होगी। इस दौरान नया एम्प्लायर या स्पॉन्सर नहीं मिला, तो अमेरिका छोड़ना पड़ेगा। बीते दिनों मेटा, अमेजन और ओरेकल जैसी बड़ी टेक कंपनियों में करीब 50 हजार लोगों की छंटनी और रिस्ट्रक्चरिंग हुई है। इनमें 15 हजार से ज्यादा भारतीय हैं। पहले नौकरी जाने पर टेक कर्मियों को जल्दी नया मौका मिलता था, पर अब इंटरव्यू लंबा खिंच रहा है। कंपनियां वीजा स्पॉन्सर करने से बच रही हैं और ट्रम्प की नई नीतियों के चलते उनके पास वीजा कोटा भी कम है। ट्रम्प प्रशासन की सख्त इमिग्रेशन नीति ने भी डर को बढ़ाया है। छोटी गलती, दस्तावेजों की कमी या वीजा नियमों में चूक भी खतरा बन रही है। अब नौकरी जाने पर उसी सेक्टर और उसी स्तर व सैलरी ब्रैकेट की नौकरी मिलनी चाहिए। यानी सॉफ्टवेयर इंजीनियर होटल में शेफ बनकर एच-1बी स्टेटस नहीं बचा सकता। अब कंपनी को भी ज्यादा दस्तावेज देने पड़ रहे हैं। उन्हें बताना पड़ रहा है कि इस पद के लिए अमेरिकी क्यों नहीं मिला। ट्रम्प प्रशासन ने ग्रीन कार्ड प्रक्रिया सख्त कर दी है। आवेदक को अपने देश जाकर आवेदन करना होगा। अभी अमेरिका में रहते हुए 'एडजस्टमेंट आफ स्टेटस' से ग्रीन कार्ड मिलता था। एच-1बी जैसे अस्थायी वीजा पर काम कर रहे भारतीयों पर बड़ा असर पड़ेगा। 5 साल में 49.97 लाख ग्रीन कार्ड जारी। इनमें 29.32 लाख अमेरिका में रहते हुए व 20.63 लाख होम कंट्री में रहते हुए आवेदन करने वालों को मिले। 2014 से 2023 के बीच कुल 7.26 लाख भारतीयों को ग्रीन कार्ड मिला। नई नीति में भारत जाकर कांसुलेट से प्रक्रिया करनी पड़ेगी।




- एच-1बी वीजा पर भारतीय गए थे अमेरिका, ट्रम्प के सख्त नियम से बना डिपोर्ट होने का खतरा

### भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी पर अमेरिकी विदेश मंत्री निराश

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणियों और भेदभाव के सवाल पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान पूरे अमेरिकी समाज का प्रतिनिधित्व नहीं करते। नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुबियो से अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लवाद की घटनाओं पर सवाल पूछा गया था। इस पर उन्होंने कहा कि हर देश में कुछ बेवकूफ लोग होते हैं, जो ऑनलाइन या फिर सरेआम आपत्तिजनक बातें करते हैं, लेकिन इससे किसी देश की असली पहचान तय नहीं होती।

# बलूचिस्तान में रेलवे ट्रैक के पास आत्मघाती हमला, 24 की मौत

## 82 लोग घायल, जाफर एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में रविवार को एक आत्मघाती हमले में 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 82 घायल हैं। यह हादसा एक रेलवे ट्रैक के नजदीक हुआ, जिसके चपेट में जाफर एक्सप्रेस आ गई। ट्रेन क्वेटा कैंट की ओर जा रही थी। विस्फोट इतना जोरदार था कि ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाके के बाद रेलवे ट्रैक के पास आग लग गई।

फायर ब्रिगेड, पुलिस, रेस्क्यू टीम और सुरक्षा बल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के असर से आसपास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। बलूचिस्तान सरकार के गृह मामलों के विशेष सहायक बाबर यूसुफजई ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने लोगों से घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाने की अपील की। फिलहाल किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इसे आतंकवादी हमला मानकर जांच कर रही हैं। जाफर एक्सप्रेस पाकिस्तान रेलवे की एक लंबी दूरी की प्रमुख पैसेंजर ट्रेन है। यह ट्रेन बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा को पाकिस्तान के बड़े शहरों से जोड़ती है। यह बलूचिस्तान समेत कई संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरती है।



- धमाके के बाद रेलवे ट्रैक के पास लगी आग आसपास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूटे

# बंगाल के फालता में पहली बार जीती भाजपा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की फालता सीट पर रविवार को आए चुनावी नतीजे में भाजपा को जीत मिली। बीजेपी उम्मीदवार देबांग्शु पांडा ने 1 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की।

उन्हें 1.49 लाख से ज्यादा वोट मिले। सीपीआईएम के उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी 40 हजार वोट के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं चुनाव से पीछे हटने वाले टीएमसी के जहांगीर चौथे नंबर पर रहे। फालता में 74 साल के इतिहास में भाजपा ने पहली बार जीत हासिल की है। 1952 से 2006 तक यह कांग्रेस और सीपीआईएम का गढ़ था। 2011 के बाद लगातार तीन बार टीएमसी जीती थी। फालता में जीत के साथ भाजपा की बंगाल में कुल सीटें 208 हो गई हैं।

- सीपीआई-एम कैंडिडेट को एक लाख वोटों से हराया

# कर्नाटक में नीट छात्रा ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के कलबुर्गी में 18 साल की नीट छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की पहचान भाग्यश्री के रूप में हुई है। उसने नीट-पीजी की परीक्षा दी थी। पुलिस के मुताबिक, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

छात्रा के पिता राजशेखर ने बताया कि परिवार में किसी तरह की परेशानी नहीं थी और बेटी पढ़ाई में काफी अच्छी थी। भाग्यश्री ने हाल ही में 12वीं परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल किए थे और नीट परीक्षा भी अच्छी गई थी। नीट-पीजी परीक्षा देश भर में 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि, पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने दोबारा परीक्षा 21 जून को कराने की घोषणा की है। परीक्षा रद्द होने के बाद पिछले 12 दिनों में 5 स्टूडेंट्स जान दे चुके हैं। इधर, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जब तक धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा नहीं होता और नीट जैसे पेपर लीक रोकने के लिए फूलप्रूफ सिस्टम नहीं बनता, हम चैन से नहीं बैठेंगे। 13 मई को गोवा के मडगांव में एक लड़के ने सुसाइड कर लिया था। उसने नीट परीक्षा दी थी। सुसाइड नोट में उसने लिखा था कि वह अब कॉम्पिटिशन एग्जाम में हिस्सा नहीं लेना चाहता।

- 12 दिनों में 5 छात्रों ने जान दी
- राहुल बोले- धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक चैन से नहीं बैठेंगे

# यूपी के छह शहरों में 48 डिग्री तापमान

**नई दिल्ली।** दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में रविवार को भारत के 97 शहर शामिल हैं। एक प्राइवेट एजेंसी के मुताबिक टॉप 10 सबसे गर्म शहरों में यूपी के 6 शहर हैं, जहां दोपहर 2 बजे 48 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इनमें प्रयागराज सबसे ऊपर रहा। यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तराखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र के 37 शहरों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 26 और 27 मई को तापमान और बढ़ सकता है। इससे पहले शनिवार को महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी 47.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म शहर रहा। मौसम विभाग ने तेलंगाना के हैदराबाद, रंगारेड्डी, करीमनगर, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट, मुलुगु, महबूबनगर में 26 मई तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। लोगों को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ धाम के पास रविवार सुबह कंचन गंगा में ग्लेशियर टूट गया। कुबेर पर्वत की तरफ से अचानक सफेद धूल और बर्फ का बड़ा गुबार उठता दिखा। इसके बाद पत्थर और मलबा तेजी से नीचे आता नजर आया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। राहत की बात यह रही कि मलबा सड़क या आबादी वाले हिस्से तक नहीं पहुंचा। प्रशासन के अनुसार, चारधाम यात्रा, बद्रीनाथ हाईवे और स्थानीय जनजीवन पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।



- विश्व के 100 सबसे गर्म शहरों में 97 भारत के

# कॉकरोच जनता पार्टी के इंस्टाग्राम अकाउंट का कंट्रोल वापस मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को दावा किया कि उनके इंस्टाग्राम अकाउंट का कंट्रोल वापस मिल गया है।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर लिखा कि हम वापस आ गए हैं, तुम भूल गए थे कि हम जिंदा रहने के लिए क्या कर सकते हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कॉकरोच की इमेज भी शेयर की। इससे पहले शनिवार को उन्होंने दावा किया था कि उनकी पार्टी और पर्सनल अकाउंट को हैक किया गया है। वहीं, दीपके ने रविवार को एक्स पर फॉलोअर्स डेटा शेयर कर बताया कि उनके 94 फीसदी से ज्यादा फॉलोअर्स भारत से हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से सवाल किया कि भारतीय युवाओं को पाकिस्तानी क्यों कहा जा रहा है। दरअसल, रिजिजू ने एक्स पर बिना किसी का नाम लिखे पोस्ट कर लिखा था कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर पाकिस्तान और जॉर्ज सोरोस गिरोह से फॉलोअर्स जुटाते हैं, जबकि भारत में ही पर्याप्त युवा मौजूद हैं। भारत-विरोधी गिरोह से मदद लेने की कोई जरूरत नहीं है। इससे पहले शनिवार को अभिजीत ने बताया था कि उनकी पार्टी की वेबसाइट बंद कर दी गई है। दीपके ने दोपहर 1.14 बजे एक्स पर कहा था कि सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। हालांकि यह वेबसाइट अभी बंद है। इसे खोलने पर 'दिस साइट कान्ट बी रीच्ड' का मैसेज फ्लैश हो रहा है। अकाउंट के हैक होने के बाद भी इंस्टाग्राम पर कॉकरोच जनता पार्टी के फॉलोअर्स लगातार बढ़े। रविवार दोपहर तक यह आंकड़ा 2.27 करोड़ पहुंच गया है। वहीं एक्स पर फाउंडर अभिजीत के ही अकेले 2.18 लाख से ज्यादा फॉलोअर हो गए हैं।




- फाउंडर ने फॉलोअर्स का डेटा शेयर कर पूछा- इनमें 94 प्रतिशत भारतीय, रिजिजू इन्हें पाकिस्तानी क्यों बता रहे

CMYK

# ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## शाम के समय स्नान घाट पर हुआ दीपदान, सोमवार की सुबह होगा मुख्य स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले प्रसि) ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले को सकुशल सम्पन्न कराने को प्रशासन व्यवस्थाओं में जुटा हुआ है।वहीं रविवार शाम श्रद्धालुओ की भारी भीड़ शुकतीर्थ पहुंची।श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान संपन्न कराये तथा गंगा में स्नान कर मंदिरों के दर्शन किये।

तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में रविवार की शाम श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रॉली, छोटा हाथी,ई रिक्शा,बाइक, बस आदि वाहनों से मेले में पहुँचे।शाम के समय श्रद्धालु मोरना से होते हुए इलाहाबास मार्ग,तथा मोरना से बहुपुरा, फिरोजपुर होते हुए शुकतीर्थ पहुंचे तथा भोकरहेड़ी से बहुपुरा शुक्रतारी होकर शुकतीर्थ में पहुंचे। यातायात को नियंत्रित करने के लिए मोरना से इलाहाबास गांव तक अनेक स्थानों पर पुलिस तैनात की गयी है। वही शुकतीर्थ आगमन के पूर्व बैरियर लगाकर ट्रैफिक को नियंत्रित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तीर्थ नगरी में अनेक स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। गंगा में श्रद्धालुओं सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग की गई है। तथा गंगा में चेतावनी बोर्ड लगाकर गहरे पानी मे न जाने की सलाह दी गयी है। प्रशासन द्वारा अनेक स्थानों पर ठंडे पानी की प्याऊ लगाई गई है व मार्गों को स्वच्छ रखने के लिये सफाई कमä तैनात किए गये हैं।स्वास्थ्य शिविर तथा आपातक. ालीन स्थिति के लिये एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी बाहरी वाहनों का प्रवेश तीर्थ में बंद किया गया। हर हर गंगे जय माँ गंगे के जय घोष के साथ श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। गंगा घाट पर हुई महाआरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं विभिन्न आश्रमों, धर्मशालाओं में विश्राम कर भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया मेले के दौरान मीना बाजार में महिलाओं ने सौन्दर्य प्रसाधन की व बच्चों ने खिलाने आदि की खरीदारी कर चाट पकोड़ी का आनन्द लिया।



### शुकदेव आश्रम में रही श्रद्धालुओं की भीड़

प्राचीन शुकदेव आश्रम में सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। जहां श्रद्धालुओं ने शुकदेव मंदिर में पूजा अर्चना की तथा प्राचीन वट वृक्ष की पूजा कर दिव्य तोते के दर्शन किये। श्रद्धालु दिव्य तोते को देखने के लिए लालायित रहे।माना जाता है की दिव्य तोते के दर्शन से की गई मनो. कामना की सिद्ध पूर्ण होती है।इसके अलावा हनुमंधाम, दण्डी आश्रम,गणेश धाम,तिलकधारी आश्रम,महादेव आश्रम,गौड़ीय मठ,महाशद्रि सि) पीठ,माँ पूर्णागिरि आश्रम,पार्वती धाम, आदि आश्रमो में श्र)ालुओं की भीड़ रही। प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय ब्विवविद्यालय सेंटर पर अध्यात्म ज्ञान शिविर लगाया गया। इसके अलावा प्रसि) सन्त शिरोमणि सतगुरु रविदास सतगुरु समनदास आश्रम में भजन कीर्तन,साधु संगत का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्र)ालुओं में गुरु गोवर्धन दास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर बंदगी की आश्रम में भंडारे का आयोजन भी किया गया।

### भक्तिमय हुई तीर्थ नगरी

पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ रविवार की शाम भक्तिमय हो गई चारों दिशाएं श्रद्धा और आस्था से परिपूर्ण हो गयी। तीर्थ नगरी स्थित मंदिरों आश्रमों में पहुंची श्रद्धालुओं ने गुरुओं, पीठाधीश्वर से आशीर्वाद प्राप्त कर मंदिरों में पूजा की।

## शराब के नशे में गंगनहर में उतरा युवक, पुलिस की सतर्कता से टला हादसा

**खतौली।** भीषण गर्मी के चलते इन दिनों खतौली स्थित गंगनहर घाट पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग नहर में स्नान करने पहुंच रहे हैं। इसी बीच शनिवार शाम एक युवक की लापरवाही उस समय भारी पड़ते-पड़ते बची, जब वह शराब के नशे में गंगनहर में उतर गया। युवक कई बार तेज बहाव की ओर बढ़ने लगा, जिससे घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम के समय घाट पर सामान्य दिनों की तरह काफी भीड़ थी। लोग स्नान कर लौट रहे थे, तभी एक युवक लड़खड़ाते हुए घाट पर पहुंचा। युवक नशे की हालत में दिखाई दे रहा था। बिना किसी की परवाह किए वह सीधे नहर में उतर गया और रेलिंग पकड़कर नहाने लगा। कुछ देर तक लोगों ने ध्यान नहीं दिया, लेकिन जल्द ही उसकी हरकतों से साफ हो गया कि वह शराब के नशे में है। बताया गया कि युवक कई बार संतुलन खो बैठा और रेलिंग के बीच से निकलकर गहरे पानी की तरफ जाने लगा। घाट पर मौजूद लोगों ने उसे रोकने और समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवक किसी की बात सुनने की स्थिति में नहीं था। स्थिति बिगड़ती देख वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

# चेयरमैन मास्टर इस्लाम ने किया नाइट टी 10 लीग क्रिकेट का शुभारंभ

**चरथावल।** नगर के गाँधी इंटर कालिज के मैदान पर नाइट टी 10 क्रिकेट प्रतियोगिता का रात्रि मे होने वाले मैचो का शुभारम्भ नगर चेयरमेन मास्टर इस्लाम और दरा. ेगा राजेश शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया बताते चले की यह प्रतियोगिता रात्रि मे आयोजित होती हे और हर मैच रात्रि मे ही प्रारम्भ होता हे पिछले वर्ष भी यह क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी नगर चेयरमेन मास्टर इस्लाम ने कहा की मैचो का भरपूर आनंद ले और खेल भावना से खिलाडी खेले खेलो के माध्यम से ही प्रतिभाए निखर कर आती हे शोएब डीयर, जीशान त्यागी, शुभम, राजेश शर्मा, सादिक त्यागी, मोन, जावेद, सोनू सहित अनेको क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।



### ब्रह्माकुमारी केंद्र पर मीडिया सेन्टर नई कार्यकारिणी का सम्मान समारोह आयोजित

**जानसठ।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा संचालित जानसठ सेंटर पर मीडिया सेन्टर जानसठ की नई कार्यकारिणी के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक एवं सामा. जिक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आत्मा, सम्मान और जीवन के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को सबसे पहले स्वयं को पहचानने का प्रयास करना चाहिए। अपने को जानो का संदेश देते हुए बताया गया कि व्यक्ति यदि अपनी आत्मा और भीतर की शक्ति को समझ ले तो जीवन का वास्तविक उद्देश्य स्पष्ट हो जाता है।

## एसआरजीसी तकनीकी परिसर ने क्यूस्पाइडर्स के साथ किया एमओयू

**शाह टाइम्स संवादइदाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसआरजीसी तकनीकी परिसर (इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) ने छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के उद्देश्य से क्यूस्पाइडर्स-टेस्ट यंत्रा सक्क्ष्टवेयर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डक्क एस.सी. कुलश्रेष्ठ ने कहा कि उद्योग-अकादमिक साझेदारी समय की मांग है। यह एमओयू हमारे छात्रों को नवीनतम तकनीकों और वास्तविक कार्य वातावरण से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा।

संस्थान के निदेशक प्रो0 डा. अश्वनी कुमार वशिष्ठ ने बताया कि इस समझौते के तहत बी.टेक, एम.सी.ए. और बी.सी.ए. के छात्रों को जावा, पायथन, फुल स्टैक डेवलपमेंट और सॉफ्टवेयर टेस्टिंग में जॉब-ओरिएंटेड प्रशिक्षण दिया जाएगा। क्यूस्पाइडर्स के विशेषज्ञों द्वारा लाइव प्रोजेक्ट्स, मक्क्क इंटरव्यू और तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष इंजीनियर आशीष चौहान ने कहा कि यह सहयोग छात्रों के तकनीकी कौशल को निखारने और उन्हें आईटी उद्योग के लिए तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगा। संस्थान में बी.टेक. के अंतर्गत एआईएमएल, डेटा साइंस, सी. एस.ई., ई.सी.ई., मैकेनिकल इंजी. नियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और सिविल इंजीनियरिंग के साथ-साथ एम.सी.ए. और बी.सी. ए. के पाठ्क्रम संचालित किए जाते हैं। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि यह साझेदारी छात्रों को लर्निंग मीट्स इंडस्ट्री के विजन के अनुरूप उद्योग के लिए तैयार पेश. ेवर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डा. एस.सी. कुलश्रेष्ठ, निदेशक डा. अवनी कुमार वशिष्ठ, डीन डा. सुचित्रा त्यागी, रजिस्ट्रार डा अंकुर धीमान, डक्क आर.सी. कश्यप, विभागाध्यक्ष इंजीनियर आशीष चौहान, डक्क जे.बी. सिंह, इंजीनियर पवन कुमार, इंजीनियर कनुप्रिया एवं इंजीनियर फिरोज अली उपस्थित रहे।

# निर्माण के एक साल में ही बदहाल हुई मिठ्ठूलाल रोड, राहगीरों के लिए बनी मुसीबत

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर क्षेत्र की मिठ्ठूलाल कॉलोनी से गुरुद्वारा बिदड़ीवाड़ा बाजार तक बनाई गई सड़क निर्माण के महज एक वर्ष के भीतर ही जर्जर हालत में पहुंच गई है। लाखों रुपये की लागत से तैयार हुई यह सड़क अब जगह-जगह से उखड़ चुकी है और कई हिस्सों में धंसने लगी है।



सड़क की खराब स्थिति से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया, जिसकी वजह से सड़क इतनी जल्दी टूट गई। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि वर्ष 2024 में सड़क निर्माण के बाद लोगों को उम्मीद थी कि लंबे समय तक आवागमन की समस्या खत्म हो जाएगी, लेकिन कुछ ही महीनों बाद सड़क पर दरारें दिखाई देने लगीं। धीरे-धीरे सड़क टूटती चली गई और अब हालात यह हैं कि कई स्थानों पर बड़े गडढे बन गए हैं। सड़क की उखड़ी सतह के कारण वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। यह मार्ग मिठ्ठूलाल कॉलोनी, बिदड़ीवाड़ा और आसपास के इलाकों को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता माना जाता है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग इसी मार्ग से होकर बाजार, स्कूल, अस्पताल और अपने कार्यस्थलों तक पहुंचते हैं। सड़क खराब होने से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को हो रही है। भाजपा युवा नेता ;षभ जैन ने बताया कि सड़क निर्माण के समय गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। उनका कहना है कि निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़क टूटने लगी थी, लेकिन संबंधित विभाग और ठेकेदार ने कोई सुधार कार्य नहीं कराया।

अब सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि राहगीरों के लिए खतरा बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय इस मार्ग पर काफी भीड़ रहती है। आसपास के बच्चे इसी सड़क से होकर विभिन्न स्कूलों में पढ़ने जाते हैं। टूटी सड़क और गड्ढों के कारण बच्चों के गिरने और चोटिल होने का खतरा बना रहता है। कई अभिभावकों ने बच्चों को अकेले स्कूल भेजना भी बंद कर दिया है। बिदड़ीवाड़ा बाजार के व्यापारियों ने बताया कि सड़क खराब होने से ग्राहकों को आने-जाने में दिक्कत होती है। गड्ढों और धंसी सड़क के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे बाजार का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार आए दिन बाइक और साइकिल सवार सड़क पर फिसलकर घायल हो रहे हैं। रात के समय गड्ढे साफ दिखाई नहीं देने से हादसों का खतरा और बढ़ जाता है। बारिश के दौरान सड़क पर जलभराव हो जाने से स्थिति और गंभीर हो जाती है तथा कई बार वाहन गड्ढों में फंस जाते हैं। लोगों ने बताया कि इमरजेंसी के समय मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भी काफी दिक्कत होती है। खराब सड़क की वजह से एंबुलेंस को भी आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगरवासियों का आरोप है कि सड़क की खराब हालत को लेकर कई बार अधिका. रियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक न तो सड़क की मरम्मत कराई गई और न ही निर्माण कार्य की जांच की गई। लोगों ने मांग की है कि सड़क निर्माण में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और सड़क का जल्द पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# कुतुबपुर गंग नहर पर कार पर गिरा विशाल यूकेलिप्टस का पेड़

**मीरापुर।** कुतुबपुर गंग नहर पुल के पास रविवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब अचानक तेज हवा चलने से एक पुराना यूकेलिप्टस (लिप्टिस) का पेड़ सड़क से गुजर रही कार पर गिर पड़ा। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार सवार दादा-पोते को लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के बाद गंग नहर पुल पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेड़ को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

बताया गया कि आदित्य पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम तुल्हेडी, तहसील जानसठ, जिला मुज“फरनगर अपने दादा सतवीर के साथ जानसठ से वापस गांव लौट रहा था। जैसे ही उनकी कार कुतु. बपुर गंग नहर के पास पहुंची, तभी अचानक तेज हवा का झोंका आया। हवा के कारण सड़क किनारे खड़ा एक काफी पुराना यूकेलिप्टस का पेड़ आधा टूटकर सीधे कार के बोनट पर आ गिरा। पेड़ गिरते ही कार बुरी तरह दब गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोग मौके पर दौड़ पड़े। लोगों ने बड़ी मुश्किल से कार के शीशे और खिड़कियां तोड़कर अंदर फंसे दादा-पोते को बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि दोनों को हल्की चोटें आने की बात कही जा रही है। पेड़ सड़क पर गिरने के



कारण गंग नहर पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद पेड़ को सड़क से हटवाया। इसके बाद यातायात को सुचारु कराया गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि गंग नहर के आसपास कई दशक पुराने और जर्जर पेड़ खड़े हैं, जो तेज हवा और आंधी के दौरान कभी भी गिर सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि हादसों को रोकने के लिए ऐसे खतरनाक पेड़ों को जल्द कटवाकर हटाया जाए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम नाजीम (NAJEEM) से बदलकर मौहम्मद नाजिम (MOHAMMAD NAZIM S/0 AFZAL AHMAD) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**MOHAMMAD NAZIM**
S/o AFZAL AHMAD
R/o VILL. BASDHARA
POST DINKARPUR
P.S. SHAHPUR
DISTT. MUZAFFARNAGAR
(U.P.)

# भगवान न्याय के साथ करुणा के भी सागर हैं : सुमन कृष्ण

**मोरना।** स्थित श्री शुकदेव आश्रम मे आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण में कथा व्यास सुमन कृष्ण शास्त्री ने कहा भगवान दुर्गुणों को नहीं, बल्कि भक्त के सद्गुण, प्रेम और भाव को ग्रहण करते हैं। भगवान जीव के दोषों पर नहीं, उसके भीतर छिपे सद्गुण और भक्ति पर रीझते हैं। भगवान न्याय के साथ करुणा के भी सागर हैं। इसलिए भक्ति में यह कहा जाता है कि यदि मनुष्य अपने दोष छोड़ने का प्रयास करे और सच्चे भाव से भगवान की ओर बढ़े, तो भगवान उसके छोटे-से सद्गुण को भी बहुत बड़ा मान लेते हैं।

श्रीमद्भागवत महापुराणकी कथा देव दुर्लभ है । यह कथा



भगवान की कृपा व करुणा से प्राप्त होति है । श्रीमद्भागवत प्रेत योनि में पड़े धुंधकारी का उद्धार कर सकती है वह समस्त जीवों को मोक्ष प्रदान करने में समर्थ है। जब मनुष्य प्रेमपूर्वक भगवान की कथा सुनता है, तब उसके भीतर के पाप वासनाएँ और अज्ञान धीरे-धीरे नष्ट होने लगते हैं। फिर हृदय में भक्ति प्रकट होती है और वही भक्ति भगवान के अनुभव तक पहुँचा देती है। नित्य भागवत कथा सुनने और संतों की सेवा करने से हृदय के दोष नष्ट होने लगते हैं, और भगवान में दृढ़ भक्ति उत्पन्न होती है। कथा में जिला जज बीरेंद्र कुमार सिंह, ठाकुर प्रसाद, दीपक मौजूद रहे।

# भाजपा की बैठक में बूथ मजबूती पर दिया जोर

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बुढ़ाना के शक्ति केंद्र बी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार के दिन भाजपा शक्ति केंद्र के संयोजक शाहिद असलम के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में बूथ संख्या 103 से 110 तक के बूथ अध्यक्षों, बूथ प्रभारियों और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे शक्ति केंद्र संयोजक शाहिद असलम ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है और बूथ सशक्तिकरण अभियान को भी धार देना है। भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी पुनीत शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा साझा करते हुए केंद्र और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक हर परिवार तक पहुंचाने का आ]वान किया। बैठक में सभी बूथों की समीक्षा की गई। पन्ना प्रमुखों का गठन शीघ्र पूरा करने, मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने व त्रुटियां ठीक कराने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की गारंटी है। बैठक में मुख्य रूप से शक्ति केंद्र संयोजक शाहिद असलम, शक्ति केंद्र प्रभारी पुनीत शर्मा, बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर सत्रह के सभासद अजय संगल, नेत्रपाल कश्यप, सोनू कश्यप, प्रवेश कश्यप, शशांक भारद्वाज, मास्टर सनव्वर, गुफरान, सद्दाम और जमाल अहमद सहित बूथ संख्या 103 से 110 तक के सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी व दर्जनों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखने को मिली।



बुढाना: बूथ मैनेजमेंट को लेकर चर्चा करते बुढाना के भाजपा कार्यकर्ता।

### दुर्घटना में मरे युवक को लेकर मुकदमा दर्ज

**छपार।** हाइवे पर रात्रि में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच कर एक सप्ताह बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

15 मई की रात्रि में छपार में हाइवे पर पुलिस को एक दुर्घटना ग्रस्त वाहन में शव मिला। पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पहचान न होने के कारण शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में ही रख दिया। दो दिन बाद शव की शिनाख्त गांव महरायपुर निवासी मेनपाल पुत्र मांगेराम के रुप में हुई । पुलिस ने शव को परिजनों को सोंप दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल की। सीसीटीवी कैमरे के आधार पर एक मैजिक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## कटड़े सहित भैंस चोरी

**छपार।** गांव बरला से अज्ञात चोरों ने एक भैंस बच्चे सहित चोरी कर ली है।

बरला निवासी अमरीश ने बताया कि शनिवार की रात्रि लगभग तीन बजे उसने उठकर देखा तो भैंस व उसका बच्चा गायब थे। रात्रि में ही उसे तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर भैंस की तलाश शुरू कर दी है।

**चौ. छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर**

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित ''एम.एस.सी. रसायन विज्ञान, एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान, एम.एस.सी. (कृषि) शस्य विज्ञान (एग्रोनोमी), बी.कॉम. तथा बी.सी.ए.'' हेतु सहायक प्राध्यापकों की आवश्यकता है। योग्यता यू.जी.सी./राज्य सरकार के नियमानुसार होगी। इच्छुक अभ्यार्थी सादे कागज पर फोटो सहित आवेदन पत्र (दो प्रतियों में), योग्यता प्रमाण पत्रों सहित विज्ञापन की तिथि से दो सप्ताह के अन्दर कार्यालय में जमा करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि से बाद में अवगत कराया जायेगा।

**(शरद कुमार)** सचिव प्रबन्ध समिति | **(डा. के. पी. सिंह)** प्राचार्य

# चलती कार बनी आग का गोला, बड़ा हादसा टला

## भैंसी कट के पास हाईवे पर मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रविवार को नेशनल हाईवे पर एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब दौड़ती कार में अचानक भीषण आग लग गई। कार में सवार युवक ने तत्परता दिखाते हुए अपनी पत्नी और दोनों बच्चों को समय रहते बाहर निकाल लिया, जिससे पूरा परिवार सुरक्षित बच गया। घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात काफी देर तक प्रभावित रहा।

बताया गया कि थाना मंसूरपुर क्षेत्र के गांव अजमतगढ़ निवासी नितिन पुत्र राजकुमार अपनी पत्नी कोमल, बेटी इशानवी और बेटे अक्षु के साथ सकौती में डॉक्टर के यहां दवाई लेने जा रहा था। जैसे ही उनकी कार खतौली हाईवे पर भैंसी कट के निकट पहुंची, तभी अचानक बोनट से धुआं उठने लगा। स्थिति भांपते हुए नितिन ने तुरंत कार सड़क किनारे रोकी। बोनट खोलते ही उसमें आग की लपटें दिखाई दीं। खतरे को देखते हुए उसने बिना घबराए सबसे पहले अपनी पत्नी और दोनों बच्चों को कार से बाहर निकाल. कर सुरक्षित दूरी पर पहुंचाया। इसके बाद उसने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही पलों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन धू-धू कर जलने लगा। हाईवे पर जलती कार देखकर वहां से गुजर रहे लोगों में हड़कंप मच गया।

राहगीरों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर कबाड़ में तब्दील हो चुकी थी।



घटना के चलते हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई और यातायात बाधित हो गया। बाद में पुलिस ने जली कार को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया। गनीमत यह रही कि हादसे से पहले ही परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# जानसठ रोड़ पर पेपर मिल में लगी आग

## दमकल विभाग कई घंटों तक लड़ा आग की लपटों से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जैसे-जैसे गर्मी की गमस बढ़ रही है वैसे-वैसे विद्युत सप्लाई आंख मिचौली करने के साथ जनपद के गांव कस्बे व नगर में दुकान, जंगल व फैक्ट्रियों में आग की घटनाएं बढ रही है। गर्मी से सूखी वस्तू या कोई भी चीज जल्द आग पकडती है इसलिए घटनाए सिलसिलेवार हो रही है।

रविवार को भी जानसठ रोड स्थित जीनस पेपर मिल में वेस्ट पेपर स्टोक में अचानक लगी आग विकराल रूप धारण कर गई। देखते ही देखते आग चारों और फैल गई और आसमान छूने काप्रयास करने लगी जिसके बाद फैक्ट्री में आफरा-तफरी व भगदड मच गई। सूचना मिलने के बाद मुजफ्फरनगर, बुढाना, जानसठ व खतौली की फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और पेपर मिल से भी पानी के टैंक मौके पर बुलाए और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया।

इस समय आग वेस्ट पेपर स्टॉक में लगी हुई थी। और गर्मी के चलते पेपर सूखा होने के कारण आग पकडते देर ना लगी तो वहीं आग फैलने में भी समय नहीं लगा। काफी देर तक दमकल विभाग के कर्मी आग से लडते रहे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग सिंह भी मौके पर पहुंच गए और उन्होने अपनी देखरेख में आग बुझाने का काम कराया। अधिकारियों का कहना है कि पेपर मिल व अन्य फैक्ट्रियों में सतर्कता बढा दी गई है और मिल प्रबंधक द्वारा वेस्ट पेपर के गोदामों की निगरानी शुरू कर दी गई है। अधिकारियों के कहने से मिल अधिकारी सूखे पेपर पर लगातार पानी का छिडकाव कर रहे है। कई घंटे बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया, लेकिन इस वक्त तक लाखों रूपये का नुकसान हो चुका था। आग का कारण अभी तक अधिकारियों ने कुछ बताया नहीं है।



मुजफ्फरनगर: मंत्री कपिल देव अग्रवाल सड़क पर झाड़ू लगाते हुए।

# शादी का झांसा देकर ठगने वाली महिलाएं पहुंची जेल

■ **अविवाहित युवकों और उम्रदराजों को बनाती थी शिकार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अविवाहित युवकों और उम्रदराज लोगों को शादी कराने के झांसे में लेकर उनसे ठगी करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार होने के बाद पुलिस ने उनको जेल भेज दिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से नगदी व जेवर भी बरामद करना बताया है।

बता दे कि छपार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ महिलाएं अपने गिरोह के साथ क्षेत्र में घुम रहे है यह महिलाएं अविवाहित युवक और उम्रदराज युवकों को शादी का झांसा देकर उनसे ठगी करते है।

इन महिलाओं ने छपार क्षेत्र में भी कुछ लोगों को शादी का झांसा देकर ठगा है।

पुलिस ने इस संबंध में कामिनी पत्नी वेद प्रकाश नजीबा. बाद बिजनौर, आशा और सोनाक्षी को गिरफ्तार किया और इनके कब्जे से लोगो से ठगे गए जेवर बरामद करते हुए रविवार को जेल रवाना कर दिया है।



मुजफ्फरनगर: जानसठ रोड पेपर मिल में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी।

# देहरादून हत्या में मुजफ्फरनगर की युवती गिरफ्तार

## एक साल बाद हुमैरा लगी पुलिस के हत्थे, साथी फरार, अधिकारियों ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कुछ लोगों ने खालापार क्षेत्र का नाम चर्चाओं में ला दिया है, हालांकि क्षेत्र के चारो ओर अच्छे सबरांत और इज्जतदार और जिम्मेदार लोग रहते है, लेकिन कही ना कही कभी-कभी ऐसे मामले सामने आ जाते है जहां इस मौहल्ले का नाम सुक्रियो में आ जाता है। हाल में भी एक उत्तराखंड का एक मामला सामने आया है जहां प्रोपटी विवाद के चलते युवक की हुई हत्या में खालापार की एक लडकी का नाम प्रकाश में आया है। देहरादून पुलिस ने हत्या में हत्यारोपियों के साथ लडकी को भी जेल भेज दिया है। जैसा की सूत्रों का कहना है कि उत्तराखंड में अजय भटेजा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी इस घटना का मुकदमा अजय भटेजा के ममरे भाई जतिन कुमार की ओर से थाना राजपुर में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

हत्यारों तक पहुंचने के लिए देहरादून के अधिकारियों के नेतृत्व में टीम घटित की गई थी और तभी से मृतक व कुछ संदिग्ध युवकों के मोबाइल सर्विलांस पर लगे हुए थे। पुलिस अजय भटेजा हत्याकांड में सीसीटीवी फुटेज की भी मदद ले रही थी। काफी समय बाद पुलिस ने एक आरोपी राजन उर्फ जैकी को गिरफ्तार किया। यह कार्यवाही उन्नीस मई 2026 को हुई। राजन देहरादून पुलिस के आगे ज्यादा देर ठीक नहीं सका और उसने सारा राज खोलकर सामने रख दिया। पता लगा कि अजय भटेजा की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में नहीं बल्कि उसकी हत्या की गई थी और इसमें राजन के साथ उसकी प्रेमिका खालापार निवासी हुमैरा को भी आरोपी बताया गया। पुलिस खुलासे में हो रहा है कि अमित भटेजा ने अपने भाई अजय की कुछ सम्पत्ति पाने के लिए अपने भाई अजय भटेजा की हत्या की योजना बनाई और हुमैरा के साथ मिलकर 25 मई 2025 को एक ओर अन्य साथी को साथ लेकर शराब पिलाने के बाद अपने दस्तावेज अपने कब्जे में करने के प्रयास किए जब वह कामयाब नहीं हुए तो सभी ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। इसमें साक्ष्य मिटाने की भी कोशिश की गई, लेकिन हुमैरा की सहारनपुर से गिरफ्तारी के बाद सारा मामला खुला अभी अमित भटेजा फरार है और आरोपी घटना के समय की सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर और दस्तावेज भी साथ ले गए थे।

# अब बार-बार नहीं होगी विद्युत कटौती

## विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं की परेशानी पर लागू किया नियम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भीषण गर्मी में 24 घंटे के बीच कई-कई बार बिजली कटौती और शटडाउन से परेशान उपभोक्ताओं के लगातार आक्रोश को देखते हुए अब विद्युत विभाग में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए एक नई पहल की है इसमें यह व्यवस्था लागू की गई है कि बिजलीघर से 24 घंटे में अब दो बार ही शटडाउन लिया जाएगा। बिजली विभाग के अधिकारियों के काहना है कि अब बार-बार विद्युत कटौती से उपभोक्ताओं को परेशान हीं होना पडेगा।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण खण्ड प्रथम अधिशासी अभियंता ही नहीं जनपद के और लखनऊ के अधिकारियों को विद्युत कटौती की लगातार शिकायते मिल रही थी। इतना ही नहीं प्रतिनिधियों को भी जनता का आक्रोश देखना पड रहा था शिकायते थी कि 24 घंटे में कई-कई बार विद्युत कटौती की जा रही है और बार-बार शट डाउन लिया जा रहा है जबकि इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप है और महिला, बच्चे और बुढे गर्मी से परेशान है। जब लगातार शिकायत पहुंची तो अधिकारियों ने इस मामले को गंभीरता से लिया और जनप्रतिनिधियों ने भी अधिकारियों से शिकायत की। जिसमें पश्चिमांचल विद्युत वितरण खण्ड प्रथम के अधिशासी अधिकारी ने इस मामले को सुना और रविवार को अलग-अलग फीडरों पर उपभोक्ताओं की शिकायत के समाधान करने के लिए बताया कि देर रात मिलने वाली शिकायतों का निस्तारण सवेरे एक बार शटडाउन लेकर किया जाएगा, जबकि पुरे दिन आने वाली शिकायतों को शाम के समय एक साथ निपटा दिया जाएगा। विभाग का मानना है कि बार-बार विद्युत कटौती की आवश्यकता नहीं पडेगी। जनप्रतिनिधि भी जनता की परेशानी को समझकर अधिकारियों से सम्पर्क कर रहे थे।

### ट्रांसफार्मरों को ठण्डा करने को लगेंगे कुलर व पंखे

**मुजफ्फरनगर।** बढ़ती गर्मी के चलते जिस तरह विद्युत व्यवस्था चरमा रही है उससे निजात पाने के लिए विद्युत विभाग ने नई पहल शुरू कर दी है। भीषण गर्मी के चलते विद्युत का अवर लोड होने पर ट्रांसफार्मरों में आग लगना, बिजली के तारों में फाल्ट होना व अन्य मामले होने को लेकर विद्युत विभाग काफी समय से परेशान था। अब विभाग ने कई जिलों के बडे सब स्टेशनों पर लगे पावर ट्रांसफार्मरों को ठण्डा करने के लिए कूलर, पंखे और अन्य सिस्टम स्थापित किए है। अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के चलते अधिक लोड बढ रहा है और इससे ट्रांसफार्मरों में आग लगने के साथ तारो में भी फाल्ट होता है। कूलर पंखों के अलावा विद्युत विभाग पानी के फुव्वारे लगाने की भी योजना बना रहा है जिससे मशीनरी को ओवर हीट होने से बचाया जा सके। हाल में जनपद में बिजली की मांग लगातार बढ रही है और क्षमता से ज्यादा बिजली इस्तेमाल हो रही है जिससे विद्युत सब स्टेशनों पर दबाव बढ रहा है, हालांकि विद्युत विभाग सप्लाई पूरी देने के लिए प्रयासरत है, क्योकि विद्युत कटौती की शिकायत जनपद से लेकर लखनऊ तक पहुंच रही है इसीलिए विद्युत विभाग इस तरह के उपकरण इस्तेमाल कर रहा है। बिजलीघरों पर जहां अधिक लोड दर्ज किया जा रहा है इसमें जिले के उन्नीस में से नौ सब स्टेशनों पर विशेष कूलिंग व्यवस्था की गई है।



मुजफ्फरनगर: कथावाचक श्रद्धालुओं को वर्णन सुनाते।



मुजफ्फरनगर: जैन वेलफेयर एसोसिएशन में कथा वर्धमान की सुनते श्रद्धालु।

# जैन वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यक्रम का आयोजन

■ **महिला व बच्चों ने निकाली ध्वज यात्रा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जैन वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा 23 मई से 24 मई दो दिवसीय कार्यक्रम हुआ जिसका शीर्षक 'कथा वर्धमान की' का आयोजन हुआ। यह आयोजन एक बैंकट होल मे किया जा रहा है जिसमे भगवान महावीर के गर्व कल्याणक से लेकर मोक्ष कल्याणक तक का वर्जन बहुत ही भव्य और दिव्य रूप में कथावचक विदान श्री प्रदीप विजय जैन (कानपुर) के द्वारा किया जा रहा है। आज सर्वप्रथम ध्वज यात्रा महिलाओं व बच्चों के द्वारा निकाली गई। जिसके पश्चात कथावचन प्रारंभ हुआ। मंच संच. ालन रविन्द्र जैन, पुनीत जैन, ऋषभ जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर देशभूषण जैन कंडारकर, सभासद सीमा जैन, डॉक्टर पंकज जैन, हुंडाई अरूण जैन, शुभम जैन, अरूणा जैन, शीतल जैन, सीए आशीष जैन बसेडा आदि मौजूद रहे।

### पुलिस के लिए चौराहों पर लगेंगे शैड

**मुजफ्फरनगर।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच सड़क पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों और राहगीरों के लिए पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन ने एक पहल शुरू करते हुए शहर के प्रमुख चौराहों पर ड्यूटी प्वाइंट और पुलिस चैकिंग स्थल पर टीन शैड व छायादार शैड लगाने की पहल की है। इसमें नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी का सहयोग है।

बता दे कि इस समय भीषण गर्मी और लू के चलते लोग बाहर तक निकालने में बुरेज कर रहे है, लेकिन पुलिस के जवान यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए सुरक्षा ड्यूटी और संदिग्ध चैकिंग के लिए सड़कों पर लगे है।

# चरथावल में सहारनपुर की टीम ने कई डेयरियों पर की छानबीन

## स्थानीय टीम भी रही मौजूद, सैम्पल प्रयोगशाला में भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में दूध उत्पादों की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल को लेकर खाद्य विभाग और प्रशासन ने रविवार को कस्बा चरथावल में कई स्थानों पर दूध की डेयरियों में संयुक्त रूप से कार्यवाही की। इस दौरान सहारनपुर मण्डल के अपर आयुक्त रमेश यादव खाद्य विभाग के आयुक्त उदय भानू सिंह व एसडीएम सदर प्रवीन द्विवेदी के नेतृत्वमें तीन अलग-अलग स्थानों पर टीम पहुंची और गहनता से जांच पडताल की। इस कार्यवाही से डेयरी संचालकों में हडकंप मचा रहा।

बताया जाता है कि अधिकारियों की टीम ने कई घंटे तक कई स्थानों पर पहुंचकर जांच पडताल की।

इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर मोजूद रहे। खाद्य विभाग की टीम ने क्षेत्र में तैयार किए जा रहे मावा, पनीर और अन्य डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता की छानबीन की। अधिकारियों का कहना था कि लगातार शिकायते मिल रही है जिसके चलते यह अभियान चलाया गया है। टीम सबसे पहले ग्राम चौकडा पहुंची और एक डेयरी की जांच की। टीम ने यहां पर नमूने लिए और परिक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए। इसके बाद यह टीम ग्राम कुटेसरा पहुंची और बस अड्डे के निकट रहमान डेयरी पर छानबीन की। यहां पर पनीर तैयार होता है और उस समय भी पनीर तैयार किया जा रहा था टीम ने पनीर के नमूने लिए और जांच के दौरान पामौनील ऑयल मिलने का भी आरोप लगाया जा रहा है। इतना ही नही टीम ने मौहल्ला इब्राहीम पट्टी स्थित नियाज डेयरी पर भी पहुंचकर जांच पडताल की। यहां पर मावा तैयार करने की सूचना थी।

टीम का कहना था कि यहां पर नकली मावे की सूचना मिली थी, लेकिन जांच पड़ताल से पहले ही जिस मकान में मावा बनाया जा रहा था उसमे ताला लगा दिया गया। टीम यहीं नहीं रूकी ताला तोडने के बाद यहां पर भारी मात्रा में मावा बरामद किया और मावे के नमूने लेकर उन्हे सील कर प्रयोगशाला भेज दिया गया। टीम ने यहां पर अन्य सामाग्रियों की जांच की। टीम का कहना था कि इस मामले में कठोर कार्यवाही की जाएगी।





# ऊदपुर में प्यास बुझाने वाले हैंडपंप पर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ऊदपुर स्थित पंचायत भवन में लगे हैंडपंप के रिबोर को लेकर ग्रामीणों में नारा. जगी जताते हुए प्रदर्शन किया और हैंडपम्प को स्थानातंरित करने का विरोध किया। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन में वर्षो से लगे हैंडपंप को किसी निजी स्थान पर स्थानांतरित करने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए प्रशासन से हैंडपंप को पंचायत भवन परिसर में ही रिबोर कराने की मांग उठाई है।



चौसाना क्षेत्र के गांव ऊदपुर के ग्रामीणों के अनुसार पंचायत भवन में लगा हैंडपंप काफी समय से खराब पानी दे रहा है। समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।

जिसके बाद ब्लॉक स्तर से हैंडपंप रिबोर कराने की मूजरी मिल गई। शनिवार को बोरवेल मशीन भी गांव पहुंच गई थी, लेकिन सुबह मशीन को बिना कार्य किए वापस भेज दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों में आशंका पैदा हो गई कि हैंडपंप को पंचायत भवन से हटाकर किसी निजी व्यक्ति के मकान के पास लगाने की योजना बनाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन में लगभग पंद्रह वर्ष पूर्व हैंडपंप लगाया गया था। वर्तमान में मोहल्ले के दर्जनों परिवार इसी हैंडपंप के पानी का दैनिक उपयोग करते हैं। पानी खराब होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान अमन शर्मा, माधव सिंह, रवि शर्मा, अनिल पासवान, अमित चौधरी, अरुण वर्मा, अंकित शर्मा, भगवाना कोरी, बृह्मपाल कोरी और परविंदर ढोचक सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।

## कांग्रेसी नेता भी मौके पर पहुॅचें, पंचायत विभाग को चेताया

चौसाना। ग्रामीणो के विरोध की जानकारी मिलते ही कांग्रेसी नेता अश्वनी शर्मा को मौके पर पहुॅचें। अश्वनी शर्मा ने ग्रामीणों की समस्या को लेकर खंड विकास अधिकारी सुधीर कुमार त्यागी से फोन पर वार्ता की और पंचायत भवन परिसर में ही रिबोर कराने की मांग रखी। वही ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि ग्राम प्रधान अथवा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा हैंडपंप को किसी अन्य स्थान पर लगाने का प्रयास किया गया तो वे धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। साथ ही मांग की कि हैंडपंप का रिबोर पंचायत भवन की परिधि के भीतर ही कराया जाए, ताकि आम लोगों को पहले की तरह सुविधा मिलती रहे।

# अग्रवाल समाज का अधिष्ठापन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज द्वारा शनिवार देर शाम महाराजा अग्रसेन भवन में अधिष्ठापन एवं सदस्य सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के दौरान संस्था के सत्र 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया गया। संस्था के संरक्षक अरविंद संगल ने अध्यक्ष पद का दायित्व चंचल गोयल, महामंत्री पद का दायित्व राहुल कुच्छल तथा कोषाध्यक्ष पद का दायित्व शुभम तायल को सौंपा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज में एकता, सहयोग एवं संगठन की मजबूती पर बल दिया। समारोह सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बना रहा। इस अवसर पर संरक्षक नरेंद्र अग्रवाल, मनोज गर्ग, कृष्ण कुमार गोयल, अशोक गोयल, संदीप मित्तल, राकेश गर्ग, विशाल गुप्ता, सचिन मित्तल, विवेक बंसल, निर्भय संगल, गौरव गोयल, प्रदीप संगल, अखिल तायल, संजय अग्रवाल उपस्थित रहे।



# क्रांतिकारी दल ने अपराधीकरण पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्रांतिकारी नागरिक दल के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को शहर स्थित हनुमान टीला लाइब्रेरी में आयोजित की गई। बैठक में राजनीति के बढ़ते अपराधीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए दल के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि राजनीति में बढ़ता अपराधीकरण देश और समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा कारण राजनीति में विचारधारा की प्रतिस्पर्धा समाप्त होकर लूट-खसोट और गुंडागर्दी की होड़ लगना है। इसी कारण शिक्षित एवं सज्जन लोग राजनीति से दूरी बनाने लगे हैं और राजनीति अपराधियों की शरणस्थली बनती जा रही है।उन्होंने कहा कि इस समस्या से मुक्ति पाने के लिए आवश्यक है कि शिक्षित एवं सज्जन व्यक्ति राजनीति में सक्रिय भागीदारी करें तथा चुनाव के समय मतदाता भी शिक्षित और ईमानदार उम्मीदवार को ही वोट दें, चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित क्यों न हो। बैठक में विनोद अत्री, महेश सिरोही, रामकिशोर गर्ग, शिवकुमार शर्मा, ओमवीर तेजन सहित अन्य पदा. धिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप को हुआ ट्रायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहीद उधम सिंह स्टेडियम में रविवार को 29वीं उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के करीब 25 से 30 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



शामली एथलेटिक्स सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता 1 एवं 2 जून 2026 को पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में पुरुषोत्तम प्रथम तथा हामिद द्वितीय रहे। 200 मीटर दौड़ में राजन ने प्रथम और श्रीदेव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में हिम्मत सिंह प्रथम एवं राजीव द्वितीय रहे। 800 मीटर दौड़ में निखिल मलिक प्रथम तथा पुरुषोत्तम द्वितीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में रिहान जंग ने प्रथम तथा प्रदीप कुमार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। 3000 मीटर स्टेबल चेस में प्रदीप कुमार प्रथम एवं सचिन कुमार द्वितीय रहे। भाला फेंक प्रतियोगिता में धीरेंद्र देशवाल प्रथम रहे, जबकि हैमर थ्रो में शिवलाल ने पहला और प्रभात ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में पायल प्रथम एवं शालू द्वितीय रहीं।

200 मीटर दौड़ में रानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में सपना प्रथम तथा कविता द्वितीय रहीं। वहीं 1500 मीटर दौड़ में मुस्कान ने प्रथम एवं संजना ने द्वितीय स्थान हासिल किया।इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी हिमांशु अहलावत, आजाद चौधरी, सचिन पवार, आकाश पवार, प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर, तेजपाल, सुरेंद्र, कर्मवीर, रमेश, पीतम, धीरज, अनिल, अजय, विकास, रेशमा मौजूद रहे।

# दिव्य योग संस्थान के जितेन्द्र शर्मा बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट रजिस्टर्ड शामली के तत्वावधान में रविवार को नगर पालिका परिषद शामली में संस्था के सभी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य रमेश बजाज ने करते हुए सर्व सम्मति से जितेन्द्र शर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया।

बैठक में संस्था के संरक्षक सरवन संगल ने अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका जयपाल सिंह ने अनुमोदन किया। इसके बाद उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से जितेंद्र शर्मा को पुन: निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को फूलमालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इसके उपरांत नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें रमेश बजाज एवं विनोद शर्मा को मार्गदर्शक मंडल, सरवन संगल एवं रण कुमार शर्मा को संरक्षक, ऋषिपाल गोयल को उपाध्यक्ष, अजय शर्मा को महामंत्री, जयपाल सिंह को मंत्री, अरविंद मलिक को संगठन मंत्री, कविता गुप्ता को प्रचार मंत्री, शिक्षा शर्मा को कोषाध्यक्ष, सुभाष शर्मा को खाद्य मंत्री तथा उषा सिंह को महिला संयोजिका नियुक्त किया गया। बैठक में रविंद्र कुमार, आदेश जैन, अंकित कुमार बंसल उपस्थित रहे।

# नेत्र जांच शिविर में 32 मरीज हुए चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी स्थित गुरुद्वारा साहिब गुरु नानक दरबार में रविवार को स्वर्गीय सरदार मीरसिंह सैनी की स्मृति में डॉ. श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल, सहारनपुर के तत्वावधान में 15वें विशाल नि:शुल्क नेत्र जांच शि. विर का आयोजन किया गया।शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई।शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्या डॉ नीरज मैनपाल सैनी ने फीता काटकर किया।



रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित शि. विर में 50 वर्ष या उससेअधिक आयु के नागरिकों की आंखों की जांच की गई। इस दौरान काला मोतिया, मोतियाबिंद, रेटिना तथा अन्य नेत्र रोगों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। डॉ. मानसी ने बताया कि शिविर में काला मोतिया और रेटिना संबंधी रोगियों की संख्या अधिक रही। गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार के लिए चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि चयनित मरीजों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजने की व्यवस्था की गई है जहां उनका ऑपरेशन, आवागमन रहने और भोजन का पूरा खर्च संस्थान द्वारा वहन किया जाएगा।शिविर का संचालन कर रहे दीपक रावत ने बताया कि पूरे कार्यक्रम के दौरान लोगों की अच्छी खासी भीड़ रही। शिविर में 130 से अधिक मरीजों की जांच की गई, जिनमें 32 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इनमें से 20 मरीजों को उसी दिन नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए अस्पताल भेज दिया गया, जबकि 12 मरीजों को अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण कुछ दिनों बाद ऑपरेशन के लिए भेजा जाएगा। इसके अलावा 29 मरीजों को चश्मे भी उपलब्ध कराए गए।शिविर के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने संस्थान और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# भक्ति केवल पूजा पाठ नहीं:चंचल शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नारायण कुटुंब ट्रस्ट के तत्वावधान में शहर के हनुमान धाम पर आयोजित श्रीमद्‌भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास आचार्य चंचल शर्मा ने बाल भक्त ध्रुव और भक्त प्रहलाद के प्रेरणादायी प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।



कथा व्यास आचार्य चंचल शर्मा ने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति किसी बाहरी आडंबर से नहीं, बल्कि निष्कपट प्रेम, श्रद्धा और सच्ची भक्ति से होती है। भक्ति केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के मध्य आत्मिक प्रेम का दिव्य संबंध है। जब मनुष्य अपने हृदय को अहंकार, छल और कपट से मुक्त कर प्रभु का स्मरण करता है, तब भगवान स्वयं उसके जीवन में प्रकट होने लगते हैं। उन्होंने कहा निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा। बताया कि भगवान को केवल निर्मल हृदय और सच्चे प्रेम से ही प्राप्त किया जा सकता है। बालक ध्रुव ने अल्पायु में कठोर तप और अखंड भक्ति के माध्यम से भगवान श्रीहरि के दर्शन प्राप्त किए, जबकि भक्त प्रहलाद ने विपरीत परिस्थितियों में भी नारायण भक्ति का त्याग नहीं किया। कथा का संचालन उत्तम नामदेव ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट सदस्य डॉ. सत्यपाल सिंह, सुखबीर भटनागर, पं. विक्रांत, पं. हितेश नवानी, अन्नू मौजूद रहे।

# कैंटीन से नकदी समेत सामान ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** गांव भैसानी इस्लामपुर निवासी आशिफ पुत्र फुरकान ने थानाभवन थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी कैंटीन मेहरबान हॉस्पिटल के पीछे स्थित है, जहां वह चाय-नाश्ता और खाने-पीने का सामान बेचता है। आरोप है कि देर रात 4 से 6 अज्ञात युवक दो बाइकों पर पहुंचे और कैंटीन का ताला तोड़कर अंदर रखा खाने-पीने का सामान, गैस सिलेंडर, चूल्हा तथा करीब सात हजार रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। पीड़ित द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर कुछ संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं। घटना के बाद व्यापारियों में पुलिस गश्त को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली। पुलिस ने पीडितों की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# ईद-उल-अजहा को लेकर जनपद में तैयारियां हुई तेज, लगने लगा बकरा बाजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी 28 मई को मनाए जाने वाले ईद-उल-अजहा को लेकर जनपद में तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्व के नजदीक आते ही शहर का बकरा बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आने लगा है। शामली के दिल्ली रोड पर देर रात लगने वाले बकरा बाजार में इन दिनों खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बाजार में दूर-दराज क्षेत्रों से व्यापारी विभिन्न नस्लों के बकरे लेकर पहुंच रहे हैं। बाजार में 20 हजार रुपये से लेकर 80 हजार रुपये तक कीमत वाले बकरे बिक्री के लिए लाए जा रहे हैं। खरीदार अपनी पसंद और बजट के अनुसार बकरों की खरीदारी कर रहे हैं। बकरा व्यापारियों ईनाम, आसमोहम्मद, अकमल का कहना है कि इस बार बाजार में अच्छी संख्या में ग्राहक पहुंच रहे हैं। खासतौर पर बड़े और आकर्षक बकरों की मांग अधिक देखने को मिल रही है। कई बकरों को विशेष रूप से सजाया गया है, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शाम होते ही दिल्ली रोड स्थित बाजार में चहल-पहल बढ़ने लगती है और देर रात तक खरीदारी का दौर चलता रहता है। बच्चे और युवा भी परिवार के साथ बाजार पहुंचकर बकरों को देखने और खरीदारी का आनंद ले रहे हैं। खरीदारों का कहना है कि ईद-उल-अजहा के पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। हालांकि बकरों की कीमतें पिछले वर्ष की तुलना में कुछ अधिक हैं, फिर भी लोग अपनी क्षमता के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी सतर्क नजर आ रहा है।

# विनिश्चय सागर महाराज का शामली में धूमधाम से मंगल प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कस्बा जलालाबाद से रविवार को पूज्य वाक्ककेसरी आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर महा मुनिराज का बैंड-बाजों के साथ भव्य मंगल प्रवेश शामली स्थित दिगम्बर जैन धर्मशाला में हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर आचार्य श्री का स्वागत किया।



रविवार को आचार्य श्री का दसवां दीक्षा दिवस भी शामली में अत्यंत श्रद्धा एवं भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शामली सहित पानीपत, करनाल, दिल्ली, सरूरपुर, बड़ौत और कैराना आदि क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रवचन सुनकर धर्म लाभ प्राप्त किया। अपने मंगल प्रवचन में आचार्य ने कहा कि जीवन को महान बनाने के लिए केवल घर, साधन और बाहरी सुख-सुविधाओं को सजाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व और जीवन मूल्यों का विकास करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने घर को सुंदर बनाने में बहुत परिश्रम करता है, लेकिन यदि उसी प्रयास का कुछ भाग अपने जीवन को संवारने में लगाए, तो उसका जीवन श्रेष्ठ बन सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य की योग्यता ही उसके जीवन का निर्माण करती है। कहा कि जीवन में परिवर्तन स्थान बदलने से नहीं, बल्कि विचारों और व्यवहार में बदलाव लाने से आता है।

शिक्षा और सही समझ व्यक्ति को हर परिस्थिति में सहज व्यवहार और संवाद करना सिखाती है। कार्यक्रम के दौरान शामली जैन समाज के श्रद्धालुओं ने गुरु आशीर्वाद प्राप्त कर भक्ति एवं उल्लास के साथ आयोजन का आनंद लिया।

# स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ एवं सफाई कर्मचारी संघ का धरना रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका के पार्क में रविवार को चौथे दिन भी स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ एवं उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में कर्मचारियों का शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन जारी रहा। कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। धरनारत कर्मचारियों ने घोषणा की कि सोमवार 25 मई को नगर पालिका के अंतर्गत सफाई कार्य सहित कार्यालय का समस्त कार्य बंदी हड़ताल पर रहेगा। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि हड़ताल के दौरान उत्पन्न होने वाली स्थिति की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन एवं शासन की होगी। धरने के दौरान कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों में नगर पालि. का के बढ़ते क्षेत्रफल को देखते हुए 100 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने की मांग उठाई। इसके अलावा डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार बढ़ा हुआ वेतन देने, आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को 18 हजार रुपये मासिक वेतन प्रदान करने तथा संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ दिए जाने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन में स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ यूनियन के अध्यक्ष अमित तंश्वर, महासचिव विनोद निर्वाल, उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि, अ श्वनी, राजन पाहिवाल, जितेंद्र टांक, धर्मेंद्र झंझोट, जोगेश पाहिवाल मौजूद रहे।

# योग कक्षा व संगठनात्मक बैठक में नई कार्यकारिणी गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भारतीय योग संस्थान कैराना की ओर से रविवार को लाला नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दक्षता संयुक्त योग कक्षा एवं संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगाभ्यास के साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संजय राजवंशी को क्षेत्रीय प्रधान और श्याम सिंह को क्षेत्रीय मंत्री चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय प्रकाश लाल के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद जिला एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। योग सत्र में जिला मंत्री अलका जैन, संगठन मंत्री अशोक गोयल और महिला क्षेत्रीय प्रधान सुषमा मित्तल ने साधकों को सूक्ष्म क्रियाएं, ओम उच्चारण, गायत्री मंत्र, सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, त्रिकोणासन, धनुरासन, सिंह गर्जासन तथा अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। जिला प्रधान तरुण जैन ने अग्निसार क्रिया का अभ्यास कराते हुए योग साहित्य के महत्व पर प्रकाश डाला। वैदिक मंत्रोच्चारण और शांतिपाठ के साथ योग सत्र का समापन हुआ। इसके बाद आयोजित संगठनात्मक बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रताप सैनी, मधु सैनी, नवाब सिंह और मांगे राम को विभिन्न केंद्रों का केंद्र प्रमुख बनाया गया, जबकि सुभाष सिंघल, गुलाब सिंह और घनश्याम सिंह को सह केंद्र प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। पूर्व क्षेत्रीय प्रधान शैलेंद्र और वरिष्ठ शिक्षक वीरेंद्र सैनी संगठन के मार्गदर्शक के रूप में जुड़े रहेंगे।कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य को सेवा. निवृत्ति के उपरांत शिक्षा एवं योग के क्षेत्र में योगदान के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदीप सैनी, बिजेंद्र कश्यप, सोमपाल, ऋषिपाल, नरेंद्र, करतार सिंह, धर्मपाल सिंह, दामा. ेदर सैनी, जयकरण, आलोक शर्मा, दीपक वर्मा, विजय भारद्वाज शास्त्री, अजीत चौहान, संजय गर्ग, सुरेंद्र कुमार एडवोकेट, डॉ. जमील सहित बड़ी संख्या में योग साधक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय राजवंशी ने किया, जबकि अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# हाईटेंशन लाइन के नीचे सज रहा मेला छड़ियान

☐ हादसे की आशंका के बीच उठे सुरक्षा पर सवाल
☐ विरोध के बावजूद व्यस्त मार्ग पर तैयारियां जारी, पूर्व में झूले से युवक की मौत के बाद भी नहीं दिख रही अतिरिक्त सतर्कता।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे में भारी विरोध और सुरक्षा संबंधी आशंकाओं के बीच व्यस्त मार्ग पर 'मेला छड़ियान' की तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं। स्थानीय सभासदों और नागरिकों द्वारा पहले ही विरोध जताए जाने के बावजूद मेला सजाया जा रहा है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि मेला ग्राउंड और मुख्य प्रवेश द्वार के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर मेला लगाया जा रहा है, वह पहले से ही कस्बे का अत्यधिक व्यस्त मार्ग है, जहां दिनभर वाहनों और राहगीरों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में मेले के दौरान भारी भीड़ उमड़ने पर यातायात व्यवस्था प्रभावित होने और अव्यवस्था बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। मेले में लगाए जा रहे ऊंचे झूलों को लेकर भी लोगों में चिंता बनी हुई है। लोगों का कहना है कि पूर्व में इसी मेले के दौरान ऊंचे झूले से गिरकर एक युवक की मौत हो चुकी है। उस हादसे के बाद सुरक्षा मानकों और व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल उठे थे, लेकिन अब एक बार फिर उसी स्थान पर तैयारियां होने से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।वहीं, मेले के मुख्य द्वार और परिसर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को लेकर विद्युत विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। नागरिकों का कहना है कि आखिर किन सुरक्षा मानकों के आधार पर मेले को अनुमति और विद्युत विभाग से एनओसी दी गई। यदि मेले के दौरान झूलों, भीड़ या विद्युत लाइन के कारण कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बड़ा प्रश्न बना हुआ है।

उपखंड अधिकारी विद्युत अमित कुमार ने बताया कि मेले को शर्तों के साथ एनओसी प्रदान की गई है। हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे किसी भी प्रकार की दुकान लगाने की अनुमति नहीं होगी। यदि शर्तों का उल्लंघन किया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



## सभासद पहले ही जता चुके हैं विरोध

बताया जा रहा है कि सभासदों ने पूर्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मेले का विरोध किया था। उनका कहना था कि मेले से स्थानीय व्यापार प्रभावित होता है और सुरक्षा के लिहाज से भी यह स्थान उपयुक्त नहीं है। साथ ही पूर्व में हुई दुर्घटना का हवाला देते हुए मेले पर रोक लगाने की मांग भी उठाई गई थी।

## अनुमति प्रक्रिया पर उठने लगे सवाल

हाईटेंशन लाइन, पूर्व दुर्घटना, व्यस्त मार्ग और स्थानीय विरोध के बावजूद मेले को अनुमति मिलना अब चर्चा का विषय बन गया है। लोगों का कहना है कि यदि सुरक्षा मानकों की अनदेखी हुई और कोई घटना घटी तो जिम्मेदारी तय करना प्रशासन के लिए चुनौती बन सकती है। फिलहाल आशंकाओं और विरोध के बीच मेले की तैयारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर बहस छेड़ दी है।

## एक नजर

### कार के सामने स्कूटी लगाकर युवक पर हमला ,मुकदमा दर्ज

**कैराना।** गांव ऊंचागांव निवासी एक युवक ने रास्ता रोककर मारपीट करने और ईंट से हमला कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि हमले में उसके हाथ की उंगली टूट गई, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गंभीर चोटें आई हैं। गांव ऊंचागांव निवासी अवनी कुमार शर्मा पुत्र अनिल शर्मा ने बताया कि 23 मई की सुबह करीब सात बजे वह अपनी बहन को कैराना के एक विद्यालय में छोड़कर कार से घर लौट रहे थे। उनके साथ गांव निवासी बिजेंद्र उर्फ काला भी मौजूद था। आरोप है कि शनि मंदिर मार्ग पर पंकज शर्मा पुत्र सत्यदेव शर्मा ने अपनी स्कूटी उनकी कार के सामने लगाकर रास्ता रोक लिया। पीड़ित के अनुसार स्कूटी हटाने के लिए कहने पर आरोपी आगबबूला हो गया और गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद उसने कार की खिड़की खोलकर अवनी पर ईंट से हमला कर दिया। हमले में उनके बाएं हाथ की उंगली टूट गई तथा कोहनी और कमर पर भी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे मनोज और बिजेंद्र ने बीच-बचाव का प्रयास किया। इसी दौरान आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। आरोप है कि भीड़ जुटती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक से मारपीट के बाद तीन राउंड फायरिंग का आरोप

**कैराना।** नगर के मोहल्ला खेलकलां में दो दिनों के भीतर एक ही परिवार के तीन भाइयों के साथ मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद समेत कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला खेलकलां खुरगान रोड निवासी आबिद पुत्र आरिफ ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि 11 मई की रात करीब 9:30 बजे उसका छोटा भाई जमील ईदगाह रोड स्थित एक दुकान पर कोल्ड ड्रिंक लेने गया था। आरोप है कि वहां मौजूद तालिब, इनाम, महबूब, सलमान, रहमान और अन्य लोगों ने उसे पकड़ लिया तथा गाली-गलौज शुरू कर दी। भाई को बचाने पहुंचे आबिद के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान तीन राउंड फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घायल आबिद का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। आबिद का आरोप है कि अगले दिन 12 मई की शाम उसका बड़ा भाई आमिल रामड़ा रोड स्थित खेत से घर लौट रहा था। तभी बाबा सिल्ले के बाग के निकट रहमान अपने तीन साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर पहुंचा और आमिल के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। आसपास से गुजर रहे लोगों ने हस्तक्षेप कर उसे बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों से परिवार की जान को खतरा बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पांच लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**कैराना।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक राजकुमार और कांस्टेबल मोनू शनिवार शाम क्षेत्र में शांति व्यवस्था, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान अलीपुर रोड स्थित विजय पथिक डिग्री कॉलेज के पीछे बाउंड्री के पास एक युवक हाथ में प्लास्टिक की जरीकैन लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह तेजी से कच्चे रास्ते की ओर बढ़ने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर युवक को कुछ दूरी पर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम वसीम पुत्र नसीम निवासी नई बस्ती काजी का बाग, कैराना बताया। पुलिस द्वारा जरीकैन की जांच करने पर उसमें कच्ची शराब भरी मिली। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह शराब का कुछ हिस्सा खुद पीता है और बाकी बेचकर परिवार का खर्च चलाता है। बरामद पांच लीटर कच्ची शराब में से एक लीटर नमूने के रूप में सुरक्षित किया गया, जबकि शेष चार लीटर शराब को सील कर कब्जे में ले लिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# आरसीसी सड़क निर्माण को लेकर दो पक्ष आमने-सामने, एक पक्ष ने रुकवाया काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के ऊदपुर ग्राम पंचायत के मजरा मंगलोरा में आरसीसी सड़क निर्माण को लेकर शनिवार शाम दो पक्षों के बीच विवाद खड़ा हो गया। एक पक्ष ने सड़क को ग्राम सभा की भूमि बताते हुए निर्माण कार्य जारी रखने की मांग की, जबकि दूसरे पक्ष ने जमीन को निजी बताते हुए सड़क निर्माण का विरोध किया। विवाद बढ़ने पर मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

मंगलोरा गांव में राजसिंह के घर के सामने से लेकर विरेन्द्र के मकान तक करीब 90 फुट लंबी आरसीसी सड़क ग्राम पंचायत की ओर से बनाई जा रही थी। शनिवार शाम निर्माण के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली से ईंटों का रोड़ा डाला जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान रामवीर, रणवीर समेत आठ-दस युवक लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए और सड़क को निजी जमीन बताते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। उन्होंने ट्रैक्टर चालक को वहां से हटने के लिए कहा। शोर-शराबा होने पर दूसरे पक्ष के सुमित, अमित और ओमकार भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ने लगी तो किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। चौसाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। पुलिस ने दोनों पक्षों को अपने-अपने कागजात लेकर चौकी पहुंचने के निर्देश दिए। आरोप है कि सुमित, अमित और ओमकार अपने कागजात लेकर चौकी पहुंचे, जबकि दूसरे पक्ष के लोग वहां नहीं पहुंचे। इसके बाद सुमित, अमित और ओमकार ने चौसाना पुलिस को तहरीर देकर आरसीसी सड़क निर्माण में बाधा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**ग्राम पंचायत सचिव दीपक शर्मा** ने बताया कि मंगलौरा में करीब डेढ़ लाख रुपये की लागत से आरसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। एक पक्ष द्वारा काम रुकवाए जाने के कारण फिलहाल निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। विवाद समाप्त होने के बाद आगे का कार्य शुरू कराया जाएगा।

# प्रदेश सरकार ने बढ़ाई मजदूरी और महंगाई भत्ते की दरें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मजदूरी और महंगाई भत्ते की दरों में बढ़ोतरी की है। सहायक श्रमायुक्त अरविन्द कुमार मद्धेशिया ने बताया कि शासन की अधिसूचना दिनांक 17 अप्रैल 2026 के तहत 74 अनुसूचित नियोजनों में नई दरें लागू की गई हैं। यह बढ़ी हुई दरें 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी। जनपद शामली में अकुशल श्रमिकों के लिए कुल मासिक मजदूरी 12,356 रुपये, अर्द्धकुशल के लिए 13,590 रुपये तथा कुशल श्रमिकों के लिए 15,224 रुपये निर्धारित की गई है। ईंट भट्ठों में कार्यरत श्रमिकों, पथेरा, भराई व निकासी करने वाले मजदूरों के लिए भी नई दरें तय की गई हैं। इसके अलावा होटल और रेस्टोरेंट उद्योग में कार्यरत कर्मचारियों के लिए भी महंगाई भत्ते में वृद्धि की गई है। 10 से कम कर्मकार वाले प्रतिष्ठानों से लेकर स्टार होटल तक के कर्मचारियों की श्रेणीवार मजदूरी दरों में संशोधन किया गया है। वहीं वैक्यूम पेन चीनी मिलों में कार्यरत श्रमिकों को भी परिवर्तनीय महंगाई भत्ता अनुमन्य किया गया है। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि मजदूरी दरों को लागू कराना सुनिश्चित करें।

## धान रोप रहे मजदूरों के मोबाइल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गढ़ी हसनपुर के जंगल में बिहार निवासी दो मजदूर धान की रोपाई कर रहे थे। इसी दौरान चोर उनके मोबाइल चोरी कर फरार हो गए। मजदूरों ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी मौके से भाग निकले। घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर चौसाना बाईपास मार्ग निवासी नौशाद पुत्र नवाज अली के घर के बाहर खड़े दो ट्रकों को भी बदमाशों ने निशाना बनाया। देर रात बाइक सवार तीन बदमाश ट्रकों में लगी चार बैटरियां चोरी कर ले गए। इसके अलावा मोहल्ले निवासी लुकमान के घर के बाहर बंधा बकरा भी बदमाश चोरी कर ले गए।

# भाजपा का प्रशिक्षण शिविर हुआ संपन्न

**शामली।** भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन हो गया। शहर के सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

दो दिनों तक चले प्रशिक्षण वर्ग में 11 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन, सरकार की योजनाओं, सोशल मीडिया, प्रबंधन और विचार परिवार से संबंधित जानकारी दी। प्रशिक्षण वर्ग का समापन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने किया। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री बृजेश कुमार सिंह ने मोदी सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, पीएम स्वनिधि योजना और मातृ वंदन योजना जैसी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने कार्य विस्तार की दृष्टि पर विचार रखे, जबकि डीके शर्मा ने प्रबंधन विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। प्रदेश संयोजक आईटी विभाग हर्ष चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप एवं सरल ऐप के उपयोग की जानकारी दी।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर, सहारनपुर।**

संख्या: 274/ राजस्व अहलमद दिनांक: मई 22, 2026

वाद संख्या-5322/2026 कंप्यूटरीकृत वाद संख्या- टी202609600105322

ऐश्वर्य भटनागर आदि **बनाम** विजयपाल आदि

1. ऐश्वर्य भटनागर पुत्र प्रशानत स्वरूप भटनागर निवासी सी-7, शिवालिक मालवीय नगर हौजखास साउथ दिल्ली द्वारा मुख्तयारेआम संजय भटनागर पुत्र दयाकिशन भटनागर निवासी 1166/6, अर्बन स्टेट, करनाल (हरियाणा) 2. प्रतीक केरे पुत्र प्रशान्त स्वरूप भटनागर निवासी बी-504 शिप्रामियो सनसिटी गेट नम्बर-4 इन्दिरापुरम गाजियाबाद द्वारा मुख्तयारेआम संजय भटनागर पुत्र दयाकिशन भटनागर निवासी 1166/6, अर्बन स्टेट करनाल (हरियाणा) 3. साधना भटनागर पत्नी प्रशान्त स्वरूप भटनागर निवासी सी-7 शिवालिक मालवीय नगर हौजखास साउथ दिल्ली द्वारा मुख्तयारेआम संजय भटनागर पुत्र दयाकिशन भटनागर निवासी 1166/6 अर्बन स्टेट करनाल (हरियाणा) .....**अपीलान्टस**

**बनाम**

1. विजयपाल पुत्र ताराचन्द 2. सुशील कुमार पुत्र ताराचन्द 3. श्रीमती कमला विधवा ताराचन्द प्रत्येक निवासी रामगढ़ मजरा दराआली हौजखेडी रोड सहारनपुर परगना तहसील व जिला सहारनपुर 4. हरिओम राजस्व निरीक्षक (कार्यालय) तहसील सदर जिला सहारनपुर। ....**रेस्पोन्डेन्टस**

**वाद अन्तर्गत पाय 35 (2) अधिनियम, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 राजस्व संहिता-2006 स्थित ग्राम दराआली स्वाद बैरून परगना व तहसील व जिला सहारनपुर।**

(रेस्पोन्डेन्टस 1. विजयपाल पुत्र ताराचन्द 2. सुशील कुमार पुत्र तारांचन्द 3. श्रीमतो कमला विधवा ताराचन्द प्रत्येक निवासी रामगढ़ मजरा दराआली हौजखेडी रोड सहारनपुर परगना तहसील व जिला सहारनपुर।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपील उपरोक्त ऐश्वर्य भटनागर पुत्र प्रशान्त स्वरूप भटनागर निवासी सी-7. शिवालिक मालवीय नगर हौजखास साउथ दिल्ली द्वारा मुख्तयारेआम संजय भटनागर पुत्र दयाकिशन भटनागर निवासी 1166/6, अर्बन स्टेट, करनाल (हरियाणा) 2. प्रतीक केरे पुत्र प्रशान्त स्वरूप भटनागर निवासी बी-504 शिप्रानियो सनसिटी गेट नम्बर-4 इन्दिरापुरम गाजियाबाद द्वारा मुख्तयारेआम संजय भटनागर पुत्र दयाकिशन भटनागर निवासी 1166/6, अर्बन स्टेट करनाल (हरियाणा) 3. साधना भटनागर पत्नी प्रशान्त स्वरूप भटनागर निवासी सी-7 शिवालिक मालवीय नगर हौजखास साउथ दिल्ली द्वारा मुख्तयारेआम संजय भटनागर पुत्र दयाकिशन भटनागर निवासी 1166/6 अर्बन स्टेट करनाल (हरियाणा) द्वारा योजित किया गया है, जिसमें आपको उत्तरदातागण बनाया गया है, जिसमें दिनांक 27.05.2026 नियत है। अत: आप उपरोक्त अपील में नियत दिनांक 27.05.2026 को सुबह 11.00 बजे आम स्वंय या अपने पैरोकार के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी अपील की पैरवी करें। यदि नियत दिनांक पर आप उपस्थित नहीं होते है। तो यह समझा जायेगा कि आपको उक्त अपील में कुछ नहीं कहना है और अपील में न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिये जायेगें।

**उपजिलाधिकारी,**
सदर, सहारनपुर।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर, सहारनपुर।**

संख्या: 275/ राजस्व अहलमद दिनांक: 22 मई 2026

वाद संख्या-5326/2026 कंप्यूटरीकृत वाद संख्या- टी202609600105326

**ऐश्वर्य भटनागर** आदि बनाम **विजयपाल** आदि

1. ऐश्वर्य भटनागर पुत्र प्रशानत स्वरूप भटनागर निवासी सी-7, शिवालिक मालवीय नगर हौजखास साउथ दिल्ली द्वारा मुख्तयारेआम संजय भटनागर पुत्र दयाकिशन भटनागर निवासी 1166/6, अर्बन स्टेट, करनाल (हरियाणा) 2. प्रतीक केरे पुत्र प्रशान्त स्वरूप भटनागर निवासी बी-504 शिप्रामियो सनसिटी गेट नम्बर-4 इन्दिरापुरम गाजियाबाद द्वारा मुख्तयारेआम संजय भटनागर पुत्र दयाकिशन भटनागर निवासी 1166/6, अर्बन स्टेट करनाल (हरियाणा) 3. साधना भटनागर पत्नी प्रशान्त स्वरूप भटनागर निवासी सी-7 शिवालिक मालवीय नगर हौजखास साउथ दिल्ली द्वारा मुख्तयारेआम संजय भटनागर पुत्र दयाकिशन भटनागर निवासी 1166/6 अर्बन स्टेट करनाल (हरियाणा) ...**अपीलान्टस**

**बनाम**

1. विजयपाल पुत्र ताराचन्द 2. सुशील कुमार पुत्र ताराचन्द 3. श्रीमती कमला विधवा ताराचन्द प्रत्येक निवासी रामगढ़ मजरा दराआली हौजखेडी रोड सहारनपुर परगना तहसील व जिला सहारनपुर 4. हरिओम राजस्व निरीक्षक (कार्यालय) तहसील सदर जिला सहारनपुर। ...**रेस्पोन्डेन्टस**

**वाद अन्तर्गत धारा 35 (2) अधिनियम, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 राजस्व संहिता-2006 स्थित ग्राम चकआदमपुर परगना व तहसील व जिला सहारनपुर।**

(रस्पोन्डेन्टस 1. विजयपाल पुत्र ताराचन्द सुशील कुमार पुत्र ताराचन्द 3. श्रीमती कमला विधता ताराचन्द प्रत्येक निवासी रामगढ़ मजरा दराआली हौजखेडी रोड सहारनपुर परगना तहसील व जिला सहारनपुर। एतद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपोल उपरोक्त ऐश्वर्य भटनागर पुत्र प्रशान्त स्वरूप भटनागर निवासी सी-7, शिवालिक नालवीय नगर हौजखास साउथ दिल्ली द्वारा मुख्तयारेआम संजय भटनागर पुत्र दयाकिशन भटनागर निवासी 1166/6, अर्बन स्टेट, करनाल (हरियाणा) 2. प्रतीक केरे पुत्र प्रशान्त स्वरूप भटनागर निवासी बी-504 शिप्रामियो सनसिटी गेट नम्बर-4 इन्दिरापुरम गाजियाबाद द्वारा मुख्तयारेआम संजय भटनागर पुत्र दयाकिशन भटनागर निवासी 1166/6, अर्बन स्टेट करनाल (हरियाणा) 3. साधना भटनागर पत्नी प्रशान्त स्वरूप भटनागर निवासी सी-7 शिवालिक मालवीय नगर हौजखास साउथ दिल्ली द्वारा मुख्तयारेआम संजय भटनागर पुत्र दयाकिशन भटनागर निवासी 1166/6 अर्बन स्टेट करनाल (हरियाणा) द्वारा योजित किया गया है, जिसमें आपको उत्तरदातागण बनाया गया है, जिसमें दिनांक 27.05.2026 नियत है। अत: आप उपरोक्त अपील में नियत दिनांक 27.05.2026 को सुबह 11.00 बजे आप स्वंय या अपने पैरोकार के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी अपील की पैरवी करें। यदि नियत दिनांक पर आप उपस्थित नहीं होते है। तो यह समझा जायेगा कि आपको उक्त अपील में कुछ नहीं कहना है और अपील में न्यायालय द्वारा सनुचित आदेश पारित कर दिये जायेगें।

**उपजिलाधिकारी,**
सदर, सहारनपुर।

# गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए लोग कर रहे हैं असुविधा का सामना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्ध का असर अभी तक बाकी है। कच्चा तेल महंगा होने के कारण जहां लगातार पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी हो रही है वहीं घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को अब तक लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। जिसके चलते भीषण गर्मी में भी गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ बनी हुई है।

एलपीजी गैस की किल्लत लगातार बरकरार है। घरेलू गैस की डिलीवरी के बाद 25 दिन का समय बुकिंग के लिए दिया गया है। लेकिन बुकिंग करने के बाद भी 20 से 25 दिनों तक भी डीएसी (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) नहीं आ पा रहा है। इससे लोग हलकान है और बार बार एजेंसी के चक्कर लगाने को मजबूर है। गैस एजेंसी पर लंबी लाइन में लगे कृष्ण कुमार, शोकेंद्र, मो. निका, बुरहान, मोहम्मद कमाल, ललित, सुनीता, पंकज आदि ने बताया कि उन्होंने 20 दिन पहले गैस की बुकिंग कराई थी, लेकिन अभी तक भी डीएसी नंबर नहीं उनके मोबाइल पर नहीं आया। मजबूर होकर वह एजेंसी पर आए है। कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी उनकी समस्या का निदान नहीं हो पाया है। कई लोगों ने बताया कि गैस सिलेंडर खत्म होने के बाद से घर में खाना पकाने की समस्या खड़ी हो गई है। बार बार मांग के बावजूद भी उन्हें सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है। जबकि कुछ लोगों ने कहा कि उनका गैस सिलेंडर तक बुक नहीं हो पा रहा है। देवबंद गैस एजेंसी के अर्जुन सिंह का कहना है कि रूटीन में गैस आ रही है, जिन लोगों के मोबाइल पर डीएसी नंबर पहुंच रहे है, उन्हें गैस सिलेंडर दिए जा रहे है।

# श्रीमद भागवत कथा विधि विधान के साथ हुई संपन्न

**देवबन्द।** श्री गीता भवन में चल रही श्रीमद भागवत कथा विधि विधान के साथ संपन्न हुई। अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य विनय प्रकाश तिवारी ने सूत गोस्वामी, शौनक जी महाराज एवं नैमिषारण्य के ऋषियों का प्रसंग सुनाया।

कथा व्यास आचार्य विनय प्रकाश तिवारी ने बताया कि सूत जी ऋषियों को बताते हैं कि कैसे शुकदेव ने राजा परीक्षित के भय को मिटाकर उन्हें ब्रह्मलीन कर दिया था। कहा कि भगवान के नाम का संकीर्तन करने मात्र से संसार के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं और जिन्हें प्रणाम करने से जीवन के सारे दुख शांत हो जाते हैं। उन परम तत्व स्वरूप श्री हरि को हम बार-बार प्रणाम करते हैं। इसी परम वंदना और हरि नाम की महिमा के साथ सूत जी और शौनक महाराज का यह दिव्य संवाद समाप्त होता है। उन्होंने कहा कि कलयुग रूपी अंधकार में भटके हुए जीवों के लिए श्रीमद् भागवत साक्षात सूर्य के समान है। इस दौरान काफी संख्या में महिला व पुरुष संयुक्त रूप से शामिल रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पासपोर्ट सं० **N9389069** में मेरे पति का नाम **MOHD SARVAR** दर्ज है, जोकि गलत है, मेरे पति का वास्तविक नाम **MOHAMMAD SARVAR** है, जो मेरे आधार कार्ड में भी दर्ज है। जोकि सही है।

**हाज़रा बेगम** पत्नी मोहम्मद सरवर
निवासी- 175, लाल मस्जिद,
कस्बा-थानाभवन, जिला- शामली,
उ0प्र0।

# पोल गिरने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप होने से गांवों के किसान हुए प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वाहन को बचाने के चक्कर में जेसीबी ने विद्युत पोल में टक्कर मार दी। इससे पोल जमींदोज हो गया। पोल गिरने के कारण आपूर्ति ठप होने से चार गांवों के किसान प्रभावित हुए है।

खेड़ामुगल मकनपुर मार्ग पर पुंडेन फीडर से जुड़ा विद्युत पोल खड़ा है। रविवार सुबह करीब सात बजे मकनपुर गांव की ओर जा रही जेसीबी मशीन तेज गति से आ रही कार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर उक्त पोल से टकरा गई। इससे पोल जमीन पर जा गिरा और विद्युत आपूर्ति ठप हो गई।



ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ऊर्जा निगम के अधिकारियों को जानकारी दी। गांव खेड़ामुगल, मकनपुर, डांकोवाली, पुंडेन गांव के किसानों मांगेराम, कुलदीप, सिंह, सुरेशपाल, मा. रणभीर सिंह, मा. अशोक कुमार, गुलजार, नूर मोहम्मद, मंगलसेन, पप्पन कुमार आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त पोल से उनके खेतों में ट्यूबवेल आदि चलते है। विद्युत पोल टूटने से वह सिंचाई नहीं कर पा रहे है। मौके पर पहुंचे निगम के जेई सूर्यभान प्रजापति ने किसानों को आश्वासन दिया कि तुरंत कार्य शुरू कराया जा रहा है। जल्द ही पोल को दुरुस्त करा दिया जाएगा।

# संगठन को मिला दूरदर्शी नेतृत्व, राकेश जैन बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सहारनपुर।** सहारनपुर के गौरव एवं समाजसेवा की मिसाल टोली शोरमियान के चौधरी राकेश कुमार जैन कलेक्ट्रेट वाले को भारतीय जैन मिलन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया जाना पूरे जैन समाज के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। वर्षों से संगठन में राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री के रूप में सक्रिय रहकर उन्होंने अपनी कार्यकुशलता, सरल व्यक्तित्व, अनुशासित कार्यशैली और समर्पित सेवाभाव से एक विशेष पहचान बनाई है। राकेश जैन ने सदैव समाजहित को सर्वोपरि रखते हुए संगठन को मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और सामाजिक एकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सकारात्मक सोच, कुशल नेतृत्व क्षमता और अथक परिश्रम के कारण संगठन निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हुआ है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर समाज के विभिन्न वर्गों में हर्ष का वातावरण है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भारतीय जैन मिलन सेवा, संस्कार और संगठन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। राकेश जैन के मनोनीत होने पर वीर पंकज जैन सर्राफ अध्यक्ष, वीर अमित जैन माधुबिहार मंत्री, वीर दीपक जैन जवाहर नगर कोषाध्यक्ष एवं समस्त जैन मिलन अरिहंत परिवार ने भी खुशी का इजहार किया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा एकलौता पुत्र **रिषभ कुमार** मेरे कहने-सुनने में नहीं है। **रिषभ कुमार** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में **रिषभ कुमार** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**नरेन्द्र कुमार** पुत्र श्री **रामदिया** निवासी ग्राम कलरी थाना सरसावा जिला सहारनपुर


**Dev Bhoomi School of Professional Studies**

Estd. 2010

Affiliated with Maa Shakumbhari University- Saharanpur (U.P.)

Campus: 7 Km. Milestone Dabki Road, Vill, Berijama, Dabki Road, Ahtemal Via Civil Hospital, Saharanpur M.: 7351907907, 9719673379

Offers under graduate programmes **B.B.A., B.Com. B.C.A.** to teach the mentioned subjects/courses qualified and experienced persons are requested to send their resumes with relevant documents within 07 days from the date of publication of this advertisement.

REQUIRED

| Sr. No. | Position | Qualification & Pay Scale |
|---|---|---|
| 1 | Professor | As per University/ AICTE Scale & Norms |
| 2 | Associate Professor | |
| 3 | Assistant Professor | |

Note: Please indicate the name of position applied in subject at

job@dbgisre.edu.in

# गंगा दशहरा पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर शाहजहांपुर स्थित यमुना नदी किनारे लगने वाले एक दिवसीय मेले में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

सोमवार 25 मई को मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एसपी देहात द्वारा पूर्व में मेला स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। प्रशासन का विशेष फोकस यमुना नदी के उन स्थानों पर है जहां पानी की गहराई अधिक है। बताया जा रहा है कि अटल घाट के कुछ हिस्सों में यमुना नदी का जलस्तर और गहराई ज्यादा होने के कारण श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए। पुलिस द्वारा विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के नेर्तत्व में शाहजहांपुर चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह तोमर एवं एसआई रामप्रकाश शर्मा पुलिस टीम के साथ नाव के माध्यम से नदी के गहरे स्थानों को चिन्हित करवा रहे हैं तथा वहां बल्लियों से बैरिकेटिंग कराने का कार्य कराया जा रहा है, ताकि कोई भी श्रद्धालु गहरे पानी की ओर न जा सके।

इसके अलावा मेला परिसर एवं यमुना घाट क्षेत्र में पुलिस बल, गोताखोरों की तैनाती एवं अग्निशमन विभाग की टीम भी मौजूद रहेगी। वहीं श्रद्धालुओं में भी गंगा दशहरा पर्व को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। नदी किनारे स्थित शिव मंदिर में भक्तों द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भी कराया जा रहा है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर है।

## गल्ले से नकदी उड़ाई

**अंबेहटा।** कस्बे के व्यस्त इलाके जामा मस्जिद के पास स्थित एक जनरल स्टोर में चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर करीब 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

पीड़ित दुकानदार समीउर्रहमान ने बताया कि वह शाम के समय नमाज पढ़ने के लिए जामा मस्जिद गए हुए थे। जब वह वापस लौटे तो दुकान के गल्ले का ताला टूटा हुआ मिला। गल्ले में रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी गायब थी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर दुकानदार से जानकारी जुटाई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से लगा घंटों जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** थाना नकुड क्षेत्र के गांव बान्दुखेड़ी के पास रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉली फन्दपुरी की ओर से सहारनपुर जा रही थी। इसी दौरान सामने अचानक आए एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक संतुलन खो बैठा और लकड़ी से लदी ट्रॉली सड़क पर पलट गई। ट्रॉली पलटते ही लकड़ियां सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गईं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। नकुड-गंगोह मार्ग पर लगा लंबा जाम। हादसे के बाद नकुड-गंगोह मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग घंटों जाम में फंसे रहे।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और फंदपुरी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तुरंत यातायात व्यवस्था संभाली और स्थानीय लोगों की मदद से पलटी ट्रॉली व सड़क पर बिखरी लकड़ियों को हटाने का कार्य शुरू कराया।

काफी देर की मशक्कत के बाद मार्ग को सुचारु कराया जा सका। पुलिस ने लोगों से सड़क पर सावधानी बरतने और ओवरलोड वाहनों से दूरी बनाए रखने की अपील की है।

# हक पाने को संगठित हों: साहब सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** पूर्व कैबिनेट मंत्री साहब सिंह सैनी ने कहा कि समाज को अपना हक और स्वाभिमान पाने को संगठित होकर संख्याबल के हिसाब से राजनी.तिक हिस्सेदारी पाने को संघर्ष करना होगा।

गांव शकरपुर में आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित स्वजातीय बंधुओं को सम्बोद्धित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि समाज की एकजुटता के लिए सहारनपुर में बिगुल बज गया है। जिसे अब सर्वत्र बजाने की आवश्यकता है। महापुरुषों महाराजा शूर सैनी, सम्राट अशोक, महाराजा भगीरथ, चंद्रगुप्त मौर्य, महात्मा ज्योति. बा फुले के कदमों पर चल खोया राजनीति गौरव पाना होगा। अध्यक्षता राजेश नागल व संचालन नवीन सैनी ने किया। जिलाध्यक्ष अनुज सैनी, राधेश्याम, ध्यान सिंह, सुशील प्रधान, अमिनेश प्रधान नंदपुर, रमेश प्रधान गांधीनगर, दीपक सैनी, सुभाष, बलराज, मानसिंह, सुशील, राजकुमार, ऋषिपाल सुखेड़ी, प्रीतम, देवेंद्र, रगबीर, सुरेन्द्र, विपुल आदि रहे।

# युवती को सकुशल खोजकर परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने कानून व्यवस्था संभालने के साथ-साथ एक बार फिर अपनी मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह के आद. ेशानुसार और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक के कुशल निर्देशन में, महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 और ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत फतेहपुर पुलिस ने एक बहुत ही पुनीत कार्य को अंजाम दिया है। क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन और प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राह भटकी और मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवती को सकुशल रेस्क्यू कर उसके परिवार जनों के सुपुर्द कर दिया है।

इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि रविवार को पीआरवी 7993 के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम बढेढ़ी घोघू क्षेत्र में एक युवती मानसिक रूप से अस्वस्थ स्थिति में घूमती हुई पाई गई है। सूचना मिलते ही




थाना फतेहपुर में तैनात उपनिरीक्षक अमित सोनी और महिला हेड कांस्टेबल संगीता तुरंत मौके पर पहुंचे और युवती को अपनी सुरक्षा में लिया। जब महिला पुलिसकर्मी संगीता ने बेहद संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ युवती से पूछताछ की, तो उसने अपना नाम मधु कुशवाहा पुत्री रामप्रकाश बताया, जो कि नारायण नगर, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी, जिला इटावा की रहने वाली है।

युवती के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शुरुआत में उसे राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन महिला फतेहपुर में दाखिल कराया गया था, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल तकनीकी और स्थानीय स्तर पर प्रयास करते हुए इटावा में उसके परिजनों से संपर्क साधा। कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार युवती के भाई संजीत और पिता रामप्रकाश से संपर्क हो सका, जो अपनी बेटी के लापता होने से बेहद परेशान थे। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत सहारनपुर पहुंचे, जहां रिक्रूट महिला कांस्टेबल 829 दीक्षा और पुलिस टीम की मौजूदगी में आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मधु को उसके भाई और पिता के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी खोई हुई बेटी को सही-सलामत वापस पाकर परिजनों की आंखें भर आईं और उन्होंने फतेहपुर पुलिस तथा इस सराहनीय ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम, जिसमें प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा, उपनिरीक्षक अमित सोनी, महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर, महिला हेड कांस्टेबल बबीता और रिक्रूट महिला कांस्टेबल दीक्षा शामिल रहीं, उनका दिल से आभार व्यक्त किया।

# फतेहपुर पुलिस ने दो नशा तस्कर चरस के साथ दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी करते हुए दो शातिर नशा तस्करों को भारी मात्रा में अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

इस एक्शन के तहत पहली सफलता दोपहर करीब पौने एक बजे मिली, जब उपनिरीक्षक सजल कुमार की टीम ने केडी पब्लिक स्कूल के पास कच्चे रास्ते से मुनव्वर उर्फ बग्गा निवासी ग्राम नानका को दबोच लिया। जामा तलाशी में उसके कब्जे से 229 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पकड़े गए 25 वर्षीय मुनव्वर का पुराना आपराधिक इतिहास है, जिसके खिलाफ पहले से ही एनडीपीएस, मारपीट और आबकारी अधिनियम के कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ मुक. दमा अपराध संख्या 203/26 दर्ज किया है।

इसी क्रम में दूसरी सफलता दोपहर करीब सवा एक बजे मिली, जब उपनिरीक्षक अमित सोनी की टीम ने गंदेवड़ा के जंगल के पास से 31 वर्षीय फैजान निवासी ग्राम गंदेवड़ा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 201 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। इसके खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 204/26 पंजीकृत किया गया है।

# सैनी समाज की प्रतिभाएं सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रगतिशील सैनी सभा द्वारा आज आईएएस विवेक सैनी समेत वर्ष 2026 के इंटर व हाईस्कूल के 240 मेधावी तथा 10 विशिष्ट योग्यता वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

सेठ गंगादास माहेश्वरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने किया। उन्होंने मेधावी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिये निरंतर मेहनत का आहवान किया। सभा के अध्यक्ष अभय सैनी एडवोकेट ने कहा कि बच्चों की हौंसला अफजाई के लिये ऐसे कार्यक्रमों की नितांत आवश्यकता है। कार्यक्रम को कांग्रेस नेता अशोक सैनी, गन्ना समिति चेयरमैन मुल्कीराज सैनी, चौ.विक्रम सैनी, पूर्व मंत्री साहब सिंह सैनी, पूर्व मंत्री डा.धर्मसिंह सैनी, पूर्व विधायक नरेश सैनी, राज्यमंत्री उत्तराखंड सरकार श्यामवीर सैनी, जे डी कौशल, विवेक सैनी ने भी समाज की एकजुटता पर जोर दिया। कार्यक्रम में पूरे जनपद से 240 मेधावी छात्र-छात्राओं, 10 विशेष योग्यता एवं एक उत्कृष्ट योग्यता आईएएस विवेक सैनी को सम्मानित किया गया। विनित सैनी, पवन सैनी, रफल सैनी, डा.नकलीराम सैनी, सोमपाल सैनी, ओमपाल सैनी, नीरज सैनी, मोहन सैनी, मोहित नगली, अभिषेक व लविश सैनी मौजूद रहे।

अध्यक्षता हितेंद्र सैनी तथा संचालन मा यशपाल सिंह व नरेश सैनी ने किया।

# जाति धर्म से ऊपर उठकर करें राजनीति: मौलाना मुकर्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना मुकर्रम हुसैन ने कहा कि धर्म और जाति से ऊपर उठ कर की जाने वाली राजनीति ही देश हित में होती है। राजनीति का मकसद देश को एकजुट रखते हुए विकसित बनाना होना चाहिए।

मदरसा दारुल उलूम शब्बीरिया के मो. हतमिम हजरत मौलाना मुकर्रम हुसैन ने कहा कि कई बार धर्म और जाति की राजनीति लोगों के बीच दूरियां पैदा कर देती है और नफरत का सबब बन जाती है। इसलिए धर्म और जाति से ऊपर उठ कर राजनीति की जानी चाहिए ताकि भाईचारा कायम रहे और देश विकसित बने।उन्होंने कहा कि जब किसी राजनैतिक दल या प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा किसी धर्म या जाति पर निशाना साधा जाता है तो बहुत से लोग उन बातों के आधार पर दूसरों से दूरी बनाने लगते हैं।निश्चित रूप से यह देश हित में नहीं कहा जा सकता। हजरत मौलाना मुकर्रम हुसैन ने कहा कि सभी धर्म और जातियों के लोगों से मिलकर एक राष्ट्र बनता है।जहाँ लोग मिल जुल कर रहते हैं वहाँ उन्नति होती है।उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का खूबसूरत देश है क्योंकि यहाँ सभी धर्मों और जातियों के लोग एक साथ रहते हैं। मौलाना मुकर्रम ने कहा कि यदि कोई धर्म और जाति की राजनीति करने की कोशिश करे तो उसे महत्त्व नहीं दिया जाना चाहिए।

# एक दूसरे से परस्पर सहयोग करें एआरपी कार्यकर्ता: केशव प्रसाद



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में एक दिवसीय शैक्षणिक गुणवत्ता उन्नयन संगोष्ठी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की प्रदेश कार्य समिति बैठक आयोजित की गई।

गुर्जर भवन में आयोजित संगोष्ठी में मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय के डीन एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो चंद्रशेखर ने एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स के कार्यों की सराहना करते हुए उनका महत्व बताया। प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही ने विभिन्न जिलों में संगठन के संघर्ष और समस्याओं की निराकरण पर प्रकाश डालते हुए परस्पर सहयोग का आह्वान किया। संगठन के प्रदेश महामंत्री प्रवीण चौधरी ने संगठन की अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए अपने ओजस्वी वक्तव्य से संगठन में ऊर्जा का संचार किया। प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र दूबे ने एकेडमिक रिसोर्स पर्सन के पद का इतिहास बताते हुए उसकी चुनौतियां एवं परिस्थितियों पर प्रकाश डाला। प्रदेश संगठन मंत्री शरद राय, कोषाध्यक्ष सर्वेश गौतम, प्रवक्ता संजय बाजपेई, प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ पूनम सिंह, डॉ शिल्पा शुक्ला, संगठन मंत्री सत्येंद्र शुक्ला एवं मंडल अध्यक्ष अवनीश सिंह ने भी अपने वक्तव्य दिये।

कार्यक्रम का कुशल संचालन महामंत्री डॉ गोपाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम मे तेजपाल सिंह योगेंद्र कुमार डॉक्टर अजय कुमार शर्मा शशिकांत संदीप कुमार राजेंद्र सहगल डॉक्टर अंतिम जैन अर्चना रानी श्रवण संजय रोहिल्ला पूनम तनेजा नीरज सैनी बृजेश सिंह प्रीति कविता पंडित अनीता राठौर पूनम देवबंद पारुल धर्मवीर देवेंद्र गोयल पंकज कुमार, अनूप सिद्दीकी अरशद खलील मिर्जा एशिया सिद्दीकी हरी मोहन शर्मा शुभम आदि लोगों की उपस्थिति रहे।

# पुलिस का स्वस्थ रहना जरूरी: आयुषी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुलिस जवानों के स्वास्थ्य और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए पुलिस लाइन में आहार की पाठशाला-स्वस्थ पुलिस वाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक यातायात शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम रविकांत परासर, प्रतिसार निरीक्षक वीरेंद्र सिंह बहादुर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन टीम में शामिल सीनियर कंसल्टेंट डाइटीशियन आयुषी अग्रवाल शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को संतुलित आहार, पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जागरूक करना था। उन्होंने कहा कि ड्यूटी और तनाव भरे माहौल में जवानों का स्वस्थ रहना जरूरी है। इसके लिए सही समय पर सही आहार लेना सबसे बड़ा हथियार है। आयुषी ने मौजूद पुलिस जवानों को बताया गया कि दाल, हरी सब्जी, फल और ड्राई फ्रूट्स को डाइट में शामिल करके कैसे एनर्जी लेवल बनाए रखा जा सकता है। जंक फूड और ज्यादा चाय-कॉफी से बचने की सलाह भी दी गई।

आयोजन टीम के प्रबंधक अंकित शर्मा ने सभी पुलिस अधिकारियों व जवानों का आभार जताया। संचालन अलीशा कपूर एवं सोनिया कपूर द्वारा किया गया।

## चोरों ने घर को बनाया निशाना

**गंगोह।** क्षेत्र के गांव कुतुबखेड़ी में अज्ञात चोरों ने एक घर में निशाना बनाते चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर से मोबाइल फोन चुरा लिया और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ने का भी प्रयास किया।

गांव कुतुबखेड़ी निवासी अमीर आजम पुत्र इकराम ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि वह रात में अपने परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहे थे। देर रात अज्ञात चोर उनके घर में घुस गए और कमरे में रखे सामान को खंगालना शुरू कर दिया। चोरों ने घर से सैमसंग ए-16 मोबाइल फोन चुरा लिया। उन्होंने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके।

# ब्राह्मण समाज ने जोड़कर चलने का काम किया: राघव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** भारतीय ब्राह्मण समाज ब्लॉक इकाई गंगोह द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

लखनौती रोड पर नवनिर्मित ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने कहा है कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा समाज को जोड़कर चलने का काम किया है। उन्होंने कहा की सतयुग से लेकर कलयुग तक ब्राह्मणों ने हमेशा तोड़ने के बजाय जोड़ने का कार्य किया है। ब्राह्मण ने समाज को शिक्षा सुरक्षा दशावे दिशा देने का कार्य किया है। ब्राह्मण ने हमेशा लोगों की भलाई के लिए कार्य किया है। आजादी की लड़ाई में चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मीबाई, राजगुरु, सुखदेव ने अपने प्राणों की आहुति दी। आज भी ब्राह्मण देश को जोड़ने में लगा हुआ है। इसलिए ब्राह्मण को पीछे धकेलना वाले कभी कामयाब नहीं होंगे। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने कहा की भगवान परशुराम सभी समाज के पूजनीय है। उन्होंने पृथ्वी से दानव शक्ति का नाश करने के लिए फरसा उठाया था। उनका किसी जाति विशेष से कोई बैर नहीं था।

ब्राह्मण नेता अतुल पाराशर, केके शर्मा एडवोकेट, गोकर्णनाथ शर्मा, आचार्य शिवकुमार शास्त्री, शाकंभरी शक्तिपीठ शंक. राचार्य आश्रम के प्रभारी महंत सहजानंद जी महाराज, बालाजी धाम के महंत सुशील शर्मा ने भी अपना आशीर्वाद देते हुए एक जुट होकर भगवान परशुराम की दिखाएं रास्ते पर चलने की ब्राह्मण समाज से अपील की। इस अवसर पर हाई स्कूल व इंटर में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कल्याण शर्मा व संचालन श्रवण शर्मा ने किया। कार्यक्रम संयोजक जयप्रकाश शर्मा रहे। अरुण शर्मा, शशिकांत, जगमोहन शर्मा, रो. हतास शर्मा, उमेश शर्मा, मनोज शर्मा, साधुराम शर्मा, सूरज प्रकाश, रामेश्वर शर्मा, सतीश शर्मा, अजय शर्मा, सचिन शर्मा आदि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मांगेराम शर्मा, अशोक शर्मा, सतीश शर्मा, जगमोहन शर्मा, रामकुमार, एनसी शर्मा, राजपाल शर्मा, कंवरपाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, अनिल शर्मा आदि भारी संख्या ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# तपतपाती गर्मी में बिना बिजली बिलबिलाए लोग

**चिलकाना।** भीषण गर्मी में रातभर बिजली गुल रहने के चलते उपभोक्ता बिलबिला उठे। जहां कूलर, पंखे तथा ए सी आदि बंद होने से लोगों को रातभर लोगो को गर्मी व मच्छरों से जूझना पड़ा वहीं इसका सीधा असर पेयजल आपूर्ति पर भी पड़ा और सुबह होते ही लोग पीने के पानी की किल्लत से जूझते हुए नजर आये।

शनिवार की रात्रि को चिलकाना विद्युत उपखण्ड से जुड़े क्षेत्र में पूरी रात बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं में हाहाकार मच गया। देर शाम होते गुल हुई बिजली रात लगभग चार बजे आई। इतना ही नहीं सुबह के चार बजे से लेकर दिनभर भी बिजली आँख मिचौली करते हुए उपभोक्ताओं के साथ अटखेलियां करती रही। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच बिजली कटौती से परेशान नगरवासीयों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही। रातभर बिजली गुल रहने से सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, छोटे बच्चों, बीमारों व बुजुर्गों को उठानी पड़ी। लोग गर्मी के कारण घरों से बाहर निकल कर सड़कों पर बैठने को मजबूर रहे। बिजली गुल रहने का असर केवल घरों तक ही सीमित नहीं रहा, अपितु पेयजल आपूर्ति भी इसका सीधा असर पडा। बिजली न आने से पानी की सप्लाई बाधित रही, जिससे लोगों को दोहरी परेशानी झेलनी पड़ी। नगर के कंई मोहल्लों के लोग पानी के लिए भटकने को मजबूर रहे।

# MI को हरा शान से प्ले ऑफ में पहुंची RR

## सीजन की टॉप-4 टीमें तय, मुंबई 30 रन से हारी, आर्चर का हरफन मौला खेल

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल में रविवार को खेले गए पहले मुक. ाबले में राजस्थान रायल्स ने मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। वानखेड़े स्टेडियम में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 175 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ आईपीएल 2026 की टॉप-4 टीमें तय हो गई हैं।

रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान ने प्लेऑफ में जगह बनाई है। 26 मई को क्वालिफायर-1 में बेंगलुरु और गुजरात आमने-सामने होंगे, जबकि 27 मई को एलिमिनेटर में हैदराबाद और राजस्थान की भिड़ंत होगी। मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही।



रोहित शर्मा खाता खोले बिना आउट हुए, जबकि पावरप्ले में ही मुंबई ने 4 विकेट गंवा दिए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 60 रन और हार्दिक पंड्या ने 34 रन बनाकर वापसी की कोशिश की, लेकिन लगातार गिरते विकेटों ने टीम को मैच से दूर कर दिया। राजस्थान के लिए जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। नांद्रे बर्गर, ब्रिजेश शर्मा और यश पुंजा को 2-2 विकेट मिले। राजस्थान के लिए ध्रुव जुरेल ने 38 रन, जोफ्रा आर्चर ने 15 गेंदों में 32 और दासुन शनाका ने 29 रन की पारी खेली। आखिर में रवींद्र जडेजा और नांद्रे बर्गर ने तेजी से रन जोड़कर स्कोर 200 के पार पहुंचाया। मुंबई की ओर से दीपक चाहर और शार्दूल ठाकुर ने 2-2 विकेट लिए। विल जैक्स, अल्लाह गजनफर और कार्बिन बाश को 1-1 सफलता मिली। ब्रिजेश शर्मा ने मुंबई को नौवां झटका देते हुए मैच पूरी तरह राजस्थान की मुठी में कर दिया। उन्होंने दीपक चाहर को एलबीडब्ल्यू आउट किया। लो फुल-टॉस पर चहर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद सीधे फ्रंट पैड पर लगी। उन्होंने रिव्यू जरूर लिया, लेकिन बाल ट्रैकिंग में तीनों रेड दिखे और फैसला बरकरार रहा। चहर 5 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए। नांद्रे बर्गर ने सूर्यकुमार यादव को अपनी ही बाल पर कैच कर पवेलियन भेजा। सूर्यकुमार बड़े शाट के लिए शफल हुए, लेकिन गेंद बल्ले पर सही नहीं आई और सीधा बर्गर के हाथों में चली गई। सूर्या 42 गेंदों में 60 रन बनाकर आउट हुए। पुंजा ने बाश को आउट किया। यश पुंजा ने कार्बिन बाश को आउट कर मुंबई को बड़ा झटका दिया। बाश ने स्लाग स्वीप खेला, लेकिन गेंद को ऊंचाई नहीं दे सके। डीप मिड विकेट पर फरेरा ने आगे दौड़ते हुए शानदार कैच पकड़ा। बाश सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए। आर्चर ने धीमी शार्ट गेंद से हार्दिक पंड्या को आउट किया। हार्दिक पुल शाट खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद बल्ले पर सही तरीके से नहीं आई और लान्ग-आन की ओर हवा में चली गई। वहां नांद्रे बर्गर ने दबाव में कैच पकड़ा। हार्दिक 15 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए। यश राज पुंजा ने विल जैक्स विकेट लेकर मैच का रुख और मजबूत कर दिया। उन्होंने जैक्स को स्लोअर, टर्न लेती गेंद पर फंसाया।

# गुलवीर ने 5000 मीटर रेस में नए रिकॉर्ड के साथ जीता रजत

**लॉस एंजिल्स, वार्ता।** भारत के लंबी दूरी के स्टार गुलवीर सिंह ने रविवार को लॉस एंजिल्स में मशहूर साउंड रनिंग ट्रैक फेस्ट में पुरुषों की 5000 मीटर रेस में रजत पदक जीतकर ग्लोबल एथलेटिक्स स्टेज पर अपनी शानदार बढ़त जारी रखी, और इस दौरान अपना नया राट्रीय रिकॉर्ड बनाया। आज यहां 5000 मी. और 10,000 मी- दोनों में मौजूदा एशियन चैंपियन ने शानदार 13:03-93 का समय निकाला,

जो दो साल पहले जापान में बनाए गए उनके पिछले नेशनल रिकॉर्ड 13:11-82 से लगभग आठ सेकंड बेहतर था। इस प्रदर्शन ने गुलवीर को भारत के सबसे बेहतरीन कंटेंपररी डिस्टेंस रनर और इंटरनेशनल सर्किट पर देश के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक के तौर पर और पक्का कर दिया। एडवांस ट्रेनिंग के लिए अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स में रहने वाले गुलवीर पहले भारतीय एथलीट हैं जिन्होंने 3000 मी से लेकर 25 किमी- रेस तक के ट्रैक और रोड इवेंट्स में एक साथ कई नेशनल रिकॉर्ड बनाए हैं। रविवार का रजत पदक इस सीजन में गुलवीर का चौथी बड़ी स्पर्धा है। उन्होंने फरवरी में अमेरिका के विस्टन-सलेम में साउंड रनिंग इनवाइट में 5000 मी- शॉर्ट ट्रैक रेस में तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने मार्च में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब वे 60 मिनट से कम समय में हाफ मैराथन पूरी करने वाले पहले भारतीय बने, और न्यूयॉर्क में एनवाईसी हाफ मैराथन 2026 में तीसरा स्थान हासिल किया।

### खेल विशेष

## फ्रेंच ओपन शुरू होते ही खिलाड़ियों का विरोध प्रदर्शन रूक जाएगा

**पेरिस, वार्ता।** उम्मीद है कि दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी रविवार को जब रौलां गैरो में फ्रेंच ओपन शुरू होगा, तो अपनी सभी सामान्य मीडिया प्रतिबद्धताओं को पूरा करेंगे। शीर्ष 10 खिलाड़ियों में से कई ने शुक्रवार को टूर्नामेंट से पहले के मीडिया दिवस के दौरान अपनी उपस्थिति को 15 मिनट तक सीमित रखा। 15 मिनट की यह सीमा उस 15 प्रतिशत राजस्व का प्रतीक थी, जिसे - औसतन - ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट पुरस्कार राशि के रूप में आवंटित करते हैं। खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों ने बीबीसी स्पोर्ट को बताया है कि उनका इरादा कभी भी पूरे टूर्नामेंट के दौरान विरोध प्रदर्शन करने का नहीं था, और शुक्रवार को फ्रेंच टेनिस फेडरेशन (एफएफटी) के साथ हुई बैठक में भविय में सहयोग के वादे से उन्हें प्रोत्साहन मिला।

## विक्टोरिया म्बोको को हराकर एम्मा नवारो ने जीता 15 महीनों में पहला खिताब

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस), वार्ता।** अमेरिका की एमा नवारो ने स्ट्रासबर्ग ओपन टेनिस के फाइनल में कनाडा की किशोरी विक्टोरिया म्बोको को 6-0, 5-7, 6-2 से हराकर 15 महीनों में अपना पहला खिताब जीता। शनिवार को खेले गए मुकाबले में 25 वीर्य अमेरिका की स्टार नवारो ने अपनी साथी नॉर्थ अमेरि. कन खिलाड़ी को चौंका दिया, सर्व और रिटर्न पर लगभग बिना किसी गलती के परफॉर्मेंस देकर उन्हें शुरुआती सेट में जीत दिला दी। जहां उन्हें 5-4 पर एक चैंपियनशिप पॉइंट भी बचाना पड़ा। लेकिन नवारो ने शांत रहकर डिसाइडर में जीत हासिल की। स्ट्रासबर्ग में जीत नवारो का कुल मिलाकर तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब था, इससे पहले उन्होंने फरवरी 2025 में मेक्सिको के मेरिडा और जनवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में टाइटल जीते थे।

## पीएम वास्तव में हमारे पैरा-एथलीटों के 'परम मित्र' हैं: मांडविया

**गांधीनगर, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज साई एनसीओई गांधीनगर में कई नई खेल बुनियादी ढांचा सुविधाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, उन्होंने पूरे देश में विश्व स्तरीय उच्च-प्रदर्शन वाले खेल इकोसिस्टम के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। मंत्री ने केंद्र में नवनिर्मित पैरा एथलीट छात्रावास, केंद्रीय भोजन कक्ष (डाइनिंग हॉल), शक्ति एवं कंडीशनिंग हॉल, बहुउद्देशीय प्रशिक्षण हॉल और ध्यान पार्क का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं को प्रशिक्षण, रिकवरी, पोषण, खेल विज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एकीकृत सहायता प्रदान करके एथलीटों की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

# क्रिकेट की अनसुनी कहानियों को सामने लाएगी मिडविकेट स्टोरीज

**मुंबई, वार्ता।** तीन वर्षों की कल्पना, यात्रा, बातचीत और कहानी कहने की प्रक्रिया के बाद 'मिडविकेट स्टोरीज' (एमडब्ल्यूएस) का आधिकारिक शुभारंभ रविवार को मुंबई के आईटीसी मराठा होटल में किया गया। यह एक अनोखा वैश्विक क्रिकेट स्टोरीटेलिग प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य क्रिकेट के महान खिलाड़ियों की अनसुनी कहानियां, ड्रेसिंग रूम की यादें, प्रतिद्वंद्विता और दोस्ती को दुनिया के सामने लाना है।

इस पहल की शुरुआत 2022 में संस्थापक निशांत दयाल और जया प्रसाद ने की थी। उनका उद्देश्य क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ियों को एक मंच पर लाकर ऐसी बातचीत प्रस्तुत करना था, जो क्रिकेट प्रेमियों ने पहले कभी नहीं सुनी हो। पिछले तीन वर्षों में मिडविकेट स्टोरीज ने सात शहरों, चार देशों और तीन महाद्वीपों की यात्रा करते हुए सात एपिसोड में 11 क्रिकेट दिग्गजों को शामिल किया है।

अब तक के एपिसोड: सिडनी : सुनील गावस्कर और एलन बॉर्डर दुबई : सुनील गावस्कर और विवियन रिचड्र्स मुंबई : हरभजन सिंह और क्रिस गेल बेंगलुरु : सुनील गावस्कर और ज्योफ्री बॉयकॉट लंदन : सुनील गावस्कर और इयान बॉथम चेन्नई : नवजोत सिंह सिद्धू और सनथ जयसूर्या एडिलेड : जहीर खान और मैथ्यू हेडन पहला एपिसोड, जिसमें सुनील गावस्कर और एलन बॉर्डर शामिल थे, 2022 आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप के दौरान सिडनी में 150 आमंत्रित मेहमानों की उपस्थिति में फिल्माया गया था। रविवार को मुंबई में क्रिकेट दिग्गज और प्रमुख सलाहकार सुनील गावस्कर की मौजूदगी में मिडविकेट स्टोरीज का आधिकारिक लॉन्च और पहले एपिसोड का अनावरण किया गया। इस अवसर पर संस्थापक निशांत दयाल और जया प्रसाद भी उपस्थित थे। इसी दौरान हरभजन सिंह और मैथ्यू हेडन के साथ आठवें एपिसोड की रिकॉर्डिंग भी की गई। यह एपिसोड क्रिकेट की सबसे यादगार प्रतिद्वंद्विताओं में से एक के दोस्ती में बदलने की कहानी को दर्शाएगा। एमडब्ल्यूएस केवल क्रिकेट कहानियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका एक सामाजिक उद्देश्य भी है।

# पंत की कप्तानी पर होगा विचार: मूडी

- **प्रेस कांफ्रेंस में मूडी ने कहा कि कप्तानी के नजरिए से देखें तो पंत के लिए यह चुनौतीपूर्ण रहा**

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) आईपीएल 2026 की तालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर रहने के बाद टीम की लीडरशिप में बदलाव पर विचार कर सकती है।

टीम 2025 में भी सातवें स्थान पर रही थी। एलएसजी के ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट टॉम मूडी ने सीजन खत्म होने के बाद कहा कि टीम को कप्तानी के पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने 28 मैच में सिर्फ 10 जीत दर्ज कीं और 18 मुकाबले गंवाए। पंजाब किंग्स से हार के बाद प्रेस कांफ्रेंस में मूडी ने कहा कि कप्तानी के नजरिए से देखें तो



पंत के लिए यह चुनौतीपूर्ण रहा है और नतीजे भी यही दिखाते हैं। आपको यह भी सोचना पड़ता है कि क्या कप्तानी का दबाव उनकी बल्लेबाजी में भी दिखाई दे रहा है। मुझे पता है कि यह सीजन हमारे लिए मुश्किल रहा, लेकिन हम इस पर समय लेकर सोचेंगे। हर चीज पर विचार करेंगे। लेकिन यह साफ है कि हम अपनी उम्मीदों या अपने तय मानकों तक नहीं पहुंच पाए। फ्रेंचाइजी की लीडरशिप को लेकर हम भविय के बारे में गंभीरता से विचार करेंगे। हर विभाग की तरह, जब आप किसी सीजन की समीक्षा करते हैं, तो कई फैसले लेने पड़ते हैं। और फिलहाल ऐसा लग रहा है कि हमें रीसेट पर विचार करना होगा। पंत ने 2018 में 684 रन 173-60 के स्ट्राइक रेट से और 2019 में 488 रन 162-66 के स्ट्राइक रेट से बनाकर आईपीएल में धमाकेदार पहचान बनाई थी। लेकिन एलएसजी के लिए पिछले दो सीजन में उनका प्रदर्शन साधारण रहा है।

उन्होंने दो सीजन में 581 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 135-74 रहा है। इन दोनों सीजन में उनका औसत और स्ट्राइक रेट उनके करियर आंकड़ों से नीचे रहा। सीजन के दौरान पंत ने ड्रेसिंग रूम में बहुत सारे सोचने वाले और फैसले लेने वाले लोग होने की बात भी कही थी। मूडी की यह टिप्पणी उस बयान के बाद आई है, जिसमें हेड कोच जस्टिन लैंगर ने भी पिछले मैच के बाद पंत के प्रदर्शन पर निराशा जताई थी। मूडी ने कहा कि मुझे लगता है कि इस निराशाजनक सीजन के लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। यह किसी एक खिलाड़ी पर उंगली उठाने का समय नहीं है।

# पता था मुझे क्या करना है, मैं अच्छी मानसिक स्थिति में था: श्रेयस अय्यर

- **अय्यर ने शब्दों के साथ-साथ भावनाएं भी खुलकर जाहिर कीं**
- **कप्तान अय्यर ने इस सीजन की लगातार बहतर बल्लेबाजी की**

**लखनऊ, वार्ता।** यह कहना मुश्किल है कि श्रेयस अय्यर ने खुद को ऐसा बनाया है या यह स्वाभाविक रूप से उनके व्यक्तित्व का हिस्सा है, लेकिन वह मैदान पर बेहद शांत और भावनाओं पर काबू रखने वाले खिलाड़ी और कप्तान नजर आते हैं। दबाव वाले माहौल में यह एक बड़ी खूबी मानी जाती है।

अपना पहला आईपीएल शतक लगाने और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) की प्लेऑफ की उम्मीद जिंदा रखने के बाद अय्यर



ने शब्दों के साथ-साथ भावनाएं भी खुलकर जाहिर कीं। उन्होंने कहा कि वह बेहद खुश और रोमांचित हैं। प्रभसिमरन सिंह के साथ उनकी साझेदारी को उन्होंने अहम बताया और कहा कि अच्छी साझेदारी के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। हालांकि इस बार उनकी भावनाएं सिर्फ शब्दों तक सीमित नहीं रहीं। यह उस वक्रत साफ दिखा जब उन्होंने दो ओवर बाकी रहते विजई छक्का लगाया, जिसने उनका शतक भी पूरा किया। इस जीत के बाद पंजाब की उम्मीदें मुंबई इंडियंस के राजस्थान रॉयल्स को हराने पर टिक गईं, लेकिन जीत का अंतर इतना बड़ा था कि अगर आरआर हारती है तो कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए उन्हें नेट रन रेट में पीछे छोड़ना मुश्किल होगा।

लगातार छह जीत के बाद छह हार झेल चुकी पंजाब के लिए यह पल बेहद खास था और अय्यर ने आखिरकार अपनी भावनाएं जाहिर होने दीं। अय्यर मैच के बाद कहा कि यह एक अविश्वसनीय एहसास है। जब आप मैच खत्म करते हुए शतक बनाते हैं तो काफी अच्छा महसूस होता है। मुझे लगता है हर बल्लेबाज इसका सपना देखता है। आज उन दिनों में से एक था जब मैं अंदर से बेहद अच्छा महसूस कर रहा था। मैं शानदार मानसिक स्थिति में था। मुझे पता था कि मुझे क्या चाहिए।

# भारत अपने घर में खिताब वापस जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगा

**मडगांव, वार्ता।** सोमवार से जब गोवा के मडगांव में सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू होगा, तो भारत का लक्ष्य रिकॉर्ड बनाते हुए छठी बार खिताब जीतना होगा। फीफा रैंकिंग में 69वें स्थान पर मौजूद भारतीय महिला फुटबॉल टीम 25 मई को मालदीव के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

फाइनल मैच 6 जून को खेला जाएगा। इस फुटबॉल टूर्नामेंट के सभी मैच मडगांव के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत में सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के मैचों की लाइव स्ट्रीमिग उपलब्ध होगी। टूर्नामेंट के फॉर्मेट के अनुसार, छह टीमों को दो बराबर ग्रुप में बांटा गया है। सिगल-लेग्ड राउंड रॉबिन मैचों के बाद, हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के ग्रुप ठ में भारत के साथ मौजूदा चैंपियन और दुनिया की 112वें नंबर की टीम बंगलादेश और 167वें नंबर की टीम मालदीव को रखा गया है। ग्रुप ए में नेपाल (87वें स्थान पर), श्रीलंका (162वें स्थान पर) और भूटान (164वें स्थान पर) शामिल हैं। साल 2010 में शुरू हुई सैफ महिला चैंपियनशिप का यह आठवां संस्करण है। 2010, 2012, 2014, 2016 और 2019 में चैंपियन रही भारत ने इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा था।

## आईएसएसएफ विश्व कप में मन व स्वप्रिल कुसाले करेंगे भारतीय टीम की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले की अगुवाई में 35 सदस्ईय भारतीय निशानेबाजी टीम 24 से 30 मई तक जर्मनी के म्यूनिख में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप 2026 में प्रतिस्पर्धा करेंगी। म्यूनिख निशानेबाजी स्पर्धा राइफल और पिस्टल शूटर्स के लिए इस साल का दूसरा आईएसएसएफ विश्व कप है।भारत ने पिछले महीने स्पेन के ग्रेनाडा में हुए पहले विश्व कप में मुकेश नेलावल्ली और पलक गुलिया ने 10मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, पेरिस 2024 मेडलिस्ट मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले के शामिल होने से म्यूनिख लेग से पहले इंडियन टीम मजबूत हुई है।

# केन की हैट्रिक से बायर्न ने जीता जर्मन कप

- **एक और कप जीत की तलाश में उतरे स्टटगार्ट ने मैच की शुरुआत जोरदार तरीके से की**

**बर्लिन, वार्ता।** हैरी केन ने दूसरे हाफ में हैट्रिक जमाई, जिससे बायर्न म्यूनिख ने शनिवार को बर्लिन में हुए फाइनल में वीएफबी स्टटगार्ट को 3-0 से हराकर डीएबी-पोकल (जर्मन कप) जीतने का अपना लंबा इंतजार खत्म कर दिया। एक और कप जीत की तलाश में उतरे स्टटगार्ट ने मैच की शुरुआत जोरदार तरीके से की और पहले हाफ के ज्यादातर समय तक बायर्न को बैकफुट पर रखा।

मैच शुरू होने के दो मिनट के भीतर ही डेनिज उंडाव ने सिर से गेंद को सीधे जोनास अर्बिग की ओर उछाला, इसके कुछ देर बाद, बायर्न के एक ढीले पास का फायदा उठाते हुए एंजेलो स्टिलर



ने दूर से शॉट लगाया, लेकिन वह चूक गए। मैक्सिमिलियन मिटेलस्टेड्ट ने बाईं ओर से दो बार खतरा पैदा किया-पहले उन्होंने गेंद को साइड-नेटिंग से टकराया, और फिर अर्बिग को मजबूर किया कि वे एक जोरदार लो-ड्राइव शॉट को पोस्ट के बाहर रोकें। बायर्न की टीम-जिसमें मैनुअल न्यूयर की जगह अर्बिग को शुरुआती एकादश में शामिल किया गया था-गेंद पर लंबे समय तक कब्जा रखने के बावजूद खेल में अपेक्षित लय हासिल करने के लिए संघर्ा करती दिखी।

बायर्न को मिले शुरुआती स्पट मौकों में से एक पर केन ने सिर से गेंद को गोल के ऊपर से निकाल दिया, जबकि आधे घंटे का खेल पूरा होने के बाद लुइस डियाज ने अलेक्जेंडर न्यूबेल की ओर शॉट लगाया। मध्यांतर से ठीक पहले न्यूबेल की परीक्षा और भी गंभीरता से हुई, जब उन्होंने लगभग 20 मीटर की दूरी से जो. सिप स्टैनिसिक द्वारा लगाए गए एक जोरदार शॉट को रोकने के लिए शानदार प्रतिक्रिया दी। मध्यांतर के बाद स्टटगार्ट का खेल और भी आक्रामक हो गया, लेकिन 55वें मिनट में मैच का रुख पूरी तरह बदल गया। माइकल ओलिसे पर हुए एक फाउल के बाद बायर्न ने तेजी से खेल दोबारा शुरू किया, ओलिसे दाईं ओर से आगे बढ़े और केन के लिए एक क्रॉस दिया। केन ने पेनल्टी-एरिया के भीतर खाली जगह तलाशी और सिर से गेंद को गोल में पहुंचा दिया। इसके बाद मैच को कुछ मिनटों के लिए रोकना पड़ा, क्योंकि ओलंपियास्टेडियन के दोनों छोरों पर दर्शकों ने आतिशबा. जी शुरू कर दी थी।

# अर्शदीप में कुछ महीने पहले जैसी धार नहीं दिख रही: रायुडू

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्शदीप सिंह का आईपीएल 2026 अब तक साधारण रहा है। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) जब जीत रही थी, तब भी वह अपनी सर्वश्रेठ लय में नहीं दिखे और जब टीम लगातार हार रही थी, तब भी हालात अलग नहीं थे। शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पंजाब ने आखिरकार छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ा, लेकिन अर्शदीप फिर महंगे साबित हुए। अंबाती रायुडू ने उनकी लेंथ को समस्या बताया, जबकि मार्क बाउचर ने थकान को खराब प्रदर्शन को वजह माना। एलएसजी ने शनिवार को 9.80 की रन रेट से बल्लेबाजी की।

वहीं अर्शदीप ने 17.33 की इकॉनमी से रन दिए और उन्हें आखिरी ओवर भी नहीं मिला। रायुडू ने ईएसपीएन क्रिकइंफो टाइमआउट शो में कहा कि मुझे लगता है कि उनकी लेंथ सबसे बड़ी समस्या है। वह ऐसे गेंदबाज नहीं हैं जिन्हें बहुत ज्यादा शॉर्ट गेंदें फेंकनी चाहिए। डेथ ओवरों में भी उन्हें यॉर्कर डालनी चाहिए। नई गेंद से भी जब उन्होंने फुल गेंदें डालीं। पहली गेंद को छोड़ दें, जो कवर के जरिए चौके के लिए गई, तो उनकी फुल लेंथ गेंदों पर उतने रन नहीं



पड़े जितने शॉर्ट ऑफ लेंथ या शॉर्ट गेंदों पर पड़े। उन्हें इस बात का ध्यान रखना होगा, क्योंकि फिलहाल उनकी शॉर्ट गेंद में पहले जैसी धार नहीं दिख रही। शायद शरीर थका हुआ है या कुछ महीने पहले जैसी ऊर्जा नहीं बची।

लेकिन इसकी भरपाई उन्हें फुल गेंदबाजी करके करनी होगी। दिलचस्प बात यह है कि आईपीएल 2025 की तुलना में इस सीजन अर्शदीप को फुल या गुड लेंथ गेंदों पर कम सफलता मिली है।

# डा. मेयर ने लिया ग्रीन नेट लगवाने का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार आज दोपहर तेज चिलचिलाती धूप में अपने दिल्ली रोड स्थित घर से इलेक्ट्रिक स्कूटी पर निकले और घंटाघर पहुंचकर नगर निगम द्वारा लोगों को तेज धूप से बचाव के लिए लगायी गयी ग्रीन नेट का अवलोकन किया। उन्होंने घंटाघर पर लगी एक छबील पर खडे़ होकर राहगीरों को मीठा और शीतल जल भी पिलाया। महापौर ने लोगों से तेज धूप से बचाव के लिए कम से कम घर से बाहर निकलने, ऊर्जा बचाने व जल का संचय करने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का भी आह्वान किया।



महापौर डॉ. अजय कुमार आज दोपहर करीब एक बजे भीषण गरमी और चिलचिलाती धूप में इलेक्ट्रिक स्कूटी पर घर से निकले और नगर निगम द्वारा सूरज की तपिश से लोगों के बचाव के लिए शहर के विभिन्न चौराहों पर लगायी जा रही ग्रीन नेट का कलक्ट्रेट व दीवानी तिराहा आदि पर जायजा लेते हुए करीब डेढ़ बजे घंटाघर पहुंचे और वहां कोर्ट रोड पर लगायी गयी ग्रीन नेट का अवलोकन किया। उन्होंने महाप्र. बंधक जल पुरुषोत्तम कुमार को सभी प्रमुख चौराहों पर ग्रीन नेट लगाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उपसभापति मयंक गर्ग, वरिष्ठ पार्षद मुकेश गक्खड़, दिग्विजय चौहान व चौधरी वीरसेन सिद्धू आदि भी उनके साथ थे।

महापौर ने घंटाघर पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि लगातार बढ़ते तापमान और सूरज की जबरदस्त तपिश से जब जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है, ऐसी स्थिति में ट्रैफिक नियमों के तहत 44-45 डिग्री में चौराहों पर एक-डेढ़ मिनट रुकना बहुत पीड़ादायक होता है। लोगों की इस पीड़ा को समझते हुए नगर निगम ने एक छोटा सा प्रयास किया है। महानगर के लोगों तथा शहर से गुजरने वाले लोगों को राहत पहुंचाने के लिए मार्गो के बाई ओर ग्रीन नेट और मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगवाया गया है। उन्होंने निगम द्वारा लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए 50 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर कूलर लगवाने,शहर में छायादार पौधों का रोपण कराने आदि की जानकारी देते हुए कहा कि आवश्यकता अनुसार शहर में अभी और कूलर लगवाये जायेंगे।

महापौर ने कहा कि पूरे विश्व में ऊर्जा का संकट है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमें ऊर्जा बचाव का रास्ता दिखाया है। उन्होंने लोगों से कहा कि कम से कम या अतिआवश्यक हो तभी घर से निकले, ऊर्जा की खपत कम करें, तथा जल का संचय करने के साथ ही अधिक से अधिक पौधा का रोपण करें।

# कांग्रेस नेता रईस मलिक ने राहगीरों को पिलाया शरबत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गर्मी के इस सख्त मौसम में आज कस्बा बेहट में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रईस मलिक व अन्य जिम्मेदार लोगों ने राहगीरों की सेवा कर मिसाल पेश की।

तेज धूप और लू के बीच बेहट में शरबत की ठंडी छबील लगाई गई। रईस मलिक ने खुद राहगीरों, मजदूरों, ऑटो-रिक्शा चालकों और राह चलते लोगों को ठंडा शरबत पिलाया। रईस मलिक ने कहा कि षगर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। इंसानियत की खिदमत ही असली राजनी. ति है। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के सुख-दुख में साथ खड़ी रहती है। शरबत पीकर राहगीरों ने कांग्रेस नेताओं की इस पहल की खूब सराहना की और दुआएं दीं। लोगों ने कहा कि इस तपती गर्मी में ठंडा शरबत किसी नेमत से कम नहीं था।

# स. गुरप्रीत बग्गा बने पीआरओ

## उत्तर प्रदेश सिक्ख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का हुआ गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** सिक्ख समाज की राजनीतिक , समाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक समस्याओं के समाधान हेतु उत्तर प्रदेश सिक्ख गुरूद्वारा मैनेजमंट कमेटी का गठन किया गया। जिसमें हरविन्दर सिंह लार्ड अध्यक्ष व गुरप्रीत बग्गा पीआरओ बने।

अध्यक्ष हरविंदर लार्ड ने बताया कि प्रदेश के 15 जिलों से प्रबंधक कमेटियों के सदस्यों ने इसमें प्रतिभाग किया। लखनऊ से आये मंजीत सिंह तलवार, सुरेन्द्र पाल सिंह बक्शी व गुरजीत सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि हमें सिक्खों की उच्चस्तरीय शिक्षा व स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोल कर रोजगार पूरक शिक्षा के साथ जोड़ना चाहिये। टांडा से आये धर्मवीर सिंह बग्गा ने कहा कि प्रदेश में एक नेटवर्क विकसित कर एक दूसरे के साथ सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों को जोड़ा जायेगा, ताकि आने वाली किसी भी समस्या को जल्द से जल्द निस्तारण किया जा सके। पीआरओ गुरप्रीत बग्गा ने कहा कि आज सिक्ख समाज सभी को राजनीतिक रुओ से संरक्षित करते हुए लोगो को विधानसभा में भेजने का काम करता है परन्तु अब यह कार्य सिक्ख समाज सेवय के लिए करेगा। गुरू का ताल आगरा से आये बाबा राजिन्दर सिंह ने सिक्ख समाज का डाटा बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। तराई के सिक्खों के लम्बित मामलों को सरकार से बातचीत कर जल्द ही हल करने के प्रयास के साथ-साथ श्री अकाल तख्त साहिब की मर्यादा को भी लागू कर पावन स्वरूप,सौचिया व धार्मिक साहित्य भी नि:शुल्क उपलब्ध करवाने के कार्य आरंभ किया जायेगे।

# नशा तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 215 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली।

थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक निप्पी सिंह के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर अलाउद्दीन पुत्र सलाउद्दीन निवासी रमजानपुरा बेहट रोड थाना देहात कोतवाली को संकलापुरी रोड की तरफ जाने वाले रास्ते पर अहमद के बाग के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 215 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/20 के तहत चालान काटकर जेल भेज दिया।

# अभी और बढ़ेगी देश में महंगाई: मुजतबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव एवं पांच राज्यों के प्रभारी मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकारे महंगाई को रोकने में विफल हो रही है। जिससे आने वाले समय में महंगाई और बढेगी।

मुजतबा एडवाकेटे छुटमलपुर में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में आर्थिक तूफान आने वाला है गैस, तेल, पेट्रोल के दाम आसमान छूने वाली है और किसानों के उपयोग के खाद फर्टिलाइजर के दाम बहुत बढ़ेंगे ।अर्थव्यवस्था पर भारी चोट लगने वाली है कांग्रेस के राष्ट्रीय



महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा और आरएसएस की हिंदू मुस्लिम की राजनीति पूरी तरह खघ्त्म होने वाली है क्योंकि पूरे देश में महंगाईऔर आर्थिक असमानता सबसे बड़ा मुद्दा बन चुकी है उन्होंने कहा देश के ये ही हाल रहे तब आने वाले समय में असली लड़ाई अमीरी और गरीबीके बीच होगी ।सरकार शराब की दुकाने बंद करे और हॉस्पिटलों में इलाज फ्री करे आम लोगो को अपना जेवर घर प्लाट बेच कर इलाज करवाने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि सरकार दवाइयों के दाम कम करे। इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, राव यूसुफ, प्रधान फरमान मलिक, प्रधान नासिर अली, याहीया मलिक, सलीम अहमद, अरशद मलिक, कारीआ. बिद अजीम मलिक, हाजी छोटा, कुद्दूस मलिक डाक्टर बिलाल चौहान, लुकमान मलिक शाहिद अली, महबूब तलहेड़ी, पदम् सिंह, रामबीर सिंह, सुखदेव चौहान, धर्मेंद्र चौधरी, परवीन चौधरी आदि मोजूद् रहे।

# जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर किया विचार विमर्श

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला वाल्मीकि सभा के संरक्षक मंडल की बैठक में जिलाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर चर्चा की गई।

रेलव स्टेशन वाल्मीकि मंदिर में मुख्य संरक्षक विश्वभर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संरक्षक मंडल के पुर्नगठन के पश्चात जिलाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। चुनाव प्रक्रिया हेतु सर्वसम्मति से डा.नरेंद्र को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं संजीव कुमार को उप चुनाव अधिकारी बनाया गया। सर्वसम्मति से ही नानूराम, राज. कुमार बिरला, सत्यपाल सिंह व अमित कुमार को उपाध्यक्ष, विश्वास घावरी को संगठन मंत्री, पारस राज को मीडिया प्रभारी, राजन डबराल को सह मीडिया प्रभारी एवं श्रीमती मुन्नी घावरी को महिला मंत्री बनाया गया।

बैठक में विश्वम्भर सिंह, डा. नरेंद्र, संजीव कुमार, नानूराम, राजकुमार बिरला, सत्यपाल सिंह, अमित कुमार, अंकित राज, ब्रहमपाल, प्रधान, नाथीराम खरे, रणजीत लहरी, गौरव पुहाल, हुक्मचंद, विश्वास घावरी, राहुल जालौन, निहाल वाल्मीकि, विक्की, पन्नाराम, श्रीमती मुन्नी घावरी आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त का भय तक नहीं, आदेशों का उल्लंघन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समस्त सरकारी विभागों में ई-ऑफिस व्यवस्था लागू करने का उद्देश्य फाईलों के त्वरित निस्तारण,पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया था, लेकिन नगर निगम में करीब-करीब सभी विभागीय पटलों पर महीनों से लंबित पड़ी भुगतानों से संबंधित फाईलें इस व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर रहे हैं इससे साफ जाहिर है कर्मचारियों को भय तक नहीं।

जिले के उच्च अधिकारी संज्ञान नहीं लेते और वहीं निगम कर्मचारियों में नगर आयुक्त का डर पूरी तरह समाप्त हो चुका है,

**■ महीनों से अटकी पड़ी है नगर निगम में भुगतान के लिए फाइलें**

विभिन्न कार्यो से संबंधित भुगतान के बिलों की फाईलें काफी लंबे समय से संबंधित विभागीय अधिकारियों के स्तर पर लंबित पड़ी रहती हैं,यही नहीं बिलों के भुगतान को लेकर लगातार टालमटोल की जा रही है, कभी मीटिंग तो कभी अन्य प्रशासनिक व्यस्तताओं का हवाला देकर फाइलों का निस्तारण नहीं किया जा रहा। जबकि पूर्व में नगर आयुक्त द्वारा सभी विभागीय अध्यक्षों को यह पावर डेलीकेट किए गए थे,की 50 हजार रूपये तक भुगतानों की फाईलें विभागीय पटलिये अध्यक्ष अपने स्तर से कर सकते हैं,ताकि संबंधित लोंगो को आर्थिक और व्यावसायिक कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े। जबकी यह अधिकार विभागीय अधिकारियों को सौंपे जाने के बाद छोटे भुगतानों के निस्तारण में तेजी आने की उम्मीद जगी थी,लेकिन इसके विपरीत कई मामलों में फाइलें संबंधित पटलों पर आज तक अटकी रहती हैं। ऐसे में सवाल यह है कि जब निर्णय लेने की शक्ति विभागीय स्तर पर उपलब्ध भी हो चुकी है तो फिर भुगतान में देरी क्यों हो रही है? यही नहीं कई-कई बार संबंधित लोग अपने भुगतान की स्थिति जानने के लिए कार्यालय भी पहुंचते हैं, लेकिन पटलिये अधिकारियों एवं कर्मचारी मीटिंग में होने अथवा अन्य कार्यो में व्यस्त रहने का हवाला देकर उन्हें टरका देते हैं। इससे ई-ऑफिस व्यवस्था के उस उद्देश्य पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है,जिसके तहत कार्यों को समयबद्ध और जवाब. देह बनाने की बात कही गई थी। बरहाल अब देखना यह होगा की जिले के उच्च अधिकारी एवं नगर आयुक्त ई-ऑफिस व्यवस्था की मंशा के अनुरूप जवाबदेही सुनिश्चित कब तक कर पाते हैं या नहीं। या पर दफ्तर में बैठकर केवल ही हिलावली करने में मशगूल रहेंगे।

# वार्षिकोत्स्व शोभायात्रा के साथ सम्पन्न

**चिलकाना।** गांव डंडोली खेड़ा में आर्य समाज का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह से शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता आचार्य विष्णु मित्र ने भारत के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ऋषियों और वीरों की पवित्र भूमि रही है। यहां ऐसे महान वीर हुए हैं, जिनका इतिहास आज भी पूरा विश्व गाता है। उन्होंने कहा कि भारत जब अंग्रेजों का गुलाम था, तब स्वतंत्रता आंदोलन में आर्य समाज की विशेष भूमिका रही। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित होकर बच्चे उसे अपनी जीवनशैली में अपना रहे हैं, जो उन्हें पतन की ओर ले जा रहा है। इस विषय पर गंभीर चिंतन और मनन की आवश्यकता है। कार्यक्रम में भजन उपदेशक प्रताप आर्य एवं संगीता आर्य ने भारत के गौरवशाली इतिहास पर आधारित प्रेरणादायक भजनों की प्रस्तुति दी जिन्हें सुनकर उपस्थित श्रोता भावविभोर हो गए। यज्ञ पश्चात विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान महीपाल आर्य व सुशील कांबोज सरसावा रहे। इस अवसर पर मास्टर जयपाल आर्य, उमेश आर्य, बंगाराम आर्य, विजय सैनी, अंकित आर्य, प्रवेश आर्य, सनी आर्य, डॉ अशोक आर्य, मंजेश आर्य, पंडित सुंद. रलाल, अमित आर्य, डॉ रविकांत, अनुज, पीयूष, तेजस, शुभम, प्रिंस, सुमित व ग्रामीण व भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद ने मनाया अधिष्ठापन दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत विकास परिषद ग्रेटर ने 24 वां अधिष्ठापन समारोह बडे ही धूमधाम के साथ मनाया।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में हस्तिनापुर प्रांत से आये प्रांतीय अध्यक्ष सरल माधव, वित्त सचिव प्रवीण गुप्ता, महिला संयोजिका श्रीमती आशा जैन ने ग्रेटर शाखा के निर्वाचित अध्यक्ष पंकज गोयल, सचिव अतुल जैन, कोषाध्यक्ष विक्रांत जैन एवं महिला संयोजिका श्रीमती रिशु गुप्ता को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई। निर्वाचित अध्यक्ष पंकज गोयल ने कहा कि ग्रेटर



शाखा पांच मूल मंत्रों का अंगीकार करते हुए काम करती है। सचिव अतुल जैन ने कहा कि इस वर्ष सेवा कार्य और अच्छे तरीके से किये जायेंगे। कोषाध्यक्ष विक्रांत जैन ने संस्था को ओर अधिक ऊंचाई तक ले जाने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम में आयुष गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल, पंकज गुप्ता, सचिन जैन, ममिक गुप्ता, डा.मनोज सिंघल, अखिलेश मित्तल, आतिश गुप्ता, पंकज बंसल, संजीव बंसल, मान. सिंह जैन, नितिन गर्ग, अनिल कुमार आर्य, अनिल कुमार गुप्ता, कशिश अग्रवाल, लक्ष्य सिंघल, वैभव गुप्ता, अनुज अग्रवाल, विभोर मित्तल, अनुज गुप्ता, सुशील जैन, दवांश अग्रवाल, मनोज कुमार, राकेश सेठी, लोक. ेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, विनय जैन बिन्नी, नितिन पाहवा, सुनीत गुप्ता, शिवांशु गोयल, अमित अग्रवाल, संजय कपूर, चिराग आर्य, जतिन गर्ग, आदित्य गोयल, अंशुल बिंदल, आकाश गोयल, अनुलोव रस्तोगी, दिव्य गोयल, अनूप खन्ना, आकाश जैन, नमन गर्ग, आशीष जैन, दिशांत गुप्ता, मनीष गुप्ता, राजेश मिश्रा, सार्थक गुप्ता मौजूद रहे। संचालन संदीप शर्मा ने किया।

# तीन डम्पर सीज

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने अवैध खनन सामग्री का परिवहन कर रहे तीन डम्परों को पकड़कर सीज कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार एसएसपी अभिनंदन के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा अवैध खनन एवं इस धंधे में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मिर्जापुर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सूबेसिंह व उपनिरीक्षक अवशेष भाटी के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान अवैध खनन सामग्री परिवहन कर ले जाते तीन डम्पर पकड़ लिए तथा जांच के दौरान जरूरी कागजात न दिखाने पर थाने में लाकर खड़े कर दिए। पुलिस ने इस सम्बंध में रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

# शहीदी दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संत शिरोमणि मानवता के मसीहा अमर शहीद संत रामानंद महाराज के शहीदी दिवस के पावन अवसर पर ग्लोबल रविदासिया सेवादल मानकमऊ द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया।

श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा मानकमऊ में आयोजित रक्तदान शिविर में एसबीडी जिला चिकित्सालय की चिकित्सा टीम द्वारा कुल 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भानु प्रताप, प्रवीण गौतम, अरविंद वाल्मीकि, उपस्थित रहे। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि शहीद संत



रामानंद का बलिदान हमें मानव सेवा के लिए प्रेरित करता है। रक्तदान महादान है। शिविर में सभी रक्तदाताओं की नि:शुल्क बी.पी. व शुगर जांच भी की गई। सेवादारों ने व्यवस्था संभाली। ग्लोबल रविदासिया सेवादल के अध्यक्ष जोतसिंह ने कहा कि संगत के सहयोग से हर वर्ष शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में सेवादल सदस्यो का विशेष योगदान रहा। अंत में मीठे जल के प्रसाद का आयोजन किया गया।

# दो पक्षों के खूनी संघर्ष में आधा दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** बीती रात दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों की ओर से लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने लड़ रहे लोगों को शांत कराते हुए घायलों को नकुड़ सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं आजाद समाज पार्टी के दर्जनों लोगों ने कोतवाली में पहुंचकर दूसरे पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

शनिवार की देर रात को सहारनपुर रोड़ स्थित गांव ढकदेवी निवासी अमित पुत्र सिंगराम ने कोतवाली में पहुंचकर आरोप लगाते हुए कहा की उनके पक्ष के कई बच्चों व बडों आदित्य, आरुषि, चीकू, कन्नू, ठाठ सिंह, आयुष, अरविंद, धर्मवीर आदि के दूसरे पक्ष के घरेलू कुत्ते ने काटकर

**■ आजाद समाज पार्टी का थाना नकुड में पहुंचकर हंगामा**

घायल कर दिया है। जबकि दूसरे पक्ष की युवती का आरोप है की पहले पक्ष के चार युवक बीते कई दिनों से गलत नियत से उसका पीछा कर रहे थे। शनिवार को उक्त युवकों ने उसके साथ बदनीयती से छेड़छाड़ की तो उसने अपने भाइयों को घटना से अवगत कराया। बताया की जब भाई इस बाबत उनसे बातचीत करने पहुंचे तो उन्होंने उन पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया तथा जैसे ही वह बीचबचाव कराने आयी तो उन्होंने उस पर भी हमला कर उसे भी घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक पूरे घटनाक्रम में दोनों पक्षों के लोग आपस भिड़ गए तथा जमकर लाठी डंडों का प्रयोग करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की घटना में दलित समाज के अमित, साहिल, व सानिया तथा गुर्जर पक्ष के आकाश, अभिषेक व निशा घायल हो गए। उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा ने बताया की दोनों पक्षों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है, तथा तहरीर आने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। वहीं दूसरी ओर रविवार को सुबह ही भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के लोगों ने कोतवाली में पहुंचकर दलित समाज के लोगों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज न किए जाने को लेकर हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।

# वांछित पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने एवं दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

वादी ने बताया था आरोपी शाहिब पुत्र नूर मौहम्मद निवासी विश्वास कालोनी थाना मंडी उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच के दौरान उपरोक्त मामले में धारा-65(1) बीएनएस व 3/4(2) पोक्सो अधिनियम की वृद्धि कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। मंडी पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी व उपनिरीक्षक शहरोज आलम के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में वांछित आरोपी शाहिब पुत्र नूर मौहम्मद को गरफ्तार कर लिया।

# आर्म्स रेसलिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बीएचएस इंटर कालेज में आयोजित जिला स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के सब जूनियर में मिनाइल जूनियर में स्माइल और सीनियर में जेड ने चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता।

मिशन कम्पाउड स्थित बीएचएस इंटर कालेज में आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजर अंकित शर्मा, प्रबंधक सरबजीत शर्मा और लेफ्टिनेंट गौरव शर्मा एवं आर्म रेसलिंग संघ के अध्यक्ष अमित कुमार चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। आर्म रेसलिंग संघ के सचिव शर्मा के नेतृत्व में प्रतियोगिता का




सफल संचालन अंतरिक्ष सैनी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका अनिष्का, अंतरिक्ष एवं विनीता ने निभाई। प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वालों में सब जूनियर में 45 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान मोहम्मद शाहिद स्वर्ण पदक, 50 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक अरमान रजत पदक अब्दुल्ला कसा पदक हैप्पी 60 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक राहुल रजत पदक आर्यन कांस्य पदक श्रेष्ठ ने प्राप्त किया। जूनियर भार वर्ग में 55 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान शौर्य एवं द्वितीय स्थान अंकुश ने प्राप्त किया और दिन-भिन्न बार-बार और राहुल केशव अमन जेड शानू इस्माइल या सैनी अरबस माधव इन सभी ने अपने अपने भार वर्गों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर भार वर्ग में महिलाओं में प्रिया ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में शानू जेड फैजान और इस्माइल ने अपने-अपने भर्गो में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में सभी वर्गों में चैंपियन ऑफ चैंपियन की प्रतियोगिता भी कराई गई थी जिसमें सब जूनियर में मिनाइल जूनियर में स्माइल और सीनियर में जेड ने चौंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता इन सभी खिलाड़ियों को द आर्म रैसलिंग एसोसिएशन की ओर से नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# सम्पादकीय

## जयशंकर की साफगोई

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रूबियो इस समय भारत की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। ऐसा कम ही होता है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एक देश में इतनी लंबी यात्रा करे। इससे पता चलता है कि भारत-अमेरिका में रिश्ते सही दिशा की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि बीच-बीच में ऐसी खबरें आती हैं जिससे यह संशय पैदा होता है कि कहीं रिश्तों में गड़बड़ है, लेकिन रविवार को जिस तरह अमेरिकी विदेश मंत्री और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उससे साफ है कि दोनों ही देश अपने-अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर धीरे-धीरे ही सही लेकिन सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सम्मेलन में एस. जयशंकर ने खुलकर भारत के हितों की रक्षा की और कहा कि जिस तरह ट्रम्प प्रशासन अपनी नीति के दृष्टिकोण को अमेरिका फर्स्ट के रूप में बहुत स्पष्टता से सामने रखता है, तो ठीक इसी तर्ज पर भारत भी इंडिया फर्स्ट की तर्ज पर अपने दृष्टिकोण को प्रमुखता के साथ दुनिया के सामने रखता है। जयशंकर ने माना कि दोनों ही देश स्पष्ट रूप से अपने-अपने राष्ट्रीय हितों से प्रेरित हैं। जयशंकर का कहना यह बिल्कुल सही है कि जिस तरह अमेरिका, इस्राईल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भारत ने अच्छे संबंध बनाए हैं, ऐसा कम ही देश कर पाते हैं, लेकिन उन्होंने माना कि इन देशों में हमारे वास्तविक हित जुड़े होने से भारत के लिए चुनौती भी बनी हुई कि इन संबंधों को कैसे बनाए रखा जाए और अपनी हिस्सेदारी की रक्षा कैसे की जाए। जयशंकर ने होर्मुज स्टेट से ऊर्जा आपूर्ति में आ रही बाधा के संबंध में भी खुलकर अपने विचार रखे और कहा कि भारत चाहता है कि होर्मुज स्टेट सभी के लिए समान रूप से खुले, क्योंकि उनकी नजर में इससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। वह तेल को लेकर भी काफी मुखर दिखाई दिए और भारत के रुख को सामने रखते हुए कहा कि भारत चाहता है कि गैस व तेल को लेकर वह किसी एक देश पर निर्भर न रहे, बल्कि उसके पास विभिन्न स्रोत हों। ताकि भारत के लोगों को दिक्कत न हो। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्क रूबियो ने भी भारत के प्रति उठाए गए अमेरिकी कदमों का पूरी तरह बचाव किया। अमेरिकी विदेश मंत्री ने एक्स पर अमेरिकी राजदूत व अपनी टीम की जहां तारीफ की वहीं बताया कि उनकी टीम की मेहनत के चलते भारत अगले पांच साल में 48 हजार अरब रुपये का सामान खरीदने के लिए तैयार हो गया है। जाहिर है यह बड़ी ट्रेड डील है। हालांकि उन्होंने माना कि बड़ी ट्रेड डील में अभी कुछ अड़चनें हैं, लेकिन वह जल्द ही दूर कर ली जाएंगी। रूबियो ने अमेरिका में रह रहे भारतीय लोगों की भी प्रशंसा की। अब देखना यह है कि आगे संबंध कैसे चलते हैं।

## मीडिया : हमको आईना दिखाना है दिखा देते हैं





**तनवीर जाफरी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली देशों का दौरा किया। इस दौरान नॉर्वे की एक घटना ने एक बार फिर मीडिया उसके कर्तव्य व दायित्व को लेकर बहस छेड़ दी। दरअसल ओस्लो में जब मोदी, नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ जैसे ही मंच से जाने लगे उसी समय एक युवा महिला पत्रकार हेला लिंग ने मोदी को संबोधित करते हुए कुछ सवाल पूछे। हेला लिंग ने पूछा ष्प्रधानमंत्री मोदी, आप दुनिया की सबसे स्वतंत्र प्रेस से सवाल क्यों नहीं लेते? मोदी पत्रकार के सवाल का जवाब दिए बिना ही वहां से चले गए। इस घटना के फौरन बाद भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा उसी जगह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई जिसमें पत्रकार हेला लिंग को भी बुलाया गया। वहां भी हेला लिंग ने भारत के मानवाधिकार रिकॉर्ड और प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर कई तीखे सवाल पूछे, जिस पर भारतीय अधिकारियों ने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे और विकास का हवाला देते हुए अपना पक्ष रखने का प्रयास किया परन्तु नॉर्वे की इस घटना पर भारतीय गोदी मीडिया ने युवा साहसी महिला पत्रकार हेला लिंग को ही कटघरे में खड़ा कर दिया और उन्हें मीडिया के कर्तव्य व दायित्व बोध का पाठ पढ़ने लगा।

गोदी मीडिया ने महिला पत्रकार के इस तरीके को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की रणनीति करार दिया। वहीं भारत के ही स्वतंत्र, डिजिटल, वैकल्पिक, निष्पक्ष व सोशल मीडिया ने पत्रकार हेला की जमकर तारीफ की। इस वर्ग ने हेला लिंग के साहस की सराहना की और इसे सच्ची पत्रका. रिता का उदाहरण बताया तथा इस पूरी घटना को वैश्विक स्तर पर प्रेस की आजादी और लोकतंत्र में जवाबदेही से जोड़कर देखा। कुछ स्वतंत्र विचारकों और कई सोशल मीडिया पोर्टल्स ने तो इस अवसर का प्रयोग उन गोदी पत्रकारों पर तंज कसने के लिए किया जो सत्ता से सवाल पूछने के बजाए सत्ता की खुशामद में लगे रहते हैं। यही वजह है कि जो सवाल भारत के शीर्ष मुख्यधारा के पत्रकारों को पूछने चाहिए थे वही सवाल एक विदेशी पत्रकार को पूछने पड़ रहे हैं। दरअसल 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने अब तक एक भी नियमित संवाददाता सम्मेलन आयोजित नहीं किया है। अपने एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं बताया था कि वे पुरानी परिपाटी जहां नेता मीडिया के माध्यम से अपनी बात प्रसारित करते थे, के बजाय सीधे जनता के बीच जाकर काम करने और नई कार्य संस्कृति स्थापित करने पर विश्वास रखते हैं। मन की बात,सार्वजनिक रैलियां,चुनावी सभाएं, सम्पादकीय पृष्ठ के अपने आलेख, किसी कार्यक्रम स्थल पर आयोजित जन सभा आदि के माध्यम से जनता से इकतरफा संवाद करना प्रधानमंत्री का पसंदीदा तरीका है। जबकि भारत के लगभग सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की यह नियमित परंपरा रही थी कि वे विदेश दौरों से लौटने,विमान में या देश में समय-समय पर खुली प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया करते थे।

सच तो यह है कि मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहते मीडिया से जुड़े उनके कुछ ऐसे कटु अनुभव रहे हैं जिसके चलते वे अब पुन: साहसी पत्रकारों से रूबरू होकर पुन: अपनी वैसी फजीहत नहीं कराना चाहते। याद कीजिए अक्टूबर 2007 में जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय वरिष्ठ पत्रकार करण थापर ने सी एन एन-आई बी एन के प्रसिद्ध शो डेविल्स एडवोकेट के लिए अहमदाबाद में मोदी का इंटरव्यू लिया था। करण थापर ने मोदी से अपने पहले सवाल में ही 2002 के गुजरात दंगों को लेकर पूछा कि श्दंगों के पांच साल बाद भी उनकी छवि एक क्रूर शासक की बनी हुई है, इसे सुधारने के लिए उन्होंने क्या कियाश? जब मोदी ने कहा कि जनता उन्हें अच्छे से जानती है, तो थापर ने अगला सवाल किया कि आप यह क्यों नहीं कह देते कि आपको दंगों में मारे गए लोगों का दुख या पछतावा है? क्या सरकार को मुसलमानों की सुरक्षा के लिए और कदम नहीं उठाने चाहिए थे? इस सवाल पर मोदी पूरी तरह असहज हो गए। उन्होंने कहा कि जो मुझे कहना था, मैं उस समय कह चुका हूं। परन्तु जब थापर ने बार-बार उसी सवाल को दोहराया, तो मोदी ने इंटरव्यू आगे बढ़ाने से मना कर दिया। 3- 4 मिनट के भीतर ही मोदी ने पानी पीने का बहाना कर अपने कुर्ते पर लगा माइक निकाला और उसे टेबल पर रख दिया। फिर उन्होंने बहुत ही शालीनता से थापर से कहाकृष्दोस्ती बनी रहे। आप यहां आए, इसके लिए धन्यवाद।ष इसके बाद वे कैमरे के सामने से उठकर चले गए।

ऐसी ही दूसरी घटना वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान की है। उस समय वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिवेदी एन डी टी वी के लिए चक्रव्यूह नामक एक शो करते थे। उन्होंने मोदी का इंटरव्यू चुनावी रैली पर जाते समय हेलीकॉप्टर यात्रा के दौरान लिया। त्रिवेदी ने भी मोदी से पूछा कि क्या गुजरात दंगों के लिए भाजपा या उन्हें मोदी को माफी मांगनी चाहिए? मोदी ने इस पर कहा कि वे इस विषय पर कई इंटरव्यू में पहले ही बोल चुके हैं। लेकिन जब त्रिवेदी ने लगातार इस सवाल पर दबाव बनाया, तो मोदी का मूड बदल गया। बाद मोदी ने गुस्से में आकर सवालों के जवाब देना पूरी तरह बंद कर दिया और चुप हो गए। मोदी ने अपना ही हाथ आगे बढ़ाकर कैमरे के लेंस को बंद करवा दिया। इसके बाद का पूरा सफर दोनों ने बिना एक-दूसरे से बात किए और खिड़की से बाहर देखते हुए बिताया।

हेलीकॉप्टर के उतरते ही मोदी ने विजय त्रिवेदी से कहा विजय भाई, यह हमारी आखिरी मुलाकात है। इसके बाद मोदी अपनी जनसभा को संबोधित करने चले गए। जबकि विजय त्रिवेदी और उनकी टीम को हेलीकॉप्टर से नीचे उतार दिया गया। बाद में त्रिवेदी को संदेश मिला कि मोदी हेलीकॉप्टर लेकर वापस जा चुके हैं। त्रिवेदी और उनकी टीम को वापस लौटने के लिए वहां कोई गाड़ी नहीं मिली, जिसके बाद उन्हें एक ट्रैक्टर और फिर लोकल बस के द्वारा करीब 8 घंटे की यात्रा कर अपने गंतव्य तक वापस लौटना पड़ा था। यह घटनाएं इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए काफी हैं कि मोदी स्वतंत्र व निष्पक्ष मीडिया से संवाद क्यों नहीं करते। वे वास्तविक व निष्पक्ष पत्रकारों के इस सिद्धांत को बखूबी जानते हैं कि श्न स्याही के हैं दुश्मन न सफेदी के हैं दोस्त। हमको आईना दिखाना है दिखा देते हैं।

## श्रीमुख से...

### सड़कों पर सोने को मजबूर हैं लोग



उप्र के सभी 75 जिलों में बिजली कटौती से विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है, जनता तकलीफें झेलने को मजबूर है, देश के 50 सबसे गर्म शहरों में से 26 शहर उत्तर प्रदेश के हैं, लेकिन भीषण गर्मी के बीच लोगों को 24 घंटे में केवल सात-आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है, मेरठ से लेकर बलिया तक लोग बिजली संकट से परेशान हैं और कई जगहों पर लोग रात में घरों से निकलकर सड़कों पर सोने को मजबूर हैं, राजधानी लखनऊ तक में घंटों बिजली गुल रहने से अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, एक्स-रे और स्कैन जैसी सुविधाएं ठप पड़ गई हैं, कानपुर देहात के मेडिकल कॉलेज के छात्रों को देर रात तक बिजली नहीं मिलने के कारण धरने पर बैठना पड़ा।

**-सुप्रिया श्रीनेत, चेयरमैन, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की नई उड़ान



**मौ. फहीम तन्हा**

आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और जीवाश्म ईंधनों की सीमित उपलब्धता जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रही है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। महानगरों में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन हैं। ऐसे समय में इलेक्ट्रिक वाहन एक स्वच्छ, टिकाऊ और भविष्य उन्मुख विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। भारत सरकार भी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं और नीतियां लागू कर रही है। आने वाले वर्षों में ई।वी। केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बनने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों से दूरगामी सोच के तहत अपील की है।

इलेक्ट्रिक वाहन ऐसे वाहन होते हैं जो पेट्रोल या डीजल के बजाय बिजली से चार्ज होने वाली बैटरियों का उपयोग करते हैं। इनसे कार्बन उत्सर्जन कम होता है और पर्यावरण को अपेक्षाकृत कम नुकसान पहुंचता है। वर्तमान समय में दुनिया के कई विकसित देशों ने इलेक्ट्रिकल व्हीकल को अपनाने की दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया है। भारत में भी इलेक्ट्रिक दोपहिया, कार, बस और ऑटो रिक्शा की संख्या लगातार बढ़ रही है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार है। ऐसे में यदि देश बड़े स्तर पर इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाता है, तो इससे प्रदूषण में भारी कमी लाई जा सकती है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और देहरादून जैसे शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण ने सरकार को वैकल्पिक परिवहन साधनों की ओर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया है। ई।वी। से ध्वनि प्रदूषण भी नहीं होता है, क्योंकि इनके इंजन अपेक्षाकृत शांत होते हैं। भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। कई राज्य सरकारें रोड टैक्स में छूट, रजिस्ट्रेशन शुल्क में राहत और चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन दे रही हैं। सरकार का उद्देश्य है कि आने वाले वर्षों में सार्वजनिक परिवहन और निजी वाहनों में म्ट की हिस्सेदारी तेजी से बढ़े।



हालांकि ईवी के क्षेत्र में भारत को अभी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। ग्रामीण और छोटे शहरों में चार्जिंग स्टेशन अभी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा ईवी की शुरुआती कीमत पारंपरिक वाहनों की तुलना में अधिक होती है, जिससे मध्यम वर्ग के लोगों के लिए इन्हें खरीदना कठिन हो जाता है। बैटरी निर्माण के लिए आवश्यक लिथियम और अन्य खनिजों के आयात पर निर्भरता भी एक बड़ी चुनौती है। फिर भी भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कई भारतीय और विदेशी कंपनियां इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण में निवेश कर रही हैं। टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और ओला इलेक्ट्रिक जैसी कंपनियां नए इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में ला रही हैं। साथ ही बैटरी तकनीक में सुधार और फास्ट चार्जिंग तकनीक के विकास से ई।वी। पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक बनते जा रहे हैं।

भविष्य की दृष्टि से देखा जाए तो इलेक्ट्रिक वाहन भारत की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। इससे पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता कम होगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

यदि सरकार, उद्योग और आम नागरिक मिलकर इस दिशा में प्रयास करें, तो भारत आने वाले समय में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का वैश्विक केंद्र बन सकता है। अंतत: कहा जा सकता है कि इलेक्ट्रिक वाहन केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत ने इस दिशा में सकारात्मक शुरुआत की है, लेकिन सफलता के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, जन जागरूकता और निरंतर नीति समर्थन आवश्यक होगा। इलेक्ट्रिकल व्हीकल का भविष्य उज्ज्वल है और यह भविष्य धीरे-धीरे वर्तमान बनता जा रहा है।

## जारी भीषण गर्मी में पारम्परिक उपाय ही प्रभावी



**विनीत नारायण**

पिछले कुछ समय से, मौसम वैज्ञानिकों के हवाले से, ए खबर आ रही है कि इस साल भीषण गर्मी पड़ने वाली है। इस खबर से सबसे ज्यादा चिंता कृषि वैज्ञानिकों और किसानों को है। ऐसी भविष्यवाणियां की जा रही हैं कि इस साल भी गर्मी विकराल रूप ले लेगी। जिससे सूखे जैसे हालत पैदा हो सकते हैं। खघ्रीब की फसल पर तो इसका बुरा असर पड़ेगा ही पर रवि की उपज पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अमरीका और ईरान युद्ध के चलते पहले ही ऊर्जा संसाधनों पर महंगाई का असर दिखने लगा है और यदि गर्मी ने भी अपना असर दिखाया तो हालत बेकाबू हो सकते हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बढ़ती गर्मी के कारण गेहूं का उत्पादन काफी कम रहेगा। इसके साथ ही फल और सब्जियों के उत्पादन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। नतीजतन खाद्य पदार्थों के दामों में काफी बढ़ौतरी कि संभावना है। कितना असर होगा ए आने वाले समय पर ही पता चल पाएगा दरअसल गर्मी बढ़ने का एक प्रमुख कारण सर्दियों में होने वाली बारिश का लगातार कम होते जाना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दिसंबर, जनवरी और फरवरी में औसत तापमान से एक या दो डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया है। इतना सा तापमान बढ़ने से बारिश की मात्रा घट गई है।

यह तो रही कृषि उत्पादनों की बात, लेकिन अगर शहरी जीवन को देखें तो ए समस्या और भी बड़ा विकराल रूप धारण करने जा रही है। हमारा अनुभव है कि गर्मियों में जब ताल-तलैए सूख जाते हैं और नदियों में भी जल की आवक घट जाती है तो सिंचाई के अलावा सामान्य जन-जीवन में भी पानी का संकट गहरा जाता है। नगर पालिकाएं आवश्यकता के अनुरूप जल की आपूर्ति नहीं कर पाती। इसलिए निर्बल वर्ग की बस्तियों में अक्सर सार्वजनिक नलों पर संग्राम छिड़ते हुए देखे जाते हैं। नलों में पानी बहुत कम देर के लिए आता है। मध्यम वर्गीय परिवारों को भी अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप पानी एकत्र करने के लिए काफी मशक्कघ्त करनी पड़ती है। राजनेताओं, अधिकारियों और संपन्न लोगों को इन विपरीत परिस्थितियों में भी जल संकट का सामना नहीं करना पड़ता। क्योंकि ए लोग आवश्यकता से कई गुना ज्यादा जल जमा कर लेते हैं। असली मार तो आम लोगों पर पड़ती है।

भीषण गर्मी पड़ने के साथ लोग कूलर या एयर कंडीशनर की तरफ भागते हैं। इससे जल और विद्युत दोनों का संकट बड़ जाता है। हाइड्रो पावर प्लांट में जल आपूर्ति की मात्रा घटने से विद्युत उत्पादन गिरने लगता है। जैसे-जैसे समाज पारंपरिक तरीकघें को छोड़ कर बिजली से चलने वाले उपकरणों की तरफ बढ़ रहा है वैसे-वैसे वातावरण और भी गर्म होता जा रहा है। एयर कंडीशनरों से निकलने वाली गर्म हवा भी वातावरण को प्रदूषित करने और गर्मी बढ़ाने का काम कर रही है। 1974-76 के बीच मैं एक स्वयंसेवक के रूप में मुरादाबाद के निकट अमरपुरकाशी गांव में समाज सेवा की भावना से काफी समय तक रहा।

इस दौरान हर मौसम में गांव के जीवन को जिया। मुझे याद है कि मई जून की तपती गर्मी और लू के बावजूद हम सब स्वयंसेवक दोपहर में खुले दालान पर नीम के पेड़ की छाया में सोया करते थे। तब वो छाया ही काफी ठण्डी लगती थी। गर्म लू जब पसीना सुखाती थी तो शरीर में ठंडक महसूस होती थी। इसी तरह रात में छत पर पानी छिड़क कर सब सो जाते थे। रात के ग्यारह-बारह बजे तक तो गर्म हवा चलती थी, फिर धरती की तपिश खत्म होने के बाद ठण्डी हवा चलने लगती थी। सूर्योदय के समय की बयार तो इतनी स्फूर्तिदायक होती थी कि पूरा शरीर नई ऊर्जा से संचा. लित होता था। वहां न तो फ्जि का ठण्डा पानी था, न कोई और इंतजाम। लेकिन हैंडपम्प का पानी या मिट्टी के घड़े का पानी शीतलता के साथ सौंधापन लिए शरीर के लिए भी गुणकारी होता था। जबकि आज आरओ के पानी ने हम सबको बीमार बना दिया है। क्योंकि आरओ की मशीन जल के सभी प्राकृतिक गुणों को नष्ट कर देती है। कुएं से एक डोल पानी खींच कर सिर पर उड़ेलते ही सारे बदन में फुरफुरी आ जाती थी। जिस से दिन भर के श्रमदान की सारी थकावट क्षणों में काफूर हो जाती थी।

आजकल हर व्यक्ति, चाहे उसकी हैसियत हो या न हो शरीर को कृत्रिम तरीकघ्े से ठण्डा रखने के उपकरणों को खघ्रीदने की चाहत रखता है। हम सब इसके शिकार बन चुके हैं और इसका खघमियाजा मौसम के बदले मिजास और बढ़ती गर्मी को झेल कर भुगत रहे हैं। इस आधुनिक दिनचर्या का बहुत बुरा प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ रहा है। हर शहर में लगातार बढ़ते अस्पताल और दवा की दुकानें इस बात का प्रमाण हैं कि सुजलाम् सुफलाम मलयजशीतलाम शस्यश्यामलाम वाले देश के हम सब नागरिक बीमा. रियों से घिरते जा रहे हैं। न तो हमें अपने भविष्य की चिंता है, न ही सरकारों को। समस्याएं दिन प्रतिदिन सुलझने के बजाए उलझती जा रही हैं। दूसरी तरफ हर पर्यावरणविद् मानता है कि पारंपरिक जलाशयों को सुधार कर उनकी जल संचय क्षमता को बढ़ा कर और सघन वृक्षावली तैयार करके मौसम के मिजाज को कुछ हद तक बदला भी जा सकता है। प्रधान मंत्री मोदी का जल शक्ति अभियान और बरसों से चले आ रहे वृक्षारा. `पण के सरकारी अभियान अगर ईमानदारी से चलाए जाते तो देश के पर्यावरण की हालत आज इतनी दयनीय न होती। सभी जानते हैं कि सरकार द्वारा जहां एक ओर तो वृक्षारोपण व तालाब खोदने को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं जमीनी स्तर पर कथनी और करनी में काफी अंतर है।

मिसाल के तौर पर जालौन क्षेत्र में 400 छोटे बांध बनाए गए थे। इनमें से आधे से ज्यादा तबाह हो चुके हैं। ललितपुर जिले में जल संरक्षण के लिए तीन करोड़ रूपए से चल रहा काम निरर्थक हो चुका है। इसी इलाके में बादहा और रसिन बांध के नाम पर करोड़ों रूपए खर्च हुए, लेकिन इनका भी नतीजा शून्य ही रहा। इसलिए यदि हम पारंपरिक तरीकों पर ध्यान नहीं देंगे तो ऐसे संकट आते रहेंगे।



पाकिस्तान। क्वेटा में बम विस्फोट स्थल पर रेलवे ट्रैक पर पलटी हुई ट्रेन के डिब्बे से घायल व्यक्ति को बाहर निकालते पुलिस अधिकारी और स्वयंसेवक।

## खालिस्तानी गतिविधियों ने सिख समुदाय की छवि को पहुंचाया नुकसान

**ओटावा।** खालिस्तानी गतिविधियों ने पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर में सिख समुदाय की अच्छी छवि को काफी नुकसान पहुंचाया है। एक नई रिपोर्ट में बताया गया कि, विदेशों में होने वाले हिंसक प्रदर्शनों, भारत विरोधी नारों और धार्मिक स्थलों के बाहर उग्र विरोध ने पूरी दुनिया में विवाद पैदा किया है। कट्टरपंथी तत्वों ने अलगाववादी अभियानों के जरिए माहौल खराब किया है। खालसा वाक्सश की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल के वर्षों में कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं। इन देशों में खालिस्तान समर्थक समूह लोकतांत्रिक आजादी का बहाना बनाकर कट्टरपंथ और उग्रवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

## जापान में बच्चों के साझा संरक्षण का अधिकारों से बदलाव की उम्मीद

**टोक्यो।** दशकों से जापान में तलाक का मतलब अक्सर यह होता था कि बच्चा अपने माता-पिता में से किसी एक का सानिध्य प्राप्त करने से पूरी तरह वंचित रह जाता था। ऐसे मामलों में, अक्सर बच्चों का संरक्षण उस माता या पिता को मिलता था जो अपने बच्चों के साथ सबसे पहले घर का त्याग कर देते थे। यह जानकारी बीबीसी से प्राप्त हुई। जापान में पुरानी एकल संरक्षण प्रणाली के अंतर्गत, अलगाव के बाद केवल एक ही अभिभावक के पास कानूनी अधिकार होता था। इसका मतलब यह था कि बच्चों के साथ उनके रिश्ते चाहे जैसे भी हों लेकिन दूसरे अभिभावक को बच्चे के जीवन से अलग होने के लिए मजबूर किया जा सकता था जब तक कि संरक्षण प्राप्त करने वाला अभिभावक उन्हें बच्चे से मिलने की अनुमति न दे दे।

# अमेरिकी वीजा नीति केवल भारत नहीं, दुनियाभर के लिए

## पाक से अमेरिका के संबंधों को भारत की कीमत पर नहीं देखा जाना चाहिए: मार्को रुबियो

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ट्रम्प सरकार की नई वीजा नीति का बचाव करते हुए कहा है कि अमेरिका में आव्रजन नीति सुधार और आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है और यह केवल भारतीयों के लिए नहीं बल्कि दुनिया भर के लिए है।

इसे केवल भारत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। पाकिस्तान सरकार और वहां की सेना के साथ अमेरिकी संबंधों पर उन्होंने साफ कहा कि इन्हें भारत के साथ संबंधों की कीमत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी के सवाल को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि हर देश में कुछ वाहियात लोग होते हैं। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर के साथ रविवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संवाददाता

**■ अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्णी के सवाल को गंभीरता से लेते हुए रुबियों ने कहा: हर देश में कुछ वाहियात लोग होते हैं**



सम्मेलन में अमेरिका में वीजा प्रणाली में बदलावों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री रुबियो ने कहा कि अमेरिका में आव्रजन प्रणाली में सुधार या आधुनिकीकरण किया जा रहा है और इसे केवल भारत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दो करोड़ से अधिक लोग अमेरिका में अवैध रूप से घुस चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़ी चुनौती है और हमें इससे निपटना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हमेशा से दूसरे देशों के लोगों का स्वागत किया है लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए इस प्रक्रिया में सुधार की जरूरत है और यही किया जा रहा है। इस सुधार प्रक्रिया में हम यह तय करने में जुटे हैं कि कितने लोग हमारे देश में आएंगे, कौन आएगा, कब आएगा आदि। विदेश मंत्री ने कहा कि इस तरह के सुधारों का विरोध अक्सर होता है, लेकिन यह व्यवस्था केवल भारत को निशाना बनाकर नहीं बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य एक बेहतर प्रणाली, अधिक प्रभावी प्रणाली और ऐसी व्यवस्था होगी, जो पहले की तुलना में अधिक अच्छी तरह काम करेगी और अधिक टिकाऊ भी होगी। उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इसके साथ साथ भारतीय कंपनियों द्वारा भी अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता है कि यह निवेश और बढ़े। अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी किए जाने के मामलों से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है और मेरा मानना है कि ये टिप्पणी ऑनलाइन या किसी भी जगह पर की गई ये कुछ वाहियात लोगों द्वारा की गई हैं और इस तरह के लोग हर जगह रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिनेत्री सान्या ठाकुर बनीं राधा रानी

**कान्स।** कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 के ग्लैमरस माहौल के बीच बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या ठाकुर ने अपने बेहद खास और आध्यात्मिक अंदाज से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सुपर 30 और स्पाई जैसी फिल्मों में अपनी अभिनय प्रतिभा दिखा चुकी सान्या ठाकुर ने इस बार प्रतिष्ठित इंटरनेशनल रेड कार्पेट पर राधा रानी का दिव्य स्वरूप धारण कर सनातन संस्कृति का वैश्विक प्रतिनिधित्व किया।

### अमेरिका-कैलिफोर्निया में डिज्नीलैंड के पास केमिकल टैंक लीक

कैलिफोर्निया। अमेरिका के कैलिफोर्निया में केमिकल टैंक लीक हो गया। डिज्नीलैंड थीम पार्क से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित एयरोस्पेस फैक्ट्री में रखा केमिकल टैंक शुक्रवार को ओवरहीट हो गया। इसके बाद आसपास के करीब 40 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। कई स्कूल बंद कर दिए गए हैं और राहत शिविर खोले गए हैं, जो कि अब भर चुके हैं। कैलिफोर्निया के आरेंज काउंटी स्थित गार्डन ग्रोव शहर की है। यहां जीकेएन एयरोस्पेस नाम की कंपनी में मिथाइल मेथाक्रिलेट नाम का रसायन रखने वाला प्रेशराइज्ड टैंक गर्म हो गया और उससे जहरीली गैस निकलने लगी।

### ट्रम्प ने नए ट्रुथ सोशल पोस्ट से चौंकाया

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने नए सोशल मीडिया पोस्ट से सबको चौंका दिया है। ट्रुथ सोशल पर साझा इस पोस्ट में ट्रम्प ने स्पैनिश मूल के शब्द-एडियोस का इस्तेमाल किया है। एडियोस शब्द का शाब्दिक अर्थ 'अलविदा' है। शब्दकोष के अर्थ के मुताबिक अंग्रेजी भाषा में कपवे को कभी-कभी अनौपचारिक और सहज तरीके से अलविदा कहने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, स्पैनिश में इस शब्द का इस्तेमाल विदाई के भाव या कम समय या अस्थायी विदाई से जुड़ी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए किया जाता है।

# ईरान का अमेरिका को यूरेनियम सौंपने से इन्कार

## कहा: मौजूदा शुरुआती समझौते में परमाणु मुद्दा शामिल ही नहीं

**तेहरान।** ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपना हाईली एनरिच्ड यूरेनियम भंडार अमेरिका को नहीं सौंपेगा। रायटर्स के मुताबिक, एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा है कि मौजूदा शुरुआती समझौते में परमाणु मुद्दा शामिल ही नहीं है। सूत्र के मुताबिक, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम भंडार पर बातचीत बाद में अंतिम समझौते के दौरान होगी। फिलहाल ऐसा कोई फैसला नहीं हुआ है कि यूरेनियम देश से बाहर भेजा जाएगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कल कहा था कि अमेरिका ईरान को हाईली एनरिच्ड यूरेनियम रखने नहीं देगा।

उन्होंने कहा था कि हम उसे हासिल करेंगे, इसे ईरान को नहीं रखने देंगे। हाल के दिनों में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ईरान अपना यूरेनियम भंडार छोड़ने को तैयार हो गया है। हालांकि अब ईरानी पक्ष ने इन खबरों को खारिज कर दिया है। ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने आसिम मुनीर से मुलाकात में कहा कि अमेरिका ईमानदारी नहीं दिखा रहा, ईरान अपने अधिकारों पर समझौता नहीं करेगा। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प सरकार ने ईरान वार्ता में इजरायल की भूमिका सीमित कर दी, जिससे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बड़ा राजनीतिक झटका लगा। एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने रायटर्स से कहा है कि तेहरान ने अपने एनरिच्ड यूरेनियम को सौंपने पर सहमति नहीं दी है। अधिकारी के मुताबिक ईरान का परमाणु कार्यक्रम अभी अमेरिका के साथ शुरुआती समझौते का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि परमाणु मुद्दे पर अंतिम समझौते के लिए आगे बातचीत होगी, इसलिए यह मौजूदा डील में शामिल नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब न्यूयार्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दावा किया था कि ईरान यूरेनियम छोड़ने पर सहमत हो गया है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया था कि इसे कैसे और किस प्रक्रिया के तहत हटाया जाएगा, इसका फैसला बाद की बातचीत में किया जाएगा। वहीं एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक मसौदा समझौते में ईरान ने परमाणु हथियार नहीं बनाने का वादा किया है। साथ ही यूरेनियम प्रोग्राम को रोकने और एनरिच्ड यूरेनियम को हटाने पर बातचीत करने की बात भी शामिल है। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच तैयार हो रहे समझौते के मसौदे में कहा गया है कि यूएस और इजरायल ईरान या उसके समर्थक समूहों पर हमला नहीं करेंगे। इसके बदले ईरान भी यूएसऔर इजरायल पर पहले हमला नहीं करने का वादा करेगा। वहीं एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक इस समझौते में यह भी साफ किया गया है कि इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच चल रहा संघर्ष खत्म किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर हिजबुल्लाह फिर से हमला करता है या हमले की शुरुआत करता है, तो इजरायल को जवाबी कार्रवाई करने की अनुमति होगी।



**■ ट्रम्प सरकार ने ईरान वार्ता में इजरायल की भूमिका सीमित कर दी, जिससे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बड़ा राजनीतिक झटका लगा**

### ईरान ने अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर कोई वादा नहीं किया: ईरानी मीडिया

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ युद्धविराम समझौते में अपने परमाणु कार्यक्रम या संवर्धित यूरेनियम सौंपने को लेकर किसी भी नए वादे से साफ इनकार किया है। ईरानी मीडिया ने अमेरिकी दावों को खारिज करते हुए कहा है कि परमाणु मुद्दा वर्तमान शांति वार्ता का हिस्सा नहीं है। ईरान की न्यूज एजेंसी तस्नीम अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते की विस्तृत रिपोर्ट पेश कर रही है। इसका कहना है कि ईरान ने प्रस्ताव मसौदे में अपनी परमाणु सामग्री सौंपने का कोई वादा नहीं किया है, भले ही पश्चिमी मीडिया इसके उलट दावा कर रही हों। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़ी न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट है कि परमाणु मुद्दे पर बातचीत 'युद्ध के संभावित अंत के बाद' तक के लिए टाल दी गई है। इसका कहना है कि मौजूदा मसौदा सिर्फ युद्ध खत्म करने के मुद्दे तक ही सीमित है और इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी कोई बात शामिल नहीं हैं।

# स्टारमर ने अमेरिका-ईरान की बातचीत का किया स्वागत

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अमेरिका और ईरान के बीच हुई सार्थक बातचीत का स्वागत करते हुए यह चेतावनी भी दी है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दिया जाना भी काफी अहम है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत में प्रगति हुई है और उन्हें उम्मीद है कि इस मामले का कूटनीतिक रूप से जल्द समाधान हो जाएगा।

**■ हॉर्मुज फिर से खोलने के लिए समझौते का किया आह्वान**

स्टारमर ने एक्स पर कहा कि हमें एक ऐसे समझौते की जरूरत है, जो इस संघर्ष को समाप्त करे और बिना किसी शर्त तथा बिना किसी प्रतिबंध के जहाजों की आवाजाही के साथ हॉर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोले। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिटिश सरकार युद्ध के प्रभाव से अपने नागरिकों की रक्षा के लिए वह सब कुछ करेगी, जो हम कर सकते हैं।

# 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में बिग बॉस 17 फेम सोनिया बंसल का शानदार डेब्यू

**कान्स।** बिग बॉस 17 से लोकप्रियता हासिल करने वाली अभिनेत्री सोनिया बंसल ने 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करते हुए रेड कार्पेट पर एक खास और सांस्कृतिक रूप से प्रेरित अंदाज में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। अपनी आगामी पर्यावरण आधारित फिल्म द लास्ट ब्रेथ का प्रतिनिधित्व करते हुए सोनिया ने इस प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक सौंदर्य को बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया। उनका यह लुक सिर्फ फैशन स्टेटमेंट नहीं बल्कि भारतीय परंपरा और भावनाओं का प्रतीक भी नजर आया। अपने डेब्यू लुक के लिए अभिनेत्री ने मशहूर डिजाइनर डॉली जे द्वारा तैयार किया गया खास आउटफिट पहना। पेस्टल पिंक रंग के इस लहंगा-साड़ी फ्यूजन आउटफिट पर सफेद फूलों की बारीक कढ़ाई और गोल्ड डिटेलिंग की गई थी। सिर पर बेहद खूबसूरती से ओढ़ा गया शीयर दुपट्टा उनके पूरे लुक को राधा रानी की दिव्य छवि से प्रेरित बनाता दिखा।

# ईरान से संभावित समझौते पर लेबनान-ईरान में अस्थिरता का खतरा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने रविवार को ईरान के साथ संभावित समझौते को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ कोई भी ऐसा समझौता, जो उसे समय के साथ मजबूत होने की अनुमति देता है तो इसका असर लेबनान और इराक में अस्थिरता बढ़ाने के रूप में सामने आ सकता है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह समझौता होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तनाव को और गंभीर बना सकता है। ग्राहम ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि अगर पश्चिम एशिया के इलाके में यह संदेश जाता है कि समझौते से ईरान को लंबे समय तक ताकत हासिल होगी, तो इससे लेबनान में हिज्बुल्ला और इराक में शिया उग्रवादी समूहों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसा समझौता क्षेत्रीय संघर्षों को और भड़का सकता है। अमेरिकी सांसद ने यह भी कहा कि अगर किसी समझौते का आधार यह धारणा बनती है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को ईरानी खतरे से सुरक्षित नहीं रखा जा सकता और ईरान खाड़ी क्षेत्र के तेल ढांचे को नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है, तो इससे तेहरान को क्षेत्र में प्रभावशाली शक्ति के रूप में देखा जाएगा। ग्राहम के मुताबिक, अगर ईरान को लंबे समय तक जलडमरूमध्य में दबाव बनाने और खाड़ी देशों के तेल प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाने में सक्षम माना जाता है, तो इससे पश्चिम एशिया में शक्ति संतुलन बदल सकता है।

**■ होर्मुज में भी बढ़ेगा तनाव: अमेरिकी सांसद सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने दी चेतावनी**

# व्हाइट हाउस में गोलीबारी, जवाबी कार्रवाई में हमलावर की मौत

## गोलीबारी के दौरान एक राहगीर भी गोली लगने से घायल हो गया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस के निकट रविवार को एक सुरक्षा जांच चौकी की ओर बढ़कर गोलीबारी करने वाले एक व्यक्ति को सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना में एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता के अनुसार शनिवार शाम करीब छह बजे एक व्यक्ति व्हाइट हाउस परिसर के बाहर स्थित सुरक्षा जांच चौकी के पास पहुंचा और अधिकारियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाकर्मियों ने भी गोली चलाई, जिसमें संदिग्ध घायल हो गया। बाद में अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि गोलीबारी के दौरान एक राहगीर भी गोली लगने से घायल हो गया। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसे संदिग्ध की गोली लगी या जवाबी गोलीबारी के दौरान वह घायल हुआ। घटना में सीक्रेट सर्विस का कोई भी अधिकारी घायल नहीं हुआ। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प उस समय व्हाइट हाउस में मौजूद थे और सुरक्षित रहे। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति को घटना की जानकारी दे दी गई है। कानून विभाग के अधिकारियों के अनुसार घायल राहगीर की हालत गंभीर बनी हुई है।



**■ यह घटना भविष्य के राष्ट्रपतियों के लिए वॉशिंगटन में और अधिक सुरक्षित एवं संरक्षित परिसर की आवश्यकता को दर्शाती है: ट्रम्प**



श्रद्धांजलि/तीजा

सदुःख सूच्य है, कि देवाधिदेव भगवान शिव ने हमारी परम पूज्या माताजी श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री रामसरन लाल शर्मा को 23 मई 2026 को इस लोक से मुक्त कर स्वलोक में स्थान प्रदान किया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम/तीजा 25 मई 2026 (सोमवार) को अपराह्न 2 बजे होगा।
स्थान- श्री सनातन धर्म मंदिर (पंजाबी मंदिर) कोट पूर्वी, संभल।

स्व. श्रीमती कमला देवी शर्मा

शोकाकुल परिवार
अजय कुमार शर्मा-सुमन शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
रितिक शर्मा-निधि शर्मा (पौत्र-पौत्रवधु)
आदित्य (पौत्र)
श्रीमती मिथलेस शर्मा (पुत्री)
श्रीमती सर्वेश शर्मा-जगदीश सरन शर्मा (पुत्री-दामाद)
श्रीमती प्रवेश शर्मा-मक्खन लाल शर्मा (पुत्री-दामाद)
एवं समस्त शर्मा परिवार
निवास :- दुर्गा कालोनी, संभल, 9758198810
प्रतिष्ठान : शर्मा मेडिकोज, तिरंगा मार्केट, संभल, ज्ञान दीप मंदिर, दुर्गा कालोनी, संभल

# रूस का यूक्रेन पर ओरेश्निक मिसाइल से हमला

## चार मरे, मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम, जेलेंस्की बोले: रूसी पाग हो चुके हैं

**कीव।** रूस ने रविवार को यूक्रेन पर कई मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया जिसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और कई दर्जन लोग घायल हैं। हमलों का निशाना यूक्रेन की राजधानी कीव के आसपास के इलाके थे। रूस ने कहा कि यह हमला यूक्रेनी हमलों के जवाब में किया गया।

रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक हमलेमें ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल का भी इस्तेमाल हुआ। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस पर जानबूझकर नागरिक इलाकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि रूसी हमलों में पानी सप्लाई करने वाली एक फैसिलिटी को नुकसान पहुंचा, एक बाजार जल गया और कई घरों व स्कूलों पर हमला हुआ। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के तरफ से दागी ओरेश्निक मिसाइल बिला त्सेरक्वा शहर के पास गिरी। उन्होंने कहा कि वे सचमुच पागल हो चुके हैं। जरूरी है कि रूस को इसकी सजा मिले। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने कहा कि मिसाइल में डमी वारहेड लगाया गया था। अमेरिका ओरेश्निक को मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल मानता है। यह मिसाइल पारंपरिक या परमाणु वारहेड ले जाने में सक्षम है। इसकी रफ्तार और उड़ान का तरीका ऐसा है कि यूक्रेन के मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम के लिए इसे रोकना लगभग नामुमकिन माना जाता है। रूस ने अब तक सिर्फ तीसरी बार इस मिसाइल का इस्तेमाल किया है। रूस ने ओरेशनिक मिसाइल का पहली बार इस्तेमाल 21 नवम्बर 2024 को किया था। उस समय इस मिसाइल से यूक्रेन के द्नीप्रो शहर में स्थित पिवदेनमाश एयरोस्पेस प्लांट पर हमला किया गया था। उस वक्त शुरुआत में यूक्रेन को लगा था कि रूस ने इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल दागी है, लेकिन बाद में पता चला कि वह ओरेशनिक मिसाइल थी।



**■ यह हमला यूक्रेनी हमलों के जवाब में किया गया: रूस**

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॅान कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004